


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 5 | अंक : 192 | सोमवार, 24 अगस्त 2026 | श्रावण माह, शुक्ल, द्वादशी, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 5 रुपया




## ऑपरेशन सिंदूर में तबाह जैश का ठिकाना फिर सक्रिय

### आतंक के पनाहगार पाक सरकार ने मरम्मत के लिए दिए करोड़ों

**न्यूज एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) का वह ठिकाना, जिसे भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान निशाना बनाया था, करीब 15 महीने बाद दोबारा तैयार कर लिया गया है। एक समाचार चैनल की रिपोर्ट में साइट से सामने आई तस्वीरों और वीडियो के आधार पर यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, ठिकाने पर नई मार्बल, ताजा प्लास्टर और पेंट का काम कराया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में स्थित जैश के इस मुख्यालय को अब इस तरह से दोबारा तैयार किया गया है कि ऑपरेशन सिंदूर से हुए नुकसान के निशान काफी हद तक छिप गए हैं।

भारत ने 7 मई 2025 को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्रों में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। यह कार्रवाई जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद की गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय भी भारतीय वायुसेना के हमले की चपेट में आया था। ऑपरेशन सिंदूर में आतंकी ठिकाने के कई हिस्सों को



नुकसान पहुंचा था। ताजा तस्वीरों में मुख्य परिसर की मरम्मत पूरी होती दिखाई दे रही है। क्षतिग्रस्त इमारतों से मलबा हटा दिया गया है और कई हिस्सों में नया निर्माण भी किया गया है।

रिपोर्ट में खुफिया सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि ठिकाने के पुनर्निर्माण के लिए करीब 25 करोड़ पाकिस्तानी रुपये नकद किस्तों में दिए गए। इसमें से लगभग 11 करोड़ रुपये अकेले मुख्य हॉल के पुनर्निर्माण पर खर्च किए जाने की बात कही गई है। हमले के दौरान मुख्य हॉल में बने गड्ढों को भरने और क्षतिग्रस्त गुंबदों को दोबारा बनाने का काम किया गया। आसपास की कुछ क्षतिग्रस्त इमारतों को भी हटा दिया गया और उनकी जगह नया निर्माण किए जाने का दावा है। इन इमारतों में मदरसा अल-सबीर और जैश के कमांडरों के रहने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले आवास भी शामिल बताए गए हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल 2026 में सामने आई तस्वीरों में परिसर में भारी मशीनें और निर्माण से जुड़े वाहन दिखाई दिए थे। उस समय क्षतिग्रस्त गुंबदों की मरम्मत का काम चल रहा था। मई में सामने आई हाई-रिजॉल्यूशन तस्वीरों में गुंबदों का रंग गहरा दिखाई दिया था। इसे ताजा सीमेंट और निर्माण कार्य से जोड़कर देखा गया था। अब ताजा तस्वीरों में परिसर काफी हद तक नया और व्यवस्थित नजर आ रहा है।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि बहावलपुर में मौजूद यह ठिकाना आतंकियों की विचारधारा से जुड़ी ट्रेनिंग और भर्ती गतिविधियों का केंद्र रहा है। यहां हथियार चलाने की ट्रेनिंग, शारीरिक अभ्यास और धार्मिक शिक्षा जैसी गतिविधियां होने की बात कही गई है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जैश-ए-मोहम्मद समेत कुछ आतंकी संगठनों ने कथित तौर पर अपने ठिकाने पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा (केपीके) क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिए थे।

### जहाज निर्माण में भारत की बड़ी छलांग की तैयारी

## बंगाल में पांच परियोजनाओं का शिलान्यास

**एजेंसी न्यूज**

**कोलकाता।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि भारत वैश्विक जहाज निर्माण केंद्र बनने में सक्षम है। उन्होंने कोलकाता से गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) और यंत्र इंडिया लिमिटेड की पांच विस्तार परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इस मौके पर पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी भी मौजूद रहे।

राजनाथ सिंह ने कहा कि पश्चिम बंगाल में करीब 3,500 करोड़ रुपये की लागत वाली पांच परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई है। उन्होंने कहा, "भारत वैश्विक जहाज निर्माण केंद्र बनने में सक्षम है। वैश्विक जहाज निर्माण उद्योग में एक खाली जगह बन रही है और भारत इस अवसर का लाभ उठा सकता है।" इन परियोजनाओं में जीआरएसई की तीन और यंत्र इंडिया की दो परियोजनाएं शामिल हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार विकास के नए पुनर्जागरण की शुरूआत के लिए कदम उठाएगी। उन्होंने कहा, "पश्चिम बंगाल में कारखानों के बंद होने और तालाबंदी की खबरों की जगह अब नई परियोजनाओं



की शुरूआत की खबरों ने ले ली है।"

राजनाथ सिंह ने कहा, "हमारी सोच अब यह नहीं होनी चाहिए कि भारत को दुनिया से क्या खरीदना है। इसके बजाय हमें इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि हम दुनिया को क्या दे सकते हैं। आप दो मौकों पर पहले ही जहाजों का निर्यात कर चुके हैं और कई मित्र देश अपनी नौसेना की जहाजों से जुड़ी जरूरतों के लिए भारत की ओर देख रहे हैं। हमें अपने सामने आए इस अवसर को गंवाना नहीं चाहिए।"

उन्होंने कहा, "हमारा लक्ष्य ऐसी गुणवत्ता हासिल करना होना चाहिए, जिस पर दुनिया भरोसा करे। ऐसी गुणवत्ता जो विश्वास पैदा करे, ऐसी कीमत जो दुनिया को हमें चुनने के लिए प्रेरित करे और ऐसे आपूर्ति मानक हों, जो ग्राहकों को दोबारा ऑर्डर देने के लिए प्रोत्साहित करें।"

जीआरएसई के एक अधिकारी ने बताया कि क्षमता विस्तार के तहत कंपनी ने हुगली नदी के दोनों किनारों पर दो छोटे शिपयार्ड के लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता (एसएमपीके) के साथ लीज समझौते किए हैं। इसके अलावा रायचक में नदी किनारे 32 एकड़ जमीन भी ली गई है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से युद्धपोतों के निर्माण और उनकी मरम्मत की क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

देश दुनिया

### सरकार ने वादा निभाया या नहीं: सोमवार को समीक्षा करेगी सीजेपी

**न्यूज एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कॉकरेच जनता पार्टी सोमवार को अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक करेगी। बैठक में केंद्र सरकार की ओर से दिए गए आश्वासनों की समीक्षा होगी। सीजेपी का कहना है कि 25 जुलाई को आंदोलन वापस लेने के बाद से अब तक सरकार ने उससे औपचारिक रूप से संपर्क नहीं किया है। यह भी नहीं बताया गया है कि छात्रों और प्रदर्शनकारियों से जुड़े वादों को पूरा करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं।

सीजेपी ने साफ-साफ कहा है कि सोमवार की बैठक में आगे के हर विकल्प पर चर्चा होगी। जरूरत पड़ी तो फिर से देशभर में शांतिपूर्ण आंदोलन शुरू करने पर भी फैसला लिया जा सकता है। पार्टी का कहना है कि उसने सरकार के भरोसे पर अपना आंदोलन खत्म किया था। इसलिए उसके इस भरोसे को कमजोरी समझना गलत होगा।

### ऑपरेशन ब्लैक हॉक: नारकोटिक्स ने पकड़ी 18.6 किलो कच्ची हेरोइन

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) ने ऑपरेशन ब्लैक हॉक के तहत अंतरराज्यीय ड्रग्स सिंडिकेट का पदार्फाश करते हुए दो अलग-अलग जगहों से तीन तस्करों से 18.6 किलोग्राम से अधिक कच्ची हेरोइन जब्त की है। तीनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

सीबीएन की टीम द्वारा हुंडई क्रेटा कार के फ्यूल टैंक में हिरोइन छिपाकर ला रहे दो तस्करों को बीते शुक्रवार बाराबंकी से पकड़ा गया है। अधिकारियों के मुताबिक दोनों तस्कर असम में पंजीकृत हुंडई क्रेटा कार के फ्यूल टैंक में वॉटरप्रूफ पैकेट में हिरोइन छिपाकर ला रहे थे, जिसे यूपी में खपाया जाना था। दोनों खुद को निर्दोष बताकर बचने का प्रयास कर रहे थे। पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि करीब 500 किमी के सफर में उन्होंने चार बार टैंक में फ्यूल भरवाया है। इस पर अधिकारियों को शक हुआ और गाड़ी को महानगर स्थित सीबीएन मुख्यालय लाकर टैंक खोला गया तो उसमें 16.48 किलो हिरोइन 25 वाटरप्रूफ पैकेट में बरामद हुई।

बॉडी फ्रेम में बनाई कैविटी: इसी तरह सीबीएन यूपी इकाई द्वारा विकसित एक अन्य खुफिया जानकारी से पता चला कि सिलीगुड़ी-लखनऊ कॉरिडोर पर एक भारी ट्रक नशीले पदार्थों का परिवहन कर रहा है।

### आप सांसद संजय सिंह ने अखिलेश यादव से की मुलाकात

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की की। मुलाकात की तस्वीर एक्स पर शेयर करते हुए संजय सिंह ने कहा कि संविधान और आरक्षण के लिए भाजपा सबसे बड़ा खतरा है।

भाजपा ने आरक्षण खत्म करने को लेकर फिर से मुहिम तेज कर दी है। इस कोशिश को नाकाम करना ही होगा। 69 हजार शिक्षक भर्ती में योगी सरकार ने पिछड़ों का हक मारा है। सड़क से लेकर संसद और सुप्रीम कोर्ट तक उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ी जाएगी। ऐसे तमाम मुद्दों पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से विस्तार पूर्वक चर्चा हुई।

### यूपी के युवाओं के लिए अवसर

## जापान में नर्सिंग केयर में कुशल लोगों की दरकार, दो लाख रुपये तक वेतन

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** जापान में तेजी से बढ़ती बुजुर्ग आबादी के बीच नर्सिंग और देखभाल के क्षेत्र में अगले तीन दशकों तक बड़ी संख्या में प्रशिक्षित मानव संसाधन की जरूरत रहने वाली है। जापान के यामानाशी प्रांत के राज्यपाल कोटारो नागासाकी ने श्रम विभाग से नर्सिंग, नर्सिंग केयर व मानव संसाधन में युवाओं को तैयार करने की मांग की है। वहां नर्सिंग में औसत वेतन 2 लाख महीने है।

यामानाशी के गवर्नर के प्रस्ताव से यूपी के लिए रोजगार और कौशल विकास का बड़ा अवसर बन सकता है। प्रदेश की बड़ी युवा आबादी जापान की मानव संसाधन जरूरत को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। जापान में नर्सिंग और देखभाल क्षेत्र में रोजगार भारतीय युवाओं के लिए आर्थिक रूप से भी आकर्षक है। हालांकि वेतन पद, योग्यता, अनुभव, कार्यस्थल और भत्तों के आधार पर अलग-अलग होता है। जापान के सरकारी रोजगार आंकड़ों में नर्सिंग पेशे के



लिए सालाना वेतन न्यूनतम 23 लाख रुपये है। यामानाशी के गवर्नर कोटारो नागासाकी ने यह भी कहा कि यूपी की बड़ी युवा आबादी जापान की मानव संसाधन जरूरत को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। दोनों पक्ष मिलकर ऐसे मानव संसाधन को तैयार कर सकते हैं, जो जापान में काम करने के साथ आगे चलकर भारत और यूपी में भी इसका इस्तेमाल कर सकें।

## जल्द मिलेगी सस्ती चीनी: ब्राजील से आने वाली है बड़ी खेप

### सरकार की सख्ती से पांच रुपये घटे दाम!

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** देश में चीनी की बढ़ती कीमतों के बीच राहत की उम्मीद जगी है। ब्राजील से आयात की जाने वाली कच्ची चीनी की कुछ खेप 15 अक्तूबर से पहले भारत पहुंच सकती है। हालांकि, तब तक कितनी चीनी देश में पहुंचेगी, इसका सटीक अनुमान लगाना अभी मुश्किल है। सहकारी चीनी मिलों के राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष प्रकाश नाईकनावारे ने रविवार को कहा कि फिलहाल भारत के लिए चीनी आयात का सबसे व्यावहारिक विकल्प ब्राजील ही है। थाईलैंड भी पहले भारत को चीनी की आपूर्ति करने वाला प्रमुख देश रहा है, लेकिन वहां फिलहाल खुद चीनी की कमी है।

इस बीच, चीनी की जमाखोरी और कीमतों में तेजी को लेकर सरकार की सख्ती का असर भी दिखने लगा है। शनिवार को खुली निविदाओं में मिलों से निकलने वाली चीनी का भाव करीब पांच रुपये प्रति किलो घट गया।

ब्राजील से भारतीय बंदरगाहों तक चीनी पहुंचने में जहाज को करीब 40 से 45 दिन लगते हैं। इसके बाद कच्ची चीनी को बंदरगाहों से मिलों तक पहुंचाया जाता है और आगे उसकी प्रक्रिया होती है। नाईकनावारे ने कहा कि इसी वजह से 15 अक्तूबर तक भारत पहुंचने वाली चीनी की कुल मात्रा का अभी अनुमान लगाना संभव नहीं है। हालांकि, कुछ खेप के इस तारीख से पहले पहुंचने की संभावना अच्छी है।

चीनी आयात की प्रक्रिया भी लंबी है। सबसे पहले विदेश



व्यापार महानिदेशालय से मंजूरी और आयात का आवंटन होता है। इसके बाद भुगतान के लिए साख पत्र जारी किया जाता है। फिर चीनी की खेप और जहाज की व्यवस्था की जाती है। ब्राजील के बंदरगाहों पर भीड़ भी इस प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है। ऐसे में खेप कब रवाना होगी और भारत कब पहुंचेगी, यह कई बातों पर निर्भर करेगा। नाईकनावारे ने यह भी कहा कि सरकार 31 अक्तूबर तक खेप पहुंचने की समयसीमा को बहुत सख्ती से लागू नहीं करेगी। अगर कोई खेप इस अवधि में रवाना हो चुकी है और रास्ते में है, लेकिन कुछ देर से पहुंचती है, तो उस पर भी विचार किया जा सकता है।

सरकार ने 20 अगस्त को 10 लाख टन तक कच्ची चीनी के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति दी थी। यह फैसला ऐसे समय लिया गया, जब घरेलू बाजार में चीनी की कीमतों में तेज बढ़ोतरी देखी जा रही थी। एक महीने के दौरान चीनी के दाम करीब 24 प्रतिशत बढ़ गए थे। कीमतें 56 रुपये से बढ़कर 60 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई थीं। इसके बाद सरकार ने आयात की अनुमति देने के साथ ही जमाखोरी पर भी कार्रवाई तेज कर दी।

## 'अरुणाचल की नदियों में तैरना बच्चों का खेल'

### किरेन रिजिजू ने राहुल पर कसा तंज, बोले- उनको ट्रेनिंग की जरूरत

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने अरुणाचल प्रदेश की तेज बहती नदी में तैराकी का वीडियो साझा कर राहुल गांधी पर मजाकिया टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि ऐसी तैराकी उनके लिए बचपन से ही सामान्य है, जबकि राहुल को इसके लिए ट्रेनिंग की जरूरत



पड़ सकती है। इस दौरान उन्होंने गहरी और तेज नदियों में बिना तैरना जाने उतरने से लोगों को सावधान भी किया।

कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अक्सर अपनी फिटनेस को लेकर चर्चा करते हैं। वह तैराकी और जिउ-जित्सु जैसी गतिविधियों का भी जिक्र कर चुके हैं। अब केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी को अरुणाचल प्रदेश की तेज बहती नदियों में उतरने से पहले प्रशिक्षण लेने की सलाह दी है। हालांकि, किरेन रिजिजू ने यह बात मजाकिया अंदाज में कही।

किरेन रिजिजू ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह अरुणाचल प्रदेश की एक नदी में तैरते नजर आ रहे हैं। उन्होंने लिखा कि कई लोग उनकी तैराकी की तुलना राहुल गांधी से कर रहे हैं, लेकिन उनके लिए यह बचपन से ही सामान्य गतिविधि रही है। उन्होंने खुद को अरुणाचल का खिलाड़ी बताते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां उनके लिए बच्चों के खेल जैसी हैं।

किरेन रिजिजू ने लोगों को चेतावनी भी दी कि अगर किसी को तैरना नहीं आता है तो उसे गहरे पानी में नहीं उतरना चाहिए। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश की नदियां काफी बड़ी और गहरी हैं और इनमें कई लोग डूब चुके हैं। उन्होंने एक अन्य वीडियो में समझाया कि तेज बहाव वाली नदी में तैरना स्विमिंग पूल या शांत पानी में तैरने से बिल्कुल अलग होता है।

## डीजीसीए के पूर्व अधिकारी और चार विमानन कंपनियों पर सीबीआई ने दर्ज किया केस, भ्रष्टाचार और पक्षपात के आरोप

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के पूर्व फ्लाइंग ट्रेनिंग निदेशक कैप्टन अनिल गिल और विमानन क्षेत्र से जुड़ी चार कंपनियों के खिलाफ भ्रष्टाचार और पद के दुरुपयोग के आरोप में मामला दर्ज किया है। सीबीआई की एफआईआर में चुनिंदा फ्लाइंग ट्रेनिंग संगठनों को कथित तौर पर अनुचित फायदा पहुंचाने, विमान खरीद में गड़बड़ी और संदिग्ध वित्तीय लेनदेन के आरोप लगाए गए हैं। मामले में ब्लूथ्रोट एयरो ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड, रेडबर्ड एविएशन अकादमी प्राइवेट लिमिटेड, सबर्स कॉरपोरेट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड और सैंडहिल्स एविएशन क्लब प्राइवेट लिमिटेड को भी आरोपी बनाया गया है। इसके अलावा कुछ अज्ञात सरकारी अधिकारियों और निजी लोगों के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया है। आरोपियों की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

सीबीआई की एफआईआर के अनुसार, जांच में ऐसी कंपनियों का एक कथित नेटवर्क सामने आया, जिसे अनिल गिल के करीबी और




परिवार के लोग चलाते थे। आरोप है कि ब्लूथ्रोट एयरो ग्लोबल कंपनी 2016 में गिल की मां और मामी को निदेशक बनाकर शुरू की गई थी। बाद में उनके एक रिश्तेदार और बहनोई की पत्नी भी कंपनी से जुड़ीं। एफआईआर में कहा गया है कि दो अन्य कंपनियां, सबर्स कॉरपोरेट सॉल्यूशंस और सैंडहिल्स एविएशन क्लब भी गिल के रिश्तेदारों को निदेशक बनाकर स्थापित की गई थीं।

सीबीआई ने आरोप लगाया है कि गिल ने अपने पद का कथित रूप से दुरुपयोग करते हुए कुछ फ्लाइंग ट्रेनिंग संस्थानों को फायदा पहुंचाया। आरोप है कि उनके करीबी रिश्तेदारों द्वारा नियंत्रित कथित बेनामी या शेल कंपनियों के जरिए ट्रेनिंग विमान बेहद कम कीमत पर खरीदे गए और बाद में इन्हीं विमानों को पसंदीदा फ्लाइंग ट्रेनिंग संस्थानों को काफी ऊंची दरों पर किराये पर दिया गया।

### जापान में फिर कांपी धरती, होक्काइडो के पास 6.2 तीव्रता का भूकंप

**एजेंसी न्यूज**

**टोक्यो।** जापान की राजधानी टोक्यो और आसपास के इलाकों में रविवार तड़के तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, भूकंप की तीव्रता 6.2 मापी गई। इसका केंद्र इबाराकी प्रांत के दक्षिणी हिस्से में था। भूकंप जमीन से 70 किलोमीटर की गहराई में आया।

अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण ने भूकंप की तीव्रता 6.2 बताई। तड़के करीब दो बजे आए झटकों के बाद चार पूर्वी प्रांतों में करीब 30 लोग घायल हुए। ज्यादातर लोगों को गंभीर चोट नहीं आई। कई लोग नींद से अचानक उठते समय गिर गए या फर्नीचर और दरवाजों से टकराकर घायल हुए।

## भारत ने ब्रिक्स सम्मेलन में नेपाल-बांग्लादेश को दिया न्योता, पड़ोसी देशों से रिश्ते सुधारने की कोशिश

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** भारत अगले महीने नई दिल्ली में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने जा रहा है। इस सम्मेलन के आउटरीच सत्र के लिए भारत ने ब्रिक्स के गैर-सदस्य देशों नेपाल और बांग्लादेश को भी आमंत्रित किया है। एक हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, भारत का यह कदम केवल ब्रिक्स के दायरे तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे दक्षिण एशिया के देशों के बीच संबंधों को नई दिशा देने और आपसी सहयोग बढ़ाने का रास्ता भी खुल सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि नेपाल और बांग्लादेश के प्रधानमंत्रियों की सम्मेलन में भागीदारी से दक्षिण एशिया की वैश्विक दक्षिण के मुद्दों पर सामूहिक भागीदारी मजबूत हो सकती है। साथ ही भारत, नेपाल और बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय संबंधों में भी नई शुरूआत की संभावना बन सकती है।

यह ब्रिक्स सम्मेलन ऐसे समय हो रहा है जब दुनिया में देशों के बीच तनाव बढ़ रहा है। रिपोर्ट में मौजूदा वैश्विक व्यवस्था को



'ग्लोबल अन-ऑर्डर' यानी ऐसी स्थिति बताया गया है, जहां साझा नियम कमजोर हो रहे हैं और देश एक-दूसरे के खिलाफ दबाव और जवाबी कार्रवाई का रास्ता अपना रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ऐसे माहौल में भारत जैसे उभरते और शांति समर्थक देशों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। भारत ब्रिक्स की अध्यक्षता करते हुए वैश्विक शांति, सहयोग और टिकाऊ विकास पर जोर दे रहा है। इस बार ब्रिक्स के लिए भारत ने लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के निर्माण की थीम रखी है।

रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिक्स सम्मेलन में क्षेत्रीय संगठनों के अध्यक्षों को आमंत्रित करने की परंपरा रही है।

**एक नजर**

## दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, 3 घायल

**भमोरा।** रविवार को दातागंज-देवचरा मार्ग पर ब्रह्मपुर के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद सड़क पर अफरा-तफरी मच गई और एक ई-रिक्शा भी असंतुलित होकर पलट गया। हादसे में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया और उनके परिजनों को घटना की जानकारी दी। थाना दातागंज क्षेत्र के ग्राम खुकड़ी निवासी प्रेमपाल बाइक से अपने गांव से बल्लिया की ओर जा रहे थे। वहीं ग्राम बराई निवासी राकेश पुत्र मंगलीराम अपने साथी गिरीश पाल के साथ बल्लिया से गांव की ओर लौट रहे थे। ब्रह्मपुर के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इससे दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। दुर्घटना के दौरान सड़क पर अचानक असंतुलित होकर एक ई-रिक्शा भी पलट गया। हादसे की सूचना मिलते ही बल्लिया चौकी प्रभारी शैलेंद्र तोमर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा।

# जलभराव से मुख्य मार्ग बना मुसीबत

जागरण मोर्चा कार्यालय




**मीरगंज ।** नगर पंचायत मीरगंज क्षेत्र में नेशनल हाईवे से गोस्वामी श्मशान घाट होते हुए सिरौली चौराहा जाने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों जलभराव की समस्या से जूझ रहा है। सड़क पर कई दिनों से पानी भरा होने के कारण राहगीरों का आवागमन मुश्किल हो गया है। स्थिति यह है कि लोगों को अपनी जान जोखिम में डालकर गहरे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जलनिकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी सड़क पर जमा हो गया है।जलभराव के चलते मार्ग पर दोपहिया और चारपहिया वाहनों का निकलना भी मुश्किल हो गया है। कई बाइक सवार पानी में संतुलन बिगड़ने के कारण गिरकर चोटिल हो चुके हैं। रविवार को भी एक कार पानी के बीच रास्ते में बंद हो गई। इससे वाहन चालक को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। मिलक निवासी सर्वेश कुमार गोस्वामी ने बताया कि वह नंदगांव की ओर से आ रहे थे। रास्ते में उनकी गाड़ी पानी के बीच बंद हो गई, जिससे वह गिर पड़े और उन्हें काफी चोटें आईं। उन्होंने बताया कि सड़क पर पानी अधिक होने के कारण गड्ढों और सड़क की वास्तविक स्थिति का पता नहीं चल पाता, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है। रविवार दोपहर करीब दो बजे दो महिलाएं सिरौली चौराहे से नेशनल हाईवे की तरफ आने के लिए इसी मार्ग पर पहुंचीं। सड़क पर पानी की अधिकता देखकर दोनों महिलाएं आगे जाने की बजाय वापस लौट गईं।फिर वह लंबा दूरी का सफर तय कर अपने गंतव्य को पहुँचीं।इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जलभराव के कारण आम राहगीरों को कितनी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग नेशनल हाईवे से तहसील मीरगंज की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गों में शामिल है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग इस रास्ते से तहसील, बाजार और अन्य स्थानों पर आवागमन करते हैं। इसके बावजूद जलनिकासी की समस्या का समाधान नहीं होने से लोगों में नाराजगी है।स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से मांग की है कि सड़क पर जमा पानी की तत्काल निकासी कराई जाए और भविष्य में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए स्थायी जलनिकासी व्यवस्था कराई जाए। लोगों का कहना है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।समस्या को लेकर नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी प्रियंका से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

## आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आंवला।** पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

पुलिस के अनुसार पांच अगस्त को ग्राम मऊचंदपुर निवासी नन्ही देवी ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनके 18 वर्षीय पुत्र दिनेश कुमार की आरोपियों ने एक राय होकर फांसी लगाकर हत्या कर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बब्लू पाली उर्फ मनोज समेत अन्य के खिलाफ हत्या और साजिश की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना के दौरान दिनेश द्वारा आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई। विवेचना में हत्या का आरोप पुष्ट नहीं होने पर मुकदमे से धारा 103(1) बीएनएस हटा दी गई और आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा 108 बीएनएस बढ़ाई गई। पुलिस के अनुसार पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ने बताया कि दिनेश एक 14 वर्षीय किशोरी से बातचीत करता था। उसने दिनेश को ऐसा करने से मना किया था। इसी बात को लेकर पहले उसके भाई और दिनेश के बीच विवाद भी हुआ था। आरोपी के मुताबिक घटना वाली रात दिनेश ने फोन कर आत्महत्या करने की बात कही थी, जिस पर उसने गुस्से में उसे कुछ अपशब्द कहे। अगले दिन उसे दिनेश द्वारा पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की जानकारी मिली। पुलिस ने आरोपी बब्लू पाली उर्फ मनोज पुत्र गधू उर्फ हरपाल निवासी ग्राम मऊचंदपुर को उसके ही घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है।

## रसोईया सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** सूबाई सरकार के निर्देशों के अनुपालन में रविवार को तहसील सभागार में रसोईया सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें लखनऊ में मुख्यमंत्री की मौजूदगी में इंदिरा गाँधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया जिसमें प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत सूबे भर के प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में काम करने वाली रसोइयों के मानदेय में एक हजार रुपये प्रति माह की बढोत्तरी के साथ सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम के तहत दो लाख तक की सहायता राशि दुर्घटना तथा दिव्यांगता की दशा में दिए जाने की बात कही गई। इसके अलावा रसोइयों के लिए पांच लाख तक के कैशलेस इलाज की घोषणा भी की गई है। कोविड



कार्यक्रम में मोजूद अधिकारी व रसोइया महिलाएं।

काल में अपने माँ बाप को खो देने वाले बच्चों को चार हजार रुपये हर माह मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत दिए जाने की जानकारी के साथ, दिव्यांग बच्चों को एस्कार्ट एलाउंस सहित तमाम जानकारी दी गयीं( कार्यक्रम में बहेड़ी, शेरगढ़ तथा दमखोदा विकास खंड के सभी प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों की रसोइयों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्हें चिकित्सा योजना तथा मानदेय में बढोत्तरी के बाबत डमी चेक वितरित किये गए। एसडीएम गोपाल शर्मा, तहसीलदार भानु प्रताप सिंह तथा बहेड़ी, शेरगढ़ व दमखोदा के खंड शिक्षा अधिकारियों के साथ जन प्रतिनिधि के रूप में ब्लॉक प्रमुख अमरेंद्र सिंह गोल्डी व स्नेह लता आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन संकुल शिक्षक रवि पाराशरी ने किया।

## श्रीमद्भागवत कथा में सुनाया सुदामा चरित्र प्रसंग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** नगर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन विश्राम से पूर्व से पूर्व कथा व्यास मधुर गोपाल शास्त्री ने सुदामा चरित्र पर व्याख्यान देकर लोगो को बताया कि धनवान वह नहीं जिसके पास अपार दौलत है बल्कि धनवान वह है जिसके पास भगवत प्रेम की पूंजी है। ज्ञान और अध्यात्म ही मनुष्य के उत्थान का एक अहम स्तंभ है। कथा व्यास ने कहा कि समाज में अध्यात्मिक शिक्षा की इतनी कमी है कि सारा जीवन गुजार कर भी मनुष्य धर्म को नहीं समझ पाता। सृष्टि के सभी जीव सनातनी हैं क्योंकि सनातन का अर्थ ही है शास्वत जिसका न आदि है और न अंत। सुदामा जी का चरित्र हमें सिखाता है



कथा श्रवण करते भक्तजन। -जागरण मोर्चा

कि द्वारिकाधीश के परम मित्र होने के बाद भी हर लोभ मोह से अपने को परे रखकर वे निष्काम भाव में रमे रहे। यही कारण है कि द्वारिकाधीश भी सजल नयनों से उनके चरण पखारते हैं। कथा श्रवण करने आए श्रद्धालु पूरे समय तक एकाग्रता के साथ भक्ति की गंगा में गोते लगाते रहे। कार्यक्रम में गंगा वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारियों के साथ मुख्य यजमान सुमन रस्तोगी पत्नी सुनील रस्तोगी, भाजपा जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा, राहुल साहू, स्वाति कुमार, राहुल गुप्ता, अमित अग्रवाल डब्बू, अनमोल गर्ग, गौरव मित्तल , संजय गुप्ता, ओमप्रकाश पिपलानी, तथा सुरेश सिंह आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

## गंगा किनारे खेत की ओर गए 50 वर्षीय व्यक्ति लापता, डूबने की आशंका

**भमोरा।** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत घिलौरा निवासी 50 वर्षीय सोरन सिंह रविवार सुबह गंगा किनारे स्थित अपने खेतों की ओर गए थे। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटे। काफी देर तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल सका। ग्रामीणों की सूचना पर भमोरा पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। गंगा किनारे से व्यक्ति के लापता होने के कारण उनके नदी में डूबने की आशंका जताई जा रही है। टीम संभावित स्थानों पर उनकी तलाश कर रही है। थाना प्रभारी पवन कुमार सिंह ने बताया कि घिलौरा निवासी व्यक्ति के लापता होने की सूचना मिली है। परिजनों की सूचना पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है और लापता व्यक्ति की तलाश की जा रही है।


## क्लासीफाइड

### नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शगुफ्ता बेगम असगर अली सय्यद पत्नी असगर अली सय्यद ने अपना पुराना नाम शगुफ्ता बेगम बदलकर नया नाम शगुफ्ता बेगम असगर अली सय्यद कर लिया है। अब मुझे इसी नाम पते से जाना व पहचाना जाए।

-शगुफ्ता बेगम असगर अली सय्यद पत्नी असगर अली सय्यद, वार्ड नं. 1/ मोहल्ला जाटव, सैदपुर (बदायूँ) उ0प्र0, मो0 9029565033

### नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मैं असगर अली सय्यद पुत्र मुहब्बत अली ने अपना पुराना नाम असगर अली बदल कर नया नाम असगर अली सय्यद कर लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना वे पहचाना जाये।

असगर अली सय्यद पुत्र मुहब्बत अली, वार्ड-1 मोहल्ला जाटव सैदपुर बदायूँ, उ. प्र. मोबा - 9029565033

### नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं तैदाद अली दिलशाद अली सय्यद पुत्र दिलशाद अली सय्यद ने अपना पुराना नाम तैदाद अली बदलकर नया नाम तैदाद अली दिलशाद अली सय्यद कर लिया है। अब मुझे इसी नाम पते से जाना व पहचाना जाए।

तैदाद अली दिलशाद अली सय्यद पुत्र दिलशाद अली सय्यद ग्राम व पोस्ट उरैना, वजीरगंज (बदायूं) मो. 9082713709

### खोया-पाया

मैं मोहम्मद दानिश अली, पुत्र श्री तारिफ अली, निवासी सैदपुर, बदायूं, सूचित करता हूँ कि मेरे महत्वपूर्ण शैक्षणिक दस्तावेज दिनांक 06/08/2026 को सैदपुर से बदायूं जाते समय मेरा वैग गुम हो गया ।

**गुम हुए दस्तावेजों में निम्न शैक्षणिक दस्तावेज शामिल हैं :**

- Intermediate (वर्ष 2011) – अनुक्रमांक : 0549445
- BCA के 6 Semester (वर्ष 2012–2015) – अनुक्रमांक : 1261330034
- MCA Second Year एवं Final Year की Marksheets (वर्ष 2016–2017) – अनुक्रमांक : 650020600030

इस संबंध में UP Police Lost Article Information Report No. 20260000810480, दिनांक 07/08/2026 को दर्ज कराई गई है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त दस्तावेज प्राप्त हों, तो कृपया निम्न मोबाइल नंबरों पर संपर्क कर सूचना देने का कष्ट करें :

9759104535, 9719494205

### बिकाऊ है

तीन मंजिल दुकान ब्लॉक रोड मुथूट फाइनेंस के सामने गली में रोड से दूसरी दुकान जिसका एरिया 12 फीट रोड फ्रंट और गहराई 9 :30 फिट है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें मोबाइल नंबर 9627 739 857


# रसोइयों का मानदेय 2000 से बढ़कर 3000 रुपये, कैशलेस चिकित्सा सुविधा की भी सौगात

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरगंज।** परिषदीय विद्यालयों में बच्चों के लिए भोजन तैयार करने वाले रसोइयों के लिए रविवार का दिन राहत और सम्मान लेकर आया। तहसील सभागार मीरगंज में पीएम पोषण योजना के अंतर्गत आयोजित रसोइया सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लाइव प्रसारण किया गया। इस दौरान रसोइयों को बढ़े हुए मानदेय के डेमो चेक और कैशलेस चिकित्सा सुविधा के डेमो कार्ड वितरित किए गए।कार्यक्रम में बताया गया कि रसोइयों को अब तक 2,000 रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलता था, जिसे बढ़ाकर 3,000 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है। मानदेय में हुई बढ़ोतरी की जानकारी और कैशलेस चिकित्सा सुविधा की घोषणा से कार्यक्रम में मौजूद रसोइयों के चेहरे पर खुशी साफ नजर आई। उन्हें स्वास्थ्य सुविधा से संबंधित व्यवस्था और इसके लाभों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक डॉ. डीसी वर्मा, विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार तथा अध्यक्षता कर रहीं उपजिलाधिकारी मीरगंज निधि शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों का बैज, बुके और माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद एलईडी स्क्रीन पर मुख्यमंत्री का संबोधन प्रसारित किया गया, जिसे रसोइयों और उपस्थित लोगों ने देखा और सुना।विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों को भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था में रसोइयों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने रसोइयों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनके कार्य से विद्यालय परिवार और बच्चों को प्रत्यक्ष लाभ मिलता है।ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार ने कहा कि रसोइयों का सम्मान उनके मनोबल को बढ़ाने वाला है। खंड शिक्षा अधिकारी मीरगंज अवनीश कुमार ने कहा कि रसोइयों की मेहनत से पीएम पोषण योजना को प्रभावी ढंग से संचालित करने में मदद मिल रही है। खंड शिक्षा अधिकारी फतेहगंज पश्चिमी भानु शंकर गंगवार ने बच्चों को स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने पर जोर दिया। तहसीलदार मीरगंज आशीष कुमार सिंह ने भी रसोइयों के योगदान की सराहना की।

समारोह के अंत में खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार एवं भानु शंकर गंगवार ने अतिथियों को पौधे के रूप में स्मृति चिह्न भेंट किए। कार्यक्रम में रसोइयों को सम्मानित करने के साथ उनके हित में संचालित योजनाओं की जानकारी भी दी गई।इस अवसर पर राजेश कुमार मिश्रा, जमशेद अनवर, अमित कुमार, सचिन मुरारी शर्मा, तेजपाल, संतोष कुमार, तेज बहादुर, प्रज्ञा गंगवार, फहीम अहमद, हिना तबस्सुम, गंगा सहाय और प्रताप सिंह सहित विभागीय कर्मचारी, रसोइये एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मेडिकल स्टोर में तोड़फोड़ और मारपीट, 12 पर मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरगंज।** शाही थाना क्षेत्र के चकरपुर उर्फ लमकन गांव में दिल्ली पुलिस की दबिश के बाद विवाद बढ़ गया। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों पर मेडिकल स्टोर में तोड़फोड़ करने, गाली-गलौज व मारपीट करने तथा फायरिंग कर जान से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी तसब्बुर पुत्र अमजद द्वारा शाही थाने में दी गई तहरीर के अनुसार, 22 अगस्त को दिल्ली पुलिस के कुछ कर्मचारी गांव में बब्बू की तलाश में आए थे। पुलिस ने बब्बू के घर पर दबिश दी, लेकिन वह वहां नहीं मिला। आरोप है कि पुलिस के जाने के बाद शाम करीब चार बजे फाजिल, उवैश, मनसब समेत अन्य लोग तथा कुछ महिलाएं एक राय होकर तसब्बुर के बेटे मुकीम के मेडिकल स्टोर पर पहुंच गए। मेडिकल स्टोर पर मौजूद मुकीम और मोनिश से गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और दुकान में तोड़फोड़ की। इसके बाद दोनों के घर की ओर भागने पर आरोपी भी पीछे-पीछे घर में घुस गए। आरोप है कि वहां तसब्बुर की पत्नी और बेटे के साथ भी मारपीट की गई।

शोर सुनकर तसब्बुर मौके पर पहुंचे तो उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी पत्नी और बेटे को लाठी-डंडों व लात-घूंसों से पीटा जा रहा था। उन्होंने दोनों को बचाने का प्रयास किया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में दुकानदार की मौत

**फरीदपुर (बरेली)।** थाना क्षेत्र के ग्राम ढकनी में घरेलू कलह के चलते 24 वर्षीय परचून दुकानदार इलियास पुत्र कैसर शाह की मृत्यु का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि शनिवार को परिजनों से कहासुनी के बाद आवेश में आकर युवक ने आत्महत्या जैसा आत्मघाती कदम उठाया।शुरुआत में परिजनों ने गांव के दूसरे पक्ष पर मारपीट के आरोप लगाए थे। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम पुलिस और फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सघन जांच में स्पष्ट हुआ कि मामला घरेलू विवाद से जुड़ी आत्महत्या का था, जिसे बाद में परिजनों ने भी स्वीकार कर लिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर रविवार शाम सुपुर्दे-खाक करा दिया।

# परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों का बढ़ा मानदेय

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फरीदपुर (बरेली)।** ब्लॉक सभागार फरीदपुर में शनिवार को परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों के मानदेय में वृद्धि एवं कैशलेस चिकित्सा योजना के शुभारंभ के अवसर पर लाइव प्रसारण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी विदुषी सिंह ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य महाराज सिंह तथा विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख सोनम ग्वाल रहीं।

लाइव प्रसारण के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रसोइयों के हित में चार महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। इसके तहत रसोइयों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा, मानदेय में एक हजार



कार्यक्रम मेंअतिथिगण के साथ कैशलेस इलाज के प्रतीकात्मक प्रमाण पत्र लिए रसोइया।

रुपये की वृद्धि कर तीन हजार रुपये प्रतिमाह, रसोइयों एवं उनके परिवार को भारतीय स्टेट बैंक की ओर से दो लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा तथा यूनिफॉर्म के लिए मिलने वाली राशि को 500 रुपये से बढ़ाकर 1000 रुपये प्रतिवर्ष करने की घोषणा की गई। लाइव प्रसारण पर हुई घोषणाओं को देखकर मौजूद रसोइयों ने तालियां बजाकर खुशी जताई और मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। एमएलसी महाराज सिंह ने कहा कि रसोइये विद्यालयों में बच्चों को भोजन उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी हितों को ध्यान में रखते हुए की गई घोषणाएं सराहनीय हैं। ब्लॉक प्रमुख सोनम ग्वाल ने कहा कि बच्चों को स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना उनके स्वस्थ शारीरिक एवं मानसिक विकास की नींव है। एसडीएम विदुषी सिंह ने रसोइयों से निष्ठा, ईमानदारी एवं स्वच्छता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान रसोइयों को प्रतीकात्मक चिकित्सा कार्ड वितरित कर कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी भुता शशांक शुक्ला ने रसोइयों को जानकारी दी कि योजना का लाभ लेने के लिए रसोइयों को अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक अथवा इंचार्ज के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करनाहोगा।




राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जागरण मोर्चा

जन-जन की आवाज

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद एवं उत्तराखंड में प्रसारित

www.jagranmorcha.com

jagranmorchadaily@gmail.com

@JagranMorchaDaily

## एक नजर

### जमीन के सौदे में कमीशन को लेकर दो पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ कोतवाली में दी तहरीर

फरीदपुर (बरेली)। जमीन के बड़े सौदे में कमीशन को लेकर दो पक्षों ने एक दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए फरीदपुर कोतवाली में तहरीर दी हैं। थाना क्षेत्र के ग्राम पचौमी निवासी रमन सिंह उर्फ बन्टू ने एनपी एग्रो फैक्ट्री के समीप रहने वाले सलमान सिद्दीकी के खिलाफ अपने कई साथियों के साथ रास्ते में घेरकर मारपीट व जानलेवा हमले आदि गंभीर आरोप लगाते हुए कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं सलमान सिद्दीकी की ओर से भी रमन सिंह उर्फ बन्टू के विरुद्ध रंगदारी व अन्य आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दी गई है। तहरीरों को संज्ञान लेते हुए पुलिस द्वारा की गई जांच में मामला कुछ और ही निकल कर सामने आया। प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से कोतवाली में आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए तहरीर दी गई है लेकिन प्रार्थनपत्रों में वर्णित घटनाओं का वास्तविकता से दूर-दूर तक नाता नहीं है।

# नकटिया की तस्वीर बदलने की तैयारी

## पांच लाख पौधों से बनेगा हरित गलियारा की सफाई से लेकर जलप्रवाह सुधारने तक चलेगा अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** लंबे समय से गंदगी, प्लास्टिक और अतिक्रमण की मार झेल रही नकटिया नदी के कायाकल्प की पहल शुरू हो गई है। रविवार को वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने धोपेश्वर नाथ मंदिर के पीछे नकटिया नदी पुनर्जीवन अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत नदी को साफ करने के साथ उसके किनारों को हराभरा बनाने के लिए पांच लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



अभियान में नदी के भीतर जमा प्लास्टिक, कूड़ा-कचरा और अन्य अपशिष्ट को हटाने के साथ जलप्रवाह में बाधा बनने वाले अवरोधों को भी दूर किया जाएगा। नदी किनारे नियमित सफाई की व्यवस्था पर जोर रहेगा, ताकि कुछ समय बाद दोबारा गंदगी जमा न हो। अधिकारियों की योजना नकटिया को केवल साफ दिखाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उसकी प्राकृतिक जलधारा को बेहतर बनाने की दिशा में भी काम करने की है। ट्रेंचिंग ग्राउंड में तैयार वर्मी कंपोस्टिंग यूनिट का भी उद्घाटन किया गया। यहां जैविक कचरे का वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण कर खाद तैयार की जाएगी। इससे कचरे के निस्तारण की समस्या कम होने के साथ तैयार खाद का इस्तेमाल पौधारोपण और हरित क्षेत्र विकसित करने में किया जा सकेगा। नकटिया नदी और आसपास के इलाकों में बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जाएगा। पांच लाख पौधों के लक्ष्य के जरिए नदी किनारे हरित पट्टी विकसित करने की योजना है। पौधों को लगाने के साथ उनकी सुरक्षा और देखभाल पर भी ध्यान दिया जाएगा, ताकि अभियान का असर कुछ महीनों तक नहीं बल्कि आने वाले वर्षों तक दिखाई दे।

नदी पुनर्जीवन को सरकारी प्रयास तक सीमित रखने के बजाय आम लोगों को भी इससे जोड़ने की तैयारी है। सामाजिक संस्थाओं, एनजीओ, स्वयं सहायता समूहों, विद्यार्थियों और युवाओं के साथ स्थानीय नागरिकों को श्रमदान, पौधारोपण और जल संरक्षण गतिविधियों में शामिल किया जाएगा। नियमित सफाई और जनभागीदारी कायम रही तो आने वाले समय में नकटिया नदी का किनारा शहर के लिए स्वच्छ और हरे-भरे क्षेत्र के रूप में नई पहचान बना सकता है।

## वन मंत्री डा. अरुण कुमार सहित चालीस 40 वरिष्ठ नागरिकों का किया अभिनंदन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मानव सेवा क्लब के तत्वावधान में रोटरी भवन में वरिष्ठ नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें वनमंत्री डा.अरुण कुमार,इं. के.बी. अग्रवाल, इं.ए.एल.गुप्ता, महेश चन्द्र मेहरोत्रा,वाई.सी. सक्सेना,सुरेश बाबू मिश्रा, राजेश सक्सेना,इन्द्र देव त्रिवेदी,प्रदीप माधवार,अजय अग्रवाल, निर्भय सक्सेना, धर्म देव शर्मा,अरुणा सिन्हा, शोभा कुदेशिया,राजेश प्रकाश, सत्येन्द्र सक्सेना, डा. अतुल वर्मा,अखिलेश कुमार, महेश चन्द्र शर्मा, प्रकाश चन्द्र सक्सेना सहित 40 कर्मशील वरिष्ठजनों को स्व.अरविंद अग्रवाल वरिष्ठजन स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप हार, शाल, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह मुख्य अतिथि डा.अरुण कुमार,अति विशिष्ट अतिथि पूर्व कुलपति डॉ. आर.पी. सिंह, क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा,महासचिव मुकेश कुमार सक्सेना, सीएस अंकित अग्रवाल और अजय कुमार ने प्रदान किया।समारोह का प्रारंभ मधु वर्मा की सरस्वती वंदना से हुआ। वंदेमातरम शकुन सक्सेना,अरुणा सिन्हा ने किया। प्रकाश चंद्र ने क्लब का आव्हान गीत प्रस्तुत किया। स्वागत क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने किया। आभार सीएस अंकित अग्रवाल और निधि अग्रवाल ने व्यक्त किया।खासतौर से मौजूद लोगों में सुनील कुमार शर्मा,ब्रजेश कुमार,जसवंत सिंह भाकुनी, जी. एस. मेहरा,जितेन्द्र सक्सेना,रश्मि सक्सेना, मधु ,अरुणा, शकुन आभा तिवारी,बेबी शर्मा,विजय शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## प्रेम विवाह के बाद युवती ने मांगी सुरक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** प्रेम विवाह के फैसले के बाद सुरक्षा को लेकर एक युवती और उसके साथी ने पुलिस अधिकारियों से गुहार लगाई है। दोनों ने डीआईजी बरेली को प्रार्थना पत्र देकर सुरक्षा उपलब्ध कराने और मामले में नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है।



▸ परिजनों की धमकी का आरोप, युवती के विधिक बयान दर्ज कराने की मांग

प्रार्थना पत्र के मुताबिक, शाहमतगंज के बासमंडी निवासी सानिया और समीर कुमार ने एक-दूसरे से प्रेम संबंध होने तथा अपनी इच्छा से विवाह करने की बात कही है। दोनों के अनुसार, 21 अगस्त 2026 को विधिक विवाह की प्रक्रिया पूरी की गई। सानिया का आरोप है कि उसके परिवार के कुछ लोग इस विवाह से नाराज हैं और उसे तथा समीर को धमकियां दी जा रही हैं। युवती ने बताया कि वह और समीर कई वर्षों से एक-दूसरे को जानते हैं। दोनों एक ही मोहल्ले में रहते हैं और सोशल मीडिया व मैसेजिंग प्लेटफॉर्म के जरिए भी संपर्क में रहे हैं। सानिया का कहना है कि उसने बिना किसी दबाव के अपनी इच्छा से समीर के साथ रहने और विवाह करने का फैसला लिया है। समीर ने भी बताया कि दोनों के बीच लंबे समय से संबंध हैं और उसका परिवार इस रिश्ते के पक्ष में है। दोनों ने सानिया के विधिक बयान दर्ज कराने और पुलिस सुरक्षा देने की मांग की है। अब पुलिस की आगे की कार्रवाई पर नजर है।

## प्रेम विवाह के एक माह बाद युवक का शव फंदे से लटका मिला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सीबीगंज थाना क्षेत्र के नवदिया गांव में रविवार सुबह 26 वर्षीय फैजान का शव घर में फंदे से लटका मिला। करीब एक माह पहले ही उसने जास्मीन से प्रेम विवाह किया था। निकाह के बाद दोनों परिवार से अलग रह रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



जास्मीन के मुताबिक, शनिवार रात फैजान खाना खाने के बाद सो गया था। सुबह उसकी आंख खुली तो फैजान का शव पंखे से लटका मिला। उसने घटना की जानकारी मायके और ससुराल पक्ष के लोगों को दी। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। जास्मीन का कहना है कि प्रेम विवाह के कारण फैजान के परिवार के लोग उससे संबंध रखने से इनकार कर रहे थे। इसी बात को लेकर वह तनाव में रहता था। हालांकि, पुलिस अभी घटना के कारणों को लेकर किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है। वहीं, फैजान के परिजनों ने शव के सिर से खून निकलने की बात कहते हुए कुछ गंभीर आशंकाएं जताई हैं। इसके बाद पुलिस ने मामले की सभी पहलुओं से जांच शुरू कर दी है। फैजान दो भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था और निजी अस्पताल में वार्ड ब्वॉय का काम करता था। उसकी मौत से मां जीनत निशा का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आधी रात कांवड़ मार्ग पर निकले एसपी सिटी, परखी मुस्तैदी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** श्रावण मास और कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन लगातार सतर्कता बरत रहा है। इसी क्रम में मध्य रात्रि एसपी सिटी मानुष पारीक ने कोतवाली और सुभाषनगर थाना क्षेत्रों में कांवड़ मार्ग का भ्रमण कर सुरक्षा इंतजामों की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान एसपी सिटी ने विभिन्न स्थानों पर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को चेक किया और उनकी मुस्तैदी का जायजा लिया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा के दौरान ड्यूटी में किसी तरह की लापरवाही न हो। कांवड़ियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए हर स्थिति पर नजर रखने को कहा गया। एसपी सिटी ने संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही कांवड़ मार्ग पर यातायात व्यवस्था सुचारु रखने, रात में प्रभावी गश्त बढ़ाने और संवेदनशील स्थानों पर लगातार निगरानी बनाए रखने को कहा। मध्य रात्रि एसपी सिटी के निरीक्षण से पुलिस बल की सक्रियता भी सामने आई। अधिकारियों का कहना है कि कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो और मार्ग पर शांति एवं व्यवस्था बनी रहे।



## फर्जी आधार कार्ड से साइबर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** थाना फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने फर्जी आधार कार्ड के जरिए बैंक खाते खुलवाकर साइबर ठगी करने वाले गिरोह के एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को हाईवे से धंतिया जाने वाले मोड़ के पास कब्रिस्तान के निकट से दबोचा गया।

पुलिस के अनुसार 2 अगस्त को साइबर टीम की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि गिरोह फर्जी आधार कार्ड बनवाकर विभिन्न बैंकों में खाते खुलवाता था। इन खातों में साइबर ठगी की रकम मंगवाई जाती और बाद में आरोपी पैसे निकालकर आपस में बांट लेते थे। शनिवार को पुलिस टीम ने रफीक पुत्र अनीस खां (30 वर्ष), निवासी ग्राम धंतिया, थाना फतेहगंज पश्चिमी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में रफीक ने स्वीकार किया कि वह मो. जफर और ताहिर के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खाते खुलवाने और ठगी की रकम निकालने का काम करता था। पुलिस ने बताया कि इस मामले में मुख्य आरोपी मो. जफर को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा चुका है। रफीक के खिलाफ भी भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी का पहले से भी धोखाधड़ी से जुड़ा आपराधिक इतिहास रहा है और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

## चार साल की मोहब्बत ने लिया शादी का रूप, रजिया बनी गौरी देवी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** जयपुर के एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी के दौरान शुरू हुआ प्रेम संबंध करीब चार साल बाद शनिवार को शादी में बदल गया। हरदोई के संडीला निवासी रजिया ने अपनी इच्छा से धर्म परिवर्तन कर फरीदपुर निवासी तोताराम के साथ विवाह किया। विवाह के बाद उसने अपना नाम गौरी देवी रख लिया। दोनों ने बरेली स्थित अगस्त्य मुनि आश्रम में हिंदू रीति-रिवाज से शादी की।

**जयपुर के ईंट भट्ठे पर हुई थी तोताराम से मुलाकात, बरेली के अगस्त्य मुनि आश्रम में वैदिक रीति से विवाह**

बताया गया कि चार साल पहले रजिया और तोताराम जयपुर के एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करते थे। वहीं दोनों की मुलाकात हुई और बातचीत का सिलसिला धीरे-धीरे प्रेम संबंध में बदल गया। दोनों ने साथ जीवन बिताने का फैसला किया। तोताराम के मुताबिक, रजिया की हिंदू धर्म में पहले से आस्था थी और वह भगवान शिव की पूजा करती थी। हालांकि, परिवार इस रिश्ते को लेकर सहमत नहीं था।

शनिवार को दोनों अगस्त्य मुनि आश्रम पहुंचे और आचार्य केके शंखधार को अपने संबंधों की जानकारी दी। आचार्य की ओर से दोनों के बालिग होने से जुड़े दस्तावेज और प्रमाण पत्रों की जांच की गई। इसके बाद रजिया ने अपनी इच्छा से धर्म परिवर्तन कर गौरी देवी नाम अपनाया। बाद में वैदिक मंत्रोच्चार और हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार दोनों का विवाह कराया गया। शादी के बाद गौरी देवी ने कहा कि उसने बिना किसी दबाव के अपनी इच्छा से यह निर्णय लिया है। उसने भगवान शिव के प्रति आस्था जताते हुए पति तोताराम के साथ नई जिंदगी शुरू करने की बात कही। साथ ही परिवार के कुछ सदस्यों से खतरा होने की आशंका जताई। नवविवाहित दंपती ने अधिकारियों से सुरक्षा की मांग करने की बात कही है।

## गन्ने के खेत में मिला युवक का शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सीबीगंज के नदौसी गांव में रविवार सुबह गन्ने के खेत में करीब 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। स्कोडा कार शोरूम के पीछे नहर किनारे खेत में शव पड़ा देखकर किसान ने पुलिस को सूचना दी। कुछ देर में पुलिस टीम के साथ फील्ड यूनिट भी मौके पर पहुंच गई। काफी प्रयास के बाद भी मृतक की पहचान नहीं हो सकी। नदौसी निवासी रंजीत यादव ने बताया कि उन्होंने राजेंद्र नगर निवासी मुन्ना बाबू का गन्ने का खेत ठेके पर लिया है। रविवार सुबह करीब नौ बजे वह खेत देखने पहुंचे थे। गन्ने के बीच जाने पर उनकी नजर युवक के शव पर पड़ी। उन्होंने आसपास के लोगों को जानकारी देने के बाद पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही सीओ सेकेंड और सीबीगंज थाना प्रभारी विनोद सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फील्ड यूनिट की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव और आसपास के क्षेत्र से संभावित साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने घटना से जुड़े पहलुओं की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आसपास के गांवों के लोगों को बुलाकर मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन कोई भी उसकी शिनाख्त नहीं कर सका। पुलिस अब आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी के मामलों की जानकारी जुटा रही है, जिससे युवक की पहचान हो सके। युवक की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई, इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



## जुलूसों को लेकर बदलेगा ट्रैफिक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** ईद मिलादुन्नबी और उर्स-ए-शराफत मियां के चलते 26 अगस्त को निकलने वाले जुलूसों को लेकर यातायात पुलिस ने रूट डायवर्जन की तैयारी की है। 25 अगस्त की शाम छह बजे से भारी वाहनों और रोडवेज बसों के रूट बदले जाएंगे। व्यवस्था 26 अगस्त को कार्यक्रम समाप्त होने तक लागू रहेगी। मिनी बाईपास, इज्जतनगर तिराहा, डेलापीर, ईसाइयों की पुलिया, वियावान कोठी, ऑफिसर्स मैस और सैटेलाइट तिराहे से शहर की ओर भारी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। रामगंगा तिराहे से चौपला की ओर भी भारी वाहन नहीं जा सकेंगे। दिल्ली, रामपुर, नैनीताल और पीलीभीत से आने वाले वाहनों को झुमका तिराहे से परसाखेड़ा, बड़े बाईपास होते हुए ट्रांसपोर्टनगर भेजा जाएगा। लखनऊ जाने वाले वाहन झुमका, विलवा, विलयधाम और इन्वर्टिस मार्ग से निकलेंगे।



रोडवेज बसों के लिए भी वैकल्पिक रास्ते तय किए गए हैं। दिल्ली, मुरादाबाद और रामपुर की बसें मिनी बाईपास, डेलापीर, 100 फुटा पूर्वी और सुरेश शर्मा नगर होकर सैटेलाइट पहुंचेंगी।

भीड़ बढ़ने पर ऑटो, ई-रिक्शा और चार पहिया वाहनों को भी संवेदनशील मार्गों पर रोका जा सकता है। एसपी ट्रैफिक मो. अकमल खान ने लोगों से डायवर्जन के अनुसार यात्रा करने और भीड़ वाले मार्गों से बचने की अपील की है।

## एसएसपी कार्यालय के बाहर आत्मदाह के प्रयास के पीछे रंगदारी का खेल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** थाना बहेड़ी पुलिस ने एसएसपी कार्यालय के बाहर महिला से आत्मदाह का प्रयास कराने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 5,000 रुपये और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार ग्राम उल्हैतापुर निवासी अजयपाल की शिकायत पर थाना बहेड़ी में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप है कि इज्जतनगर के मुंशीनगर निवासी युसुफ उर्फ फरीर खान (43) ने महिला मीना को उकसाकर 14 जुलाई को एसएसपी कार्यालय के बाहर अपने ऊपर डीजल डालकर आत्महत्या का प्रयास कराया था। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने महिला को बचा लिया था। जांच में सामने आया कि आरोपी अजयपाल और उसके परिवार को झूठे मुकदमों में फंसाने, बेटे का अपहरण कर हत्या कराने और जान से मारने की धमकी देकर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांग रहा था। पैसे नहीं मिलने पर उसने महिला से आत्मदाह का प्रयास कराने की साजिश रची। मुखबिर की सूचना पर बहेड़ी पुलिस ने गुडवारा कट, जोखनपुर मार्ग से आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने लालच में आकर रंगदारी मांगने और महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड विज्ञापन दर
में डिस्प्ले, क्लासीफाइड, शोक संदेश, बधाई संदेश , नोटिस एवं टेन्डर नोटिस के विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें।
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें:
7579849555, 9627739857
9997745413

## एक नजर

### संत रविदास के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने निकली कलश यात्रा

**बदायूं।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे समरसता संकल्प अभियान के तहत शनिवार को कस्बे में कलश वंदन यात्रा निकाली गई। यात्रा के माध्यम से सामाजिक समानता, सेवा और भाईचारे का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित सभा से हुई। इसमें सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता शामिल हुए। इसके बाद सभी लोग हनुमान मंदिर पहुंचे, जहां विधिविधान से कलश पूजन किया गया। पूजन के बाद नगर में कलश वंदन यात्रा निकाली गई।यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर विभिन्न मंदिरों तक पहुंची। इस दौरान अनिल सिंह ने कहा कि संत रविदास महाराज का जीवन सामाजिक भेदभाव मिटाकर समानता और समरसता स्थापित करने की प्रेरणा देता है। कलश वंदन यात्रा इसी विचार को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का माध्यम है।

# शिवधाम कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर जलभराव, सौ परिवार परेशान

## शिकायतों के बावजूद पंचायत प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान, रविवार को मोहल्लेवासियों ने किया प्रदर्शन, संक्रमण फैलने का बढ़ रहा खतरा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**वजीरगंज।** नगर पंचायत वजीरगंज की शिवधाम कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई है। नालियों की समुचित सफाई और जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़क पर गंदा पानी जमा है। इससे करीब सौ परिवारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद समस्या का समाधान न होने से मोहल्लेवासियों में पंचायत प्रशासन के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। रविवार को लोगों ने एकत्र होकर प्रदर्शन किया और जलभराव से निजात दिलाने की मांग की।

मोहल्लेवासियों का कहना है कि शिवधाम कॉलोनी के मुख्य मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है। जलभराव के कारण सड़क पर पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है। कई जगह पानी काफी दिनों से जमा होने के कारण उसमें दुर्गंध उठने लगी है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत प्रशासन की ओर से जल निकासी के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया जा रहा है।

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि बरसात के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती है। बारिश का पानी नालियों के रास्ते निकलने के बजाय सड़क पर भर जाता है। जलभराव के कारण मार्ग पर कीचड़ भी फैल गया है। कई दोपहिया वाहन चालक फिसलकर चोटिल हो चुके हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते नालियों की सफाई और पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो समस्या और गंभीर हो सकती है। मोहल्लेवासियों को जलभराव के कारण मच्छरों के पनपने और संक्रमण फैलने का भी डर सता रहा है। क्षेत्र में इन दिनों मलेरिया और डेंगू के मरीज बढ़ने की बात कही जा रही है। ऐसे में गंदे पानी का लंबे समय तक जमा रहना लोगों की चिंता बढ़ा रहा है। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से भी कॉलोनी में एंटी लार्वा का छिड़काव कराने, फॉगिंग कराने और स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने की मांग की है।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि जलभराव की समस्या को लेकर पहले भी पंचायत प्रशासन से शिकायत की गई थी, लेकिन हर बार आश्वासन के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। लोगों का कहना है कि समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने के कारण उन्हें लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही है। जलभराव के कारण घरों के आसपास भी गंदगी का माहौल बना हुआ है।

मोहल्ले के लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही जल निकासी की व्यवस्था नहीं कराई गई तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करने के साथ ही आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने प्रशासन से मौके का निरीक्षण कराकर नालियों की सफाई, जल निकासी और नियमित फॉगिंग कराने की मांग की है।

लोगों का कहना है कि नगर पंचायत को केवल शिकायत मिलने का इंतजार करने के बजाय बरसात से पहले ही जलभराव वाले स्थानों को चिन्हित कर स्थायी समाधान कराना चाहिए। इससे न केवल आवागमन सुचारु होगा, बल्कि मच्छरजनित बीमारियों के खतरे को भी कम किया जा सकेगा।

## संक्षेप समाचार

### राम मूर्ति इंटर कॉलेज वाली गली में गिरा बिजली का पोल, बड़ा हादसा टला

बिसौली। नगर के दबतोरी रोड स्थित राम मूर्ति इंटर कॉलेज वाली गली में शनिवार सुबह 6 बजे के लगभग बिजली का पोल बंदरों के झूलने से अचानक गिर गया। गनीमत रही कि हादसे के समय गली में आवागमन नहीं था, जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, पोल गिरने के समय बिजली आपूर्ति चालू थी। पोल गिरने के बाद स्थानीय निवासी राम निवास ने बिजली विभाग को फोन करके बिजली आपूर्ति बंद कराई। बताया गया कि बिजली का पोल नीचे से काफी जर्जर और गला हुआ था। बरसात के कारण पोल की सतह और अधिक कमजोर हो गई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि पोल पर बंदर के झूलने के बाद वह अचानक नीचे गिर गया। पोल गिरने से गली में बिजली के तार भी नीचे आ गए। यह गली राम मूर्ति इंटर कॉलेज के पास होने के कारण काफी महत्वपूर्ण है और यहां से रोजाना सैकड़ों स्कूली छात्राएं रोजाना गुजरती हैं। सुबह के समय आवागमन कम होने के कारण बड़ा हादसा टल गया, लेकिन यदि उस समय कोई राहगीर या स्कूली बच्चा वहां से गुजर रहा होता तो गंभीर दुर्घटना हो सकती थी। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से जर्जर बिजली पोलों की जांच कराकर उन्हें जल्द बदलवाने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी अनहोनी से बचा जा सके। देर शाम तक पोल जस का तस पड़ा हुआ था। विभाग के किसी जिम्मेदार अधिकारी ने कोई संज्ञान नहीं लिया था। सुबह से विद्युत आपूर्ति भी बाधित रही।

### पिकअप के दोनों पहिए और सामान चोरी, ईंटों के सहारे छोड़ गए वाहन

उझानी। कोतवाली क्षेत्र की राजनगर कॉलोनी में घर के बाहर खड़ी पिकअप को अज्ञात चोरों ने निशाना बना लिया। चोर पिकअप के दोनों पिछले पहिए और उसमें रखा स्टेपनी, डेक, रस्सा, जैक व पाना समेत करीब 60 हजार रुपये का सामान चोरी कर ले गए। चोर पिकअप को ईंटों के सहारे खड़ा कर मौके से फरार हो गए। राजनगर कॉलोनी निवासी अतहर पुत्र मोहम्मद उमर ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पिकअप रोजाना की तरह घर के बाहर खड़ी थी। बीती रात अज्ञात चोरों ने पिकअप के दोनों पिछले पहिए खोल लिए। इसके साथ ही वाहन में रखा अन्य सामान भी चोरी कर लिया। सुबह जागने पर अतहर ने पिकअप को ईंटों के सहारे खड़ा देखा तो उन्हें शक हुआ। पास जाकर देखा तो दोनों पहिए और वाहन में रखा सामान गायब था। इसके बाद चोरी की जानकारी हुई। अतहर के मुताबिक चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 60 हजार रुपये है। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ चोरों की तलाश में जुटी है।

### दिगंबर जैन मंदिर के पास मकान का ताला तोड़कर हजारों की नकदी चोरी

**उझानी।** दिगंबर जैन मंदिर के समीप एक मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर प्रोविजनल स्टोर में रखी हजारों रुपये की नकदी समेत सामान चोरी कर ले गए। मकान मालिक के गोवर्धन परिक्रमा के लिए वृंदावन जाने के कारण मकान कई दिनों से खाली था। पड़ोसियों की सूचना पर दुकान स्वामी वापस लौटे, लेकिन शनिवार देर शाम तक उन्होंने पुलिस को तहरीर नहीं दी थी। नगर के मोहल्ला बाजार कलां निवासी गोविंद वार्ष्णेय पुत्र धर्मपाल की इसी मकान में प्रोविजनल स्टोर की दुकान है। बताया गया कि गोविंद वार्ष्णेय रोजाना की तरह दुकान बंद कर गोवर्धन की परिक्रमा के लिए वृंदावन गए थे। उनकी गैरमौजूदगी में 20 अगस्त की रात अज्ञात चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हो गए। इसके बाद दुकान में रखे कैश बाक्स से हजारों रुपये की नकदी और अन्य सामान चोरी कर लिया। सुबह पड़ोसियों ने मकान का ताला और कुंडी टूटी देखी। दुकान के अंदर सामान बिखरा और कुछ सामान गायब मिलने पर उन्होंने चोरी की जानकारी गोविंद वार्ष्णेय को दी। गोवर्धन परिक्रमा से लौटने के बाद दुकान स्वामी ने सामान की जांच की। चोरी की घटना से क्षेत्र के लोगों में भी चर्चा रही। हालांकि समाचार लिखे जाने तक दुकान स्वामी की ओर से कोतवाली पुलिस को घटना की तहरीर नहीं दी गई थी।

### समाधान दिवस में फरियादी बोला- साहब, कच्ची शराब बेचता हूं



**सहसवान।** कोतवाली परिसर में शनिवार को कोतवाल नरेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया। यहां फरियाद लेकर पहुंचे एक दिव्यांग युवक ने अधिकारियों के सामने बेबाकी से कहा कि वह कच्ची शराब बनाकर बेचता है और इसी से उसके परिवार का गुजारा चलता है। युवक की बात सुनकर मौके पर मौजूद लोग भी हैरान रह गए। समाधान दिवस में कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें चार शिकायतों का अधिकारियों ने मौके पर ही निस्तारण करा दिया, जबकि एक मामले में मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए गए। इसी दौरान कोतवाली क्षेत्र के गांव खिरकवारी निवासी नेमसिंह अपनी करीब सात-आठ वर्षीय पुत्री के साथ फरियाद लेकर पहुंचा। नेमसिंह ने बताया कि दो दिन पहले उसके घर पर पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने छापेमारी की थी। अधिकारियों ने उससे जब उसके काम के बारे में पूछा तो उसने बिना किसी झिझक के जवाब दिया कि वह कच्ची शराब बनाकर बेचता है। उसने बताया कि इसी काम से उसके परिवार का भरण-पोषण होता है। उसकी पत्नी भी दिव्यांग है और परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट बना हुआ है। युवक ने अधिकारियों से अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए मदद की गुहार लगाई। पुलिस अधिकारियों ने उसकी बात गंभीरता से सुनी और उसे कानून के दायरे में रहकर कार्रवाई किए जाने की बात कही। समाधान दिवस में युवक की बेबाकी चर्चा का विषय बनी रही। वहीं अधिकारियों ने सभी फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कर्मचारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

# शिव भक्तों के सम्मान में चेयरमैन फात्मा रजा ने कराया विशाल भंडारा

## सांसद आदित्य यादव और पूर्व मंत्री आबिद रजा ने कांवड़ियों पर की पुष्प वर्षा, हिंदू-मुस्लिम एकता का दिया संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय



भंडारे का फीता काटकर उद्घाटन करते सपा सांसद आदित्य यादव व पूर्व मंत्री आबिद रजा। –जागरण मोर्चा



भंडारे में शिव भक्तों को प्रसाद वितरण करते सपा सांसद आदित्य यादव व पूर्व मंत्री आबिद रजा। –जागरण मोर्चा



शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा करते सपा सांसद आदित्य यादव व पूर्व मंत्री आबिद रजा। –जागरण मोर्चा

**बदायूं।** सावन के पावन माह में शनिवार को लालपुल स्थित दास पेट्रोल पंप के निकट नगर पालिका की ओर से शिव भक्तों के सम्मान में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। नगर पालिका चेयरमैन फात्मा रजा की ओर से आयोजित भंडारे में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद आदित्य यादव और पूर्व मंत्री आबिद रजा शामिल हुए। इस दौरान सांसद आदित्य यादव, पूर्व मंत्री आबिद रजा और चेयरमैन फात्मा रजा ने कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया और शिव भक्तों को भोजन भी कराया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांवड़ियों और स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। भंडारे में शिव भक्तों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। आयोजन के दौरान हिंदू-मुस्लिम एकता और आपसी भाईचारे का संदेश भी दिया गया। सांसद आदित्य यादव और पूर्व मंत्री आबिद रजा ने आयोजन के लिए चेयरमैन फात्मा रजा की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में आपसी प्रेम और सद्भाव बढ़ाने का काम करते हैं। सभी धर्मों के धार्मिक आयोजनों का सम्मान किया जाना चाहिए। ऐसे आयोजन नफरत फैलाने वालों को भाईचारे और एकता का संदेश देते हैं। पूर्व मंत्री आबिद रजा के निर्देश पर चेयरमैन फात्मा रजा की ओर से हर वर्ष सावन माह में नगर पालिका के माध्यम से शिव भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया जाता है। चेयरमैन फात्मा रजा ने कहा कि बदायूं शहर की जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरने का वह पूरा प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि नगर पालिका बिना किसी धार्मिक भेदभाव के सभी वर्गों के हित में कार्य करती रहेगी।

कार्यक्रम में जवाहर सिंह यादव, बलबीर यादव, अजय पाल यादव, लाल यादव, राजवीर यादव, आशीष यादव, विजय सिंह यादव, सभासद पति मुख्तार बाबा, अनीस सिद्दीकी, अली अल्वी, हर्षित यादव, अमित उर्फ सोनू, ओमवीर यादव, त्यागी राजपूत, मनोज जाटव, पप्पू जाटव, अनमोल जाटव, मुरारी जाटव, छोटे लाल गौतम, डॉ. राजेंद्र जाटव, अमन यादव, अंकज यादव, रजत यादव, मनोज गुप्ता, श्याम यादव, प्रेम यादव, भोजराज यादव, इंदू सक्सेना, अफसर अली, मो. रफी, संजू सक्सेना, महेश सक्सेना, जाहिद गाजी, समर, जब्बार, दानिश अशर्फी, छोटू, बबलू, खलील अंसारी, राकिब, स्वाले चौधरी, मोहम्मद मियां, रिजवान बबलू, फहीम खान, फिरोज अंसारी, अनवर खान सभासद, अबरार सभासद, नवेद सभासद, संतोष कश्यप, पप्पू भाई, यूनिस अल्वी, पप्पन, पीरजी, अरुण यादव, कौसर अली, वसीम सैफी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# मोहम्मद सकलैन सिद्दीकी समाजवादी युवजन सभा की राज्य कार्यकारिणी में मनोनीत

जागरण मोर्चा कार्यालय



राज्य कार्यकारिणी सदस्य का स्वागत करते सपा सांसद आदित्य यादव।

**बदायूं।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति और प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की संस्तुति पर ग्राम आरिफपुर नवादा निवासी मोहम्मद सकलैन सिद्दीकी को समाजवादी युवजन सभा की प्रदेश राज्य कार्यकारिणी का सदस्य मनोनीत किया गया है। वह मोतशाम सिद्दीकी के पुत्र हैं।

समाजवादी युवजन सभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द गिरि ने उनका मनोनयन पत्र जारी किया। पार्टी नेतृत्व ने उम्मीद जताई कि सकलैन सिद्दीकी संगठन की नीतियों और कार्यक्रमों को युवाओं एवं आम जनता तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे तथा संगठन को और अधिक मजबूत एवं गतिशील बनाने का कार्य करेंगे।

उनके राज्य कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत होने की जानकारी मिलते ही जिले के समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए संगठन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाने की उम्मीद जताई। सकलैन सिद्दीकी को लगातार बधाई संदेश मिल रहे हैं।

### झाड़ियों में मिली संदिग्ध बाइक संभल नंबर की प्लेट से मची चर्चा

**बदायूं।** थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में बदायूं-मुरादाबाद हाईवे पर ग्राम दहेमी पुलिया के पास झाड़ियों में लावारिस हालत में बाइक मिलने से क्षेत्र में चर्चा फैल गई। राहगीरों ने झाड़ियों में बाइक पड़ी देख इसकी सूचना पुलिस को दी। बताया जा रहा है कि बाइक करीब दो दिन से झाड़ियों में पड़ी थी। बाइक पर संभल जिले का नंबर दर्ज है, जिससे लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। सूचना मिलने पर शहीद भगत सिंह पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और बाइक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस बाइक के स्वामी का पता लगाने के साथ ही यह भी जांच कर रही है कि बाइक झाड़ियों तक कैसे पहुंची और इसे वहां किसने छोड़ा। फिलहाल बाइक मिलने के बाद आसपास के क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# जाहर पीर छड़ी मेला लगना प्रारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** थाना क्षेत्र कस्बा उघैती में जाहर पीर छड़ी मेला लगा प्रारंभ हो गया है 52 साल पहले इस जगह जाहरपीर बाबा की मठिया थी मटिया पर छड़ी मेला लगता था ग्राम वासियों द्वारा दूर दराज से कबड्डी लंबी कूद अनेक तरह के कार्यक्रम कराए जाते थे दूर-दूर से लोग पूजा करने आते थे जिन लोगों की मनोकामना पूरी हो जाती थी यहां पर आकर छड़ी मेला के दिन भंडारा करते थे और कीर्तन होता था यह परंपरा लगातार चलती आई लगभग 8 साल से इस छड़ी मेला को और आकर्षित कर दिया जाहरवीर छड़ी मेल नाम दे दिया यहां पर अब दूर दराज से मीना बाजार चरक सर्कस कबड्डी लंबी कूद झूले लगना प्रारंभ हो गए फिर ग्राम वासियों ने झांकी का भी प्रबंध कर दिया अब लगातार सुंदर-सुंदर झांकियां और नौटंकी कार्यक्रम कंपनी कार्यक्रम प्रारंभ कर दिया जिन लोगों की जाहर पीर बाबा मैं श्रद्धा है बो पैदल जमीन पर लेट कर उनकी मटिया तक गांव के लोग पहुंचाते हैं जिन लोगों का बिगड़ा हुआ काम बन जाता है वह लोग अनेक तरह के पकवान बनाकर भंडारा करते हैं इस मेला लगाने में सभी ग्राम वासियों का सहयोग रहता है इस मौके पर पुष्पेंद्र रावल वीरेंद्र रामकुमार पूर्व प्रधान नेताजी गंगाराम, इमेज चित्तौड़िया नरेश डीलर रावल,प्रधान ठाकुर बाबू सिंह उर्फ मुनेंद्र सिंह प्रधान पति जयशंकर मौर्य मेला कमेटी के ठाकुर बंटी आज मौजूद रहे।

**राहत** जनपद में हुआ मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण, रसोइयों को प्रतीकात्मक चेक देकर किया सम्मानित

# रसोइयों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा, मानदेय में भी बढ़ोत्तरी

जागरण मोर्चा कार्यालय




कार्यक्रम में मौजूद भाजपा सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता व अन्य। –जागरण मोर्चा

**बदायूं।** पीएम पोषण योजना के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों के लिए प्रदेश सरकार ने कैशलेस चिकित्सा सुविधा और मानदेय में वृद्धि की घोषणा की है। रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का जनपद स्तर पर सजीव प्रसारण अटल बिहारी वाजपेयी सभागार, कलेक्ट्रेट बदायूं में किया गया।

जनपद स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव, विधान परिषद सदस्य वागीश पाठक के प्रतिनिधि शारदेंदु पाठक, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार, जिला विकास अधिकारी मनोज कुमार सिंह तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में जनपद के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों के साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मुख्यमंत्री के सजीव प्रसारण को सुना। मुख्यमंत्री ने रसोइयों को पांच लाख रुपये तक के निःशुल्क उपचार के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना का लाभ देने तथा उनके मानदेय में एक हजार रुपये की वृद्धि करते हुए 2,000 रुपये से बढ़ाकर 3,000 रुपये किए जाने की घोषणा की।

सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा से जोड़ना सरकार की महत्वपूर्ण और कल्याणकारी पहल है। इससे पात्र परिवारों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क कैशलेस उपचार मिल सकेगा। उन्होंने मानदेय में वृद्धि के लिए जनपद की सभी रसोइयों को शुभकामनाएं देते हुए बच्चों को शुद्ध एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने में इसी तरह अपनी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव ने कहा कि रसोइयों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने के साथ ही मानदेय बढ़ाने का निर्णय सराहनीय है। इससे रसोइयों को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूती मिलेगी तथा उनका भविष्य अधिक सुरक्षित होगा।

कार्यक्रम के दौरान जनपद की रसोइयों को प्रतीकात्मक कैशलेस चेक प्रदान कर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं और रसोइयों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कामिनी राठौर ने किया।

# एडवोकेट सफीर उद्दीन के सम्मान में भव्य समारोह, शिक्षा को बढ़ावा देने पर दिया जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय



सपा सांसद का सम्मान करते युवा लोग। –जागरण मोर्चा

**बदायूं।** नगराध्यक्ष समाजवादी पार्टी, बदायूं नियुक्त किए जाने पर एडवोकेट सफीर उद्दीन के सम्मान में इस्लामिया इंटर कॉलेज बदायूं की प्रबंध कमेटी की ओर से भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय लोकसभा सांसद आदित्य यादव, सपा जिला अध्यक्ष आशीष यादव और सहसवान विधायक ब्रजेश यादव समेत तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज की तरक्की के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। बच्चों और युवाओं को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ ही उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षित समाज ही देश और प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

समारोह में मौजूद अतिथियों ने एडवोकेट सफीर उद्दीन को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि वह समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, सामाजिक एकता और समाज के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई।

इस मौके पर जव्वाद अहमद, डॉ. शाहिद कय्यूम, आसिम याहया खान, एडवोकेट अनवर आलम, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अमन आलम, मंसूर साहब, अब्दुल सुबूर, असगर गाजी, गुड्डू, छोटू, बड़े, शीबू, कासिम, बिलाल उद्दीन आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिया अंसारी ने किया।





## एक नजर

### वाल्मीकि जयंती पर भव्य शोभायात्रा की तैयारियां शुरू, कमेटी का गठन

**उसहैत।** कस्बा उसहैत में भगवान वाल्मीकि जयंती के अवसर पर प्रस्तावित शोभायात्रा को भव्य रूप देने के लिए भगवान वाल्मीकि शोभायात्रा कमेटी 2026 का गठन किया गया। बैठक में वाल्मीकि समाज के वरिष्ठजनों और उपस्थित सदस्यों की सहमति से पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की गईं। बैठक में राहुल कुमार को भगवान वाल्मीकि शोभायात्रा कमेटी 2026 का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं रिंकू कुमार को उपाध्यक्ष और अरविंद कुमार को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा संदीप, अनिल, अजय, विनोद, डालचंद और पंकज कुमार कोषाध्यक्ष बनाए गए। नवनियुक्त पदाधिकारियों और सदस्यों ने एकजुट होकर भगवान वाल्मीकि जी की शोभायात्रा को भव्य, दिव्य और ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। बैठक में शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर आपसी सहयोग और सहभागिता पर भी जोर दिया गया।

# सहायक आयुक्त ने मांगा जवाब, ड्रग इंस्पेक्टर तलब

## कार्रवाई के दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारी के रुपये लेने का वीडियो वायरल होने के बाद विभाग में मचा हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खबर का असर**

**बदायूं।** कादरचौक क्षेत्र में मेडिकल स्टोर पर छापेमारी के दौरान ड्रग इंस्पेक्टर लवकुश प्रसाद की कार्रवाई को लेकर उठे सवालों के मामले में अब औषधि विभाग ने गंभीरता दिखाई है। जागरण मोर्चा में खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद सहायक आयुक्त औषधि बरेली ने ड्रग इंस्पेक्टर को तलब कर पूरे प्रकरण में जवाब मांगा है। साथ ही छापेमारी के दौरान की गई कार्रवाई और उनके साथ गए सेवानिवृत्त कर्मचारी के संबंध में भी जानकारी मांगी गई है। विभागीय स्तर पर मामले की जांच शुरू होने से ड्रग इंस्पेक्टर पर कार्रवाई की तलवार लटकती नजर आ रही है।



ड्रग इंस्पेक्टर लवकुश कुमार।

मामला कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव जोरी नगला का बताया जा रहा है। यहां बिना लाइसेंस मेडिकल स्टोर संचालित होने की सूचना पर ड्रग इंस्पेक्टर लवकुश प्रसाद जांच के लिए पहुंचे थे। बताया गया कि जांच के दौरान मेडिकल स्टोर संचालित मिला। टीम ने मेडिकल स्टोर में रखी दवाओं, रजिस्टर और अन्य अभिलेखों की जांच की। इस दौरान ड्रग इंस्पेक्टर के साथ एक सेवानिवृत्त कर्मचारी भी मौजूद था। छापेमारी के दौरान रुपये के लेनदेन से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद मामले को लेकर तरह-तरह के सवाल उठने लगे। आरोप लगाया गया कि कार्रवाई के दौरान मौजूद सेवानिवृत्त कर्मचारी की ओर से रुपये लिए गए। वीडियो वायरल होने के बाद मामला धीरे-धीरे विभाग के उच्च अधिकारियों तक पहुंचा। इसके बाद पूरे प्रकरण ने तूल पकड़ लिया। मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद सहायक आयुक्त औषधि बरेली संदीप कुमार ने इसे गंभीरता से लिया। उन्होंने ड्रग इंस्पेक्टर को तलब कर जवाब मांगा है। साथ ही यह भी स्पष्ट करने को कहा गया है कि छापेमारी के दौरान उनके साथ सेवानिवृत्त कर्मचारी किस हैसियत से गया था और वहां किस प्रकार की कार्रवाई की गई। विभाग की ओर से अब उपलब्ध वीडियो और अन्य तथ्यों के आधार पर पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। इधर, मामला अधिकारियों तक पहुंचने के बाद ड्रग इंस्पेक्टर की मुश्किलें बढ़ती दिखाई दे रही हैं। विभागीय सूत्रों के मुताबिक जांच में यदि आरोपों की पुष्टि होती है तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है। हालांकि अभी विभाग की जांच पूरी नहीं हुई है और अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर ही कोई अंतिम निर्णय लिया जाएगा। वहीं इस पूरे प्रकरण को लेकर क्षेत्र में भी चर्चाओं का बाजार गर्म है। मेडिकल स्टोर संचालकों और स्थानीय लोगों के बीच छापेमारी की कार्रवाई को लेकर सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि औषधि विभाग की कार्रवाई पारदर्शी होनी चाहिए, ताकि किसी भी तरह की अनियमितता की गुंजाइश न रहे।

सहायक आयुक्त औषधि संदीप कुमार ने बताया कि मामले में ड्रग इंस्पेक्टर से जवाब मांगा गया है। छापेमारी के दौरान की गई कार्रवाई और साथ गए कर्मचारी के संबंध में भी जानकारी ली जा रही है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कुंवरगांव में चेयरमैन ज्योति रानी के आवास पर भव्य भंडारा

**कुंवरगांव।** सावन के अंतिम सोमवार से पहले रविवार को कुंवरगांव क्षेत्र शिवभक्ति में सराबोर नजर आया। आंवला-बदायूं मार्ग से गुजर रहे कांवड़ियों की सेवा के लिए नगर चेयरमैन ज्योति रानी ने अपने निज आवास पर भव्य भंडारे का आयोजन कराया। भंडारे में चाट, पकौड़े, डोसा, टिक्की, चाऊमीन और पानी पुरी समेत विभिन्न व्यंजन तैयार किए गए। चेयरमैन ज्योति रानी, उनके पति अरविंद रावत और भाई किशनवीर रावत ने कांवड़ियों को प्रसाद वितरित कर सेवा की। बड़ी संख्या में कांवड़ियों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। डीजे पर बज रहे शिव भजनों और 'हर-हर महादेव' के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा। कांवड़िए नाचते-गाते हुए अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए। भंडारे में भाजपा युवा नेता एवं जिला मंत्री विश्वजीत गुप्ता समेत अनिल कुमार, मनु सिंह, अवनीश कुमार शर्मा, मिक्की, आजाद पोरवाल, हनी मिश्रा, रामू रावत, यशवीर सिंह गौतम आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार

### श्रद्धा और सेवाभाव से शिवभक्तों का स्वागत, पुलिस ने कराया भंडारा



शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा करते पुलिस अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा-2026 को सकुशल, शांतिपूर्ण और सुरक्षित संपन्न कराने के लिए बदायूं पुलिस लगातार श्रद्धालुओं की सेवा और सुरक्षा में जुटी हुई है। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने थाना सिविल लाइन क्षेत्र में भंडारे का आयोजन कर शिवभक्तों और कांवड़ यात्रियों का आत्मीय स्वागत किया। भंडारे के दौरान कांवड़ लेकर गुजर रहे श्रद्धालुओं से पुलिस अधिकारियों ने संवाद कर उनका हालचाल जाना और यात्रा की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। अधिकारियों ने कांवड़ यात्रियों को मंगलमय, सुखद और सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दीं। पुलिसकर्मियों ने श्रद्धालुओं को श्रद्धापूर्वक प्रसाद परोसा, जिसमें बड़ी संख्या में कांवड़ यात्रियों और श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कांवड़ यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से पेयजल, भोजन, प्रसाद समेत अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गईं। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने श्रद्धालुओं के साथ आत्मीयता और सेवाभाव का परिचय देते हुए उनकी यात्रा को सुगम बनाने में सहयोग किया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सम्मान और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। यात्रा को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और सुरक्षित संपन्न कराने के लिए पुलिस बल लगातार क्षेत्र में सक्रिय है।

### कांवड़ देखने गए युवक को बाइक सवारों ने मारी टक्कर, मौत



पोस्टमार्टम हॉउस पर जानकारी देते मृतक के परिजन। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** अलापुर थाना क्षेत्र के कस्बा सखानू निवासी 22 वर्षीय यश गुप्ता पुत्र दिनेश गुप्ता की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक रविवार शाम यश गुप्ता अपने चाचा विपिन गुप्ता के साथ बाइक से खरखोली गांव में कांवड़ देखने गया था। दोनों हाईवे किनारे खड़े होकर डीजे देख रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे तीन बाइक सवारों ने यश गुप्ता को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में यश और उसके चाचा विपिन गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों को जिला अस्पताल लेकर आए। यश की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे बरेली हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उसे बरेली लेकर जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यश की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

### कांवड़ भरकर लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत



पोस्टमार्टम हाउस पर जानकारी देते मृतक के परिजन। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** भागीरथी कछला गंगा घाट से कांवड़ में जल भरकर शाहजहांपुर के पटना देवकली मंदिर जा रहे 26 वर्षीय युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजन रोते-बिलखते पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। अलापुर थाना क्षेत्र के गांव रमनगला रूपामई निवासी सतीश पुत्र लालाराम शुक्रवार शाम अपने साथियों के साथ बाइक से उझानी थाना क्षेत्र स्थित भागीरथी कछला गंगा घाट पर कांवड़ भरने गया था। शनिवार सुबह सतीश अपने चार अन्य साथियों के साथ दो बाइकों पर सवार होकर कांवड़ में गंगाजल लेकर शाहजहांपुर के पटना देवकली मंदिर में जल चढ़ाने के लिए रवाना हुआ। बताया गया कि बदायूं-उझानी मार्ग पर जीडी गोयंका स्कूल से कुछ आगे पहुंचते ही विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने सतीश की बाइक को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सतीश गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर जा गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही उझानी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं हादसे की सूचना मिलते ही सतीश के परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। जवान बेटे की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## ई-रिक्शा चालक व साथी ने युवक से की लूटपाट, गला दबाकर जान से मारने का प्रयास

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** हरिद्वार से नौकरी कर घर लौट रहे युवक को ई-रिक्शा में बैठाकर सुनसान रास्ते पर ले जाकर लूटपाट करने और गला दबाकर जान से मारने के प्रयास का मामला सामने आया है। पीड़ित की चीख-पुकार सुनकर दूसरे ई-रिक्शा में सवार लोगों ने उसकी मदद की और एक आरोपी से लूटा गया मोबाइल व चांदी की चेन वापस दिलाई। पुलिस ने ई-रिक्शा चालक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

उझानी थाना क्षेत्र के गांव उलैहतापुर निवासी दानवीर सिंह पुत्र कल्याण शुक्रवार को हरिद्वार से बस द्वारा बिसौली पहुंचे थे। यहां से मुजरिया जाने के लिए उन्होंने एक ई-रिक्शा किया। आरोप है कि चालक उसे मुजरिया की ओर ले जाने के बजाय बदायूं रोड की तरफ सुनसान रास्ते पर ले गया। रास्ते में अंधेरा और सुनसान स्थान देखकर चालक और उसके साथी ने युवक का गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया।

आरोप है कि दोनों ने दानवीर से चांदी की चेन, मोबाइल फोन और 16,500 रुपये की नकदी लूट ली। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक अन्य ई-रिक्शा में सवार ग्राम बसई के लोगों ने युवक की चीख-पुकार सुन ली। उन्होंने मौके पर पहुंचकर उसकी मदद की और आरोपी चालक से मोबाइल व चांदी की चेन वापस दिलवाई। हालांकि, चालक का साथी 16,500 रुपये की नकदी लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद दानवीर परिजनों के साथ देर रात तक बिसौली थाने में मौजूद रहे। पुलिस ने आरोपी ई-रिक्शा चालक को रिक्शा समेत हिरासत में ले लिया है।

# दातागंज में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने नाव से किया दौरा

## बाढ़ पीड़ितों से संवाद कर सुनी समस्याएं, सरकारी राहत न मिलने का लगाया आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** रामगंगा में बढ़े जलस्तर के चलते दातागंज तहसील क्षेत्र के कई गांव बाढ़ की चपेट में हैं। रविवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। हजरतपुर से गढ़िया रंगीन जाने वाला मार्ग बाढ़ के पानी में डूबने के कारण उन्होंने नाव से हर्रामपुर, शेरपुर, मौजमपुर और लालपुर खादर समेत कई गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं।

ग्रामीणों ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष को बताया कि अब तक उन्हें सरकार की ओर से कोई बाढ़ राहत सामग्री नहीं मिली है। बाढ़ के पानी के कारण हजरतपुर-गढ़िया रंगीन मार्ग बंद हो गया है, जिससे हर्रामपुर, शेरपुर,



नाव में बैठकर बाढ़ क्षेत्र का ज्यादा लेते कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह यादव।

मौजमपुर, लालपुर खादर, कुंडरा मझरा, पट्टी, भेंड़ा और अकट समेत दर्जनभर गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क प्रभावित हो गया है। कई गांवों में सरकारी स्कूल भी बंद हैं, जिससे हजारों छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। आवागमन के लिए ग्रामीणों को नाव का सहारा लेना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि रामगंगा का जलस्तर और बढ़ा तो हजारों बीघा धान की फसल जलमग्न होकर बर्बाद हो सकती है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि दातागंज क्षेत्र में बाढ़ की समस्या का स्थायी समाधान जरूरी है। उन्होंने कहा कि रामगंगा किनारे बसे गांवों में हर साल बाढ़ के कारण कई महीनों तक सड़क संपर्क बाधित रहता है। हर्रामपुर, मौजमपुर, शेरपुर, नवादा, गढ़िया पैगम्बरपुर, लालपुर, गौंटिया और कुंढरा मझरा समेत करीब 50 गांवों के लोग प्रभावित होते हैं। खेतों में पानी भरने से फसलें भी बर्बाद हो जाती हैं और किसानों को साल में केवल एक फसल पर निर्भर रहना पड़ता है। उन्होंने कहा कि हर साल बाढ़ से ग्रामीणों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है और बच्चों की शिक्षा भी प्रभावित होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से सत्ता में रहने के बावजूद भाजपा सरकार और दातागंज के भाजपा विधायक क्षेत्र की इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान नहीं करा सके।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ी है और क्षेत्र की इस समस्या को लेकर संघर्ष जारी रहेगा। दौरे में कांग्रेस जिला सचिव मंजेश यादव, संजीव राठौर, जतन सिंह, अरविंद, सतेंद्र यादव, गजेंद्र सिंह, नेम सिंह, ओमपाल सिंह, सोरन सिंह, योगेश यादव समेत कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

# मेडिकल परीक्षण के नाम पर सात हजार रुपये मांगने का आरोप, पिता का वीडियो वायरल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**उसावां।** दूसरे समुदाय के युवक द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाई गई नाबालिग किशोरी के चिकित्सीय परीक्षण को लेकर उसके पिता ने गंभीर आरोप लगाए हैं। पिता का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों पर मेडिकल परीक्षण में आनाकानी करने, धमकाने और सात हजार रुपये मांगने का आरोप लगा रहा है। पीड़ित पिता ने थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग किशोरी को गत सोमवार को भदेली गांव निवासी सैजान पुत्र सन्नू खां बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। किशोरी के पिता ने मामले की तहरीर थानाध्यक्ष राजेंद्र सिंह को दी थी। पुलिस ने तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर किशोरी की बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए दो दिन बाद किशोरी को महाराष्ट्र से बरामद कर लिया।

बताया गया कि 22 अगस्त को पुलिस किशोरी को चिकित्सीय परीक्षण के लिए अस्पताल लेकर पहुंची। किशोरी के पिता का आरोप है कि ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने मेडिकल परीक्षण करने में आनाकानी की। आरोप है कि चिकित्सकों ने किशोरी को मेडिकल न कराने के लिए समझाया और पिता को धमकी दी कि यदि मेडिकल कराया तो उसे ही जेल भिजवा दिया जाएगा। इसके बाद चिकित्सीय परीक्षण के नाम पर सात हजार रुपये की मांग किए जाने का भी आरोप लगाया गया है।

वायरल वीडियो में किशोरी के पिता एक चिकित्सक पर आरोपी पक्ष से संपर्क रखने का आरोप भी लगा रहे हैं। उनका कहना है कि संबंधित चिकित्सक आरोपी युवक के समुदाय से है और उसने मेडिकल न कराने के लिए उन्हें धमकाया। हालांकि, पिता ने चिकित्सक का नाम स्पष्ट रूप से नहीं बताया है। पीड़ित पिता ने थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर पूरे मामले की जांच कर आरोपों की पुष्टि होने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि शिकायत की जांच की जा रही है। जांच के बाद तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# रुद्राभिषेक से सुख-समृद्धि और भय से मुक्ति : संजीव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**उझानी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के मार्गदर्शन में कल्याण चौक के निकट विमला हरि ग्रीन कॉलोनी में सुधांकर तिवारी के आवास पर रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस दौरान शिवभक्तों ने भगवान शिव का विधि-विधान से पूजन कर उनका श्रृंगार किया और दुग्ध से बने मिष्ठान का भोग लगाया। सुसज्जित दीपकों से भगवान शिव की आरती की गई।

गायत्री परिवार के संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि श्रावण मास में रुद्राभिषेक का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार रुद्राभिषेक करने से जीवन में सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और शांति की प्राप्ति होती है तथा भय से मुक्ति मिलती है। उन्होंने बताया कि पुराणों में रुद्राभिषेक को ग्रहों की बाधाओं, पितृ दोष और कालसर्प



रुद्राभिषेक करते हुए आचार्य संजीव शर्मा। -जागरण मोर्चा

दोष को शांत करने वाला बताया गया है। महाशिवरात्रि और श्रावण मास में इसका विशेष महत्व माना जाता है। उन्होंने कहा कि रुद्राभिषेक केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, मन की स्थिरता और आध्यात्मिक जागृति का भी माध्यम है। वेदमंत्रों की ध्वनि और जल की शीतलता से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

मुख्य यजमान पीएनबी के प्रबंधक सुधांकर तिवारी सपत्नीक रहे। उन्होंने भगवान शिव का दुग्ध से रुद्राभिषेक किया। पूजन के दौरान भगवान शिव को मेवा, मिष्ठान, दुग्ध, दही, शहद, बेलपत्र, भांग और धतूरा आदि अर्पित किए गए। इसके बाद अवधेश कुमार तिवारी, सुशील बाजपेई समेत अन्य शिवभक्तों ने भव्य आरती की। इस मौके पर अवधेश कुमार तिवारी, सुशील बाजपेई, अशोक बाजपेई, दिनेश रावत, उमाशंकर शर्मा समेत अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

**कार्रवाई** जिलाधिकारी के निर्देश पर 11 से 25 अगस्त तक चलाया जा रहा है सेफ फ्यूचर 2 .0 अभियान

# फिटनेस नहीं कराने पर 68 स्कूली वाहनों के पंजीयन निलंबित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश शासन और जिलाधिकारी के निर्देश पर 11 से 25 अगस्त तक चलाए जा रहे सेफ फ्यूचर 2.0 अभियान के तहत परिवहन विभाग ने स्कूली वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद वाहनों की फिटनेस नहीं कराने पर विभाग ने 68 स्कूली वाहनों के पंजीयन निलंबित कर दिए हैं।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) हरिओम ने बताया कि स्कूली वाहनों को फिटनेस कराने के लिए संबंधित स्कूल संचालकों को कई बार नोटिस दिए गए थे। इसके बावजूद निर्धारित समय में वाहनों की फिटनेस नहीं कराई गई। इस



पंजीकरण निरस्त हुए स्कूली वाहन। -जागरण मोर्चा

पर मोटर यान अधिनियम-1988 की धारा 53 के तहत कार्रवाई करते हुए 68 वाहनों का पंजीयन निलंबित किया गया है। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि जारी की गई स्कूली वाहनों की रेट लिस्ट के अनुसार यदि किसी वाहन से कोई अप्रिय घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित स्कूल प्रशासन और वाहन संचालक की होगी। विभाग की ओर से स्कूली वाहनों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रखने की बात कही गई है। एआरटीओ ने सभी स्कूल संचालकों से अपील की है कि वे अपने स्कूली वाहनों के प्रपत्र दुरुस्त रखें और समय से फिटनेस, परमिट, बीमा समेत अन्य आवश्यक दस्तावेज पूरे कराएं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

### धक्का लगने से बुजुर्ग की मौत, पोस्टमार्टम को भेजा शव

**बदायूं।** कादरचौक थाना क्षेत्र के गरौलिया गांव में आपसी विवाद के दौरान धक्का दिए जाने से 60 वर्षीय बुजुर्ग रामस्वरूप पुत्र देवीराम की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। बताया गया कि रामस्वरूप के घर पर निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान पड़ोस के सोनू, मोहित और गीता वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। रामस्वरूप ने इसका विरोध किया तो विवाद बढ़ गया। आरोप है कि इसी दौरान उन्हें धक्का दे दिया गया, जिससे उनका सिर ईंटों पर जा लगा और गंभीर चोट लगने से उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर कादरचौक पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने रामस्वरूप के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# उसहैत में पीस कमेटी की बैठक, त्योहारों पर शांति और भाईचारा बनाए रखने की अपील

जागरण मोर्चा कार्यालय

**उसहैत।** आगामी रक्षाबंधन, जन्माष्टमी और ईद मिलादुन्नबी के पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में हुई बैठक में मंदिरों के पुजारियों, मस्जिदों के मौलानाओं समेत नगर के गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

थाना प्रभारी निरीक्षक ने सभी धर्मों के लोगों से शासन की गाइडलाइन का पालन करते हुए त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी पर्व पर नई परंपरा शुरू न की जाए और जुलूस निर्धारित रूट से ही निकाले जाएं। जुलूस के दौरान शांति,



पीस कमेटी की बैठक में मौजूद इंस्पेक्टर व देहात क्षेत्र के संभ्रांत लोग। -जागरण मोर्चा

अनुशासन और भाईचारा बनाए रखने के साथ सभी लोग आपसी मेलजोल के साथ त्योहार मनाएं।

उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि त्योहारों के दौरान अफवाह फैलाने वाले, खुराफाती तत्वों और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी भी व्यक्ति को कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।

बैठक में चेयरमैन नवाब हसन, पूर्व चेयरमैन गौरव गुप्ता, श्री कालसेन बाबा मंदिर के पुजारी गोविंद राम, आसिफ अली, परवेज अली, जुनैद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।




## एक नजर

### अवैध तमंचों के साथ दो युवक गिरफ्तार

**मीरानपुर।** कटरा शाहजहांपुर कटरा थाना पुलिस ने चेकिंग और गश्त के दौरान दो युवकों को अवैध तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। कटरा थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश सेंगर ने बताया बीती रात टीम कटरा-जलालाबाद राज्यमार्ग पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम पृथ्वीनगला उर्फ नगरिया के पास एक युवक को पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम बरेली जिले के फरीदपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम औरंगाबाद निवासी बंटी बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 315 बोर का तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। वहीं दूसरी कार्रवाई लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित हुलासनगरा ओवरब्रिज के सर्विस रोड पर की गई। यहां पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम बदायूं जिले के विनावर थाना क्षेत्र के ग्राम शेरगंज निवासी देवाराम उर्फ बंटी बताया। पुलिस ने उसके कब्जे से भी 315 बोर का तमंचा और कारतूस बरामद किया।

# रसोइयों का मानदेय हुआ 3 हजार, कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों को सरकार ने बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान स्थित जुपिटर सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के 3.54 लाख रसोइयों के लिए मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ किया। इसका सीधा प्रसारण गांधी भवन सभागार में हुआ। जनपद स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना रहे। सदर तहसील के भावलखेड़ा, ददरौल, मदनापुर और कांट विकासखंड से पहुंचे रसोइयों को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि संवेदनशील सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के हितों की चिंता करती है। उन्होंने बताया कि परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों के मानदेय में तीन हजार रुपये प्रतिमाह


प्रतीकात्मक चेक प्रदान करते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना। –जागरण मोर्चा

की वृद्धि की गई है। साथ ही उन्हें मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना का लाभ भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि रसोइयों के परिवार में दुर्घटना होने पर भारतीय स्टेट बैंक के माध्यम से दो लाख रुपये की सहायता का प्रावधान किया गया है। ड्रेस के लिए मिलने वाली धनराशि भी 500 रुपये से बढ़ाकर 1000 रुपये कर दी गई है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को सशक्त और सुरक्षित बनाना है। ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र में डिग्री कॉलेज की स्थापना के लिए वित्त मंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को जनपद में प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। कार्यक्रम में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना समेत अतिथियों ने प्राथमिक विद्यालय सुरतपुर की रसोइया राजकुमारी, गौहनिया की झुमका देवी, मौजमपुर की ओम श्री व सत्यवती, कंपोजिट विद्यालय ददरौल के श्रीराम, जलालनगर की नसीम बानो, अलीगंज की नजमा देवी, कंपोजिट विद्यालय बलीपुर की शर्मा देवी व रूपरानी तथा भित्तियां पौकी की मधुरिमा व रामदेवी को मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना के प्रतीकात्मक कार्ड वितरित किए। वहीं प्राथमिक विद्यालय बाइजई प्रथम की लक्ष्मी, रहमानिया जूनियर हाईस्कूल की रुखसाना, कंपोजिट विद्यालय कांट की रामगीता, रामरति व रामसुखी, प्राथमिक विद्यालय बबौरी के बच्चन सिंह और कंपोजिट विद्यालय नगरिया प्रयागपुर के ब्रह्मा कुमार सिंह को मानदेय वृद्धि के प्रतीकात्मक चेक दिए गए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जयशंकर श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में पीएम पोषण योजना से 2,805 विद्यालय आच्छादित हैं, जिनमें 7,625 रसोइये कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि रसोइयों और उनके आश्रितों को कैशलेस चिकित्सा योजना से जोड़ना सरकार की संवेदनशील सोच को दर्शाता है। कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नगर तिलहर की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। स्काउट-गाइड पार्टी ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में सांसद अरुण कुमार सागर, ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जयशंकर श्रीवास्तव समेत जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान जिला समन्वयक समेकित शिक्षा सोहन शुक्ला, जिला समन्वयक प्रशिक्षण रोहित सिंह, एमआईएस सचिन वर्मा, कंप्यूटर ऑपरेटर मोहम्मद आमिर, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मुनीश कुमार मिश्रा समेत शिक्षक, शिक्षामित्र, स्काउट-गाइड और विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे। अंत में मध्याह्न भोजन सेल के मनोज कुमार ने अतिथियों और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों व उपस्थित लोगों का आभार जताया।

## संक्षेप समाचार

### एसएस विश्वविद्यालय में एनएसएस 19 इकाई संचालित होंगी

**शाहजहांपुर।** उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए जारी आवंटन आदेश के अंतर्गत स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की 7 नवीन इकाइयों सहित कुल 19 इकाइयों का आवंटन किया गया है। शासन द्वारा किए गए आवंटन के अनुसार विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयां संचालित होंगी। आवंटन में आर्य महिला महाविद्यालय को 02, जी.एफ. कॉलेज को 03, राजकीय महाविद्यालय कांट को 01, ईश्वरी प्रसाद महाविद्यालय निगोही को 01, ओशो ध्यान विज्ञान महाविद्यालय म्यूना खुदागंज को 01, प्रेम किशन खन्ना राजकीय महाविद्यालय जलालाबाद को 01, पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय तिलहर को 02, स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय को 03, स्वामी विवेकानंद कॉलेज पुवायां को 02 तथा सावित्री देवी गर्ल्स पी.जी. कॉलेज पुवायां को 03 राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों का आवंटन किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पी.बी. सिंह ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। विश्वविद्यालय की एन.एस.एस. इकाइयां शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप जन-जागरूकता एवं सामाजिक विकास के कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करेंगी। विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि नवीन इकाइयों के गठन से विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में एनएसएस का विस्तार होगा तथा अधिक से अधिक विद्यार्थी सेवा, अनुशासन, नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना से जुड़ सकेंगे। विश्वविद्यालय स्तर से सभी इकाइयों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं समन्वय प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य राष्ट्रीय सेवा योजना को केवल नियमित गतिविधियों तक सीमित न रखते हुए इसे "सेवा से व्यक्तित्व विकास और व्यक्तित्व विकास से राष्ट्र निर्माण" के प्रभावी माध्यम के रूप में विकसित करना है। इस अवसर पर प्रो. अनुराग अग्रवाल, प्रो.आलोक मिश्रा, प्रो. आदित्य कुमार सिंह सहित समस्त विश्वविद्यालय परिवार ने हर्ष प्रकट किया। **नवीन इकाइयां** : स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय परिसर-02, स्वामी विवेकानंद कॉलेज पुवायां-02, सावित्री देवी गर्ल्स पी.जी. कॉलेज पुवायां-03।

### अनियंत्रित होकर पलटी ट्रैक्टर-ट्राली, पांच कांवड़िए घायल


सिधौली में दुर्घटनाग्रस्त ट्रॉली। –जागरण मोर्चा

**सिंधौली शाहजहांपुर।** निगोही क्षेत्र के गांव डडिया बाजार के कांवड़ियों का जत्था शुक्रवार शाम गोला गोकर्णनाथ खीरी से जलाभिषेक करने के बाद घर लौट रहे थे इसी दौरान पुवायां क्षेत्र में बड़ागांव के निकट स्थित फ्लाईओवर पर ट्रेक्टर ट्राली के अनियंत्रित होकर पलटने से पांच कांवड़िए घायल हो गए। घायल हुए कांवड़ियों में प्रभुदयाल, शोभित, प्रशान्त, श्रवण, वंश तथा सौरभ घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुँची पुवायां पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से सिंधौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ.जफ़र सैफी ने बताया कि आधा दर्जन कांवड़िये मामूली चुटैल हुए है। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को घर भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह ने बताया कि घटना पुवायां क्षेत्र की है। घायलों को सीएचसी पर उपचार दिलाया गया है।

### सख्त निगरानी में शांतिपूर्ण संपन्न हुई अधीनस्थ सेवा परीक्षा


निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी रजनीश मिश्रा। –जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** सम्मिलित अधीनस्थ सेवा परीक्षा को लेकर रविवार को जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं की निगरानी की। अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश मिश्र ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, अनुशासन और अन्य आवश्यक इंतजामों का जायजा लिया। उन्होंने केंद्रों पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी की निगरानी और प्रशासन की सतर्कता के बीच परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। जिला प्रशासन की ओर से परीक्षा में किसी भी प्रकार की अनियमितता रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरती गई।

### मुख्यमंत्री की घोषणाओं का हुआ सीधा प्रसारण, रसोइया बहनों में खुशी की लहर


परशुराम पुरी जलालाबाद में मुख्यमंत्री घोषणाओं के प्रसारण का कार्यक्रम।

**जलालाबाद शाहजहांपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में तहसील जलालाबाद में रविवार को 'रसोइया सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा रसोइया बहनों के हित में की गई विभिन्न लोककल्याणकारी घोषणाओं का सीधा प्रसारण दिखाया गया। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण व पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने वाली रसोइया बहनों का श्रम और समर्पण अतुलनीय है। सरकार के ये फैसले उनके जीवन में सुरक्षा और स्वाभिमान का नया सवेरा लाएंगे। **मुख्यमंत्री द्वारा की गई प्रमुख घोषणाएं :** मानदेय वृद्धि : मानदेय में 1,000 की बढ़ोतरी। दुर्घटना बीमा : 2 लाख का दुर्घटना बीमा कवर। कैशलेस इलाज : 5 लाख तक का कैशलेस उपचार। पोशाक भत्ता : परिधान हेतु राशि 500 से बढ़ाकर 1,000 की गई। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की गरिमामयी मौजूदगी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जलालाबाद विधायक हरि प्रकाश वर्मा, मिर्जापुर ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी, एसडीएम जलालाबाद मधुसूदन गुप्ता, तहसीलदार राघवेश मणि त्रिपाठी, एसडीएम कलान, खंड शिक्षा अधिकारी (जलालाबाद) श्रीमती शाहीन अंसारी, मिर्जापुर से अरविन्द कुशवाहा और कलान से अजय कुमार समेत कई अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। समारोह में लगभग 150 रसोइया बहनों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन अभिनय मिश्रा व अरुण अग्निहोत्री ने संयुक्त रूप से किया। आयोजन को सफल बनाने में राहुल कुमार सिंह, प्रमोद कुमार, जवित्री देवी, सीता त्रिवेदी, लक्ष्मी सिंह, प्रगति श्रीवास्तव और उत्कर्षा शर्मा का विशेष योगदान रहा।

# छात्रों की मांगों को लेकर धरने पर बैठे युवा कांग्रेस नेता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय में छात्रों की प्रवेश संबंधी समस्याओं समेत अन्य मुद्दों को लेकर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामजी अवस्थी शनिवार को कुलपति प्रो. पुष्पेंद्र बहादुर सिंह से वार्ता करने पहुंचे। कुलपति के वहां से चले जाने पर नाराज रामजी अवस्थी और उनके समर्थक छात्रों ने विश्वविद्यालय गेट पर धरना शुरू कर दिया। कुछ देर बाद एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रफी उल हसन समेत अन्य छात्र भी धरने में शामिल हो गए। धरने की सूचना पर विश्वविद्यालय की ओर से कुलानुशासक डॉ. आलोक सिंह छात्रों से वार्ता करने पहुंचे, लेकिन छात्र कुलपति को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। इसी बीच थाना कोतवाली पुलिस प्रशासन के साथ मौके पर पहुंची।


स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय पर धरना देते छात्र। –जागरण मोर्चा

पुलिस ने छात्रों से वार्ता कर उन्हें समझाने का प्रयास किया। सावन माह के अंतिम सोमवार के चलते प्रशासनिक व्यस्तता का हवाला देते हुए, पुलिस ने छात्रों से धरना समाप्त करने और वार्ता के लिए सहयोग करने का अनुरोध किया। हालांकि रामजी अवस्थी कुलपति से मुलाकात की मांग पर अड़े रहे। काफी देर बाद पुलिस प्रशासन के अनुरोध पर रामजी अवस्थी अपने साथियों के साथ कुलपति कार्यालय पहुंचे और उनसे वार्ता की। वार्ता के दौरान विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से छात्रों की समस्याओं और मांगों का समाधान 25 अगस्त तक कराने का आश्वासन दिया गया। इस पर रामजी अवस्थी ने धरना समाप्त कर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 25 अगस्त तक सभी मांगें पूरी नहीं की गईं तो छात्र दोबारा बड़ी संख्या में एकत्र होकर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू करेंगे। इस दौरान एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रफी उल हसन, जिला महासचिव गौरव त्रिपाठी, शोभित मिश्रा, अनुभव कटारिया, अंकित मिश्रा, यश गुप्ता, हिमांशु मुद्गल, फैजान, मानु शर्मा, शाद खां, हर्षित मिश्रा, कैफ, सईद अंसारी, नितिन तिवारी, प्रशांत, शाहनवाज, सुधांशु, अनस अंसारी और शिवांश मिश्रा एडवोकेट समेत अन्य छात्र मौजूद रहे।

# छुट्टा गोवंशो के झुंड से टकराई स्कूटी, होमगार्ड की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** रोजा अड्डे से शाहजहांपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर शुक्रवार देर रात छुट्टा गोवंशों का झुंड सड़क पर आ जाने से स्कूटी सवार दो होमगार्ड हादसे का शिकार हो गए। हादसे में एक होमगार्ड की मौत हो गई, जबकि उनका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआइ) मोड़ के पास हुई।

हेतमपुर निवासी होमगार्ड सुशील (42) शुक्रवार रात करीब 11 बजे बल्लिया निवासी साथी राजवीर के साथ स्कूटी से नाइट ड्यूटी के लिए जा रहे थे। आईटीआइ मोड़ के पास अचानक सड़क पर छुट्टा गोवंशों का झुंड आ गया। स्कूटी की गोवंशों से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों होमगार्ड सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने सुशील को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल राजवीर का उपचार चल रहा है।

सुशील की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के पिता ज्वाला प्रसाद ने बताया कि करीब एक सप्ताह पहले ही लंबी बीमारी के चलते सुशील की मां कमला का निधन हुआ था। परिवार अभी मां के निधन के गम और श्राद्ध कर्म से उबर भी नहीं पाया था कि घर के कमाऊ बेटे की मौत की खबर ने परिवार को झकझोर दिया। सुशील अपने पीछे पत्नी और दो बेटों को छोड़ गए हैं।

# नगर आयुक्त अपर नगर आयुक्त की सख्ती से निगम में हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** नगर निगम में निर्माण और सफाई कार्यों में लापरवाही करने वाले ठेकेदारों के साथ अब काम में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर भी शिकंजा कस दिया गया है। नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी और अपर नगर आयुक्त अजय कुमार त्रिपाठी की सख्ती से निगम में खलबली मची हुई है। अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि काम में लापरवाही करने वालों को भुगतान नहीं किया जाएगा। नगर आयुक्त ने लापरवाही के एक मामले में संबंधित फर्म के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के साथ उसे ब्लैक लिस्ट करने और रिकवरी के निर्देश दिए हैं। वहीं तितली लगाने के कार्य में लापरवाही मिलने पर संबंधित फर्म को ब्लैक लिस्ट करने का आदेश दिया गया है। नाला सफाई में मानकों की अनदेखी मिलने पर संबंधित फर्मों के भुगतान पर रोक और पेमेंट की कटौती के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम में सफाई कर्मचारियों की कार्यप्रणाली की जांच में भी कई सवाल सामने आए हैं। घर बैठे मानदेय लेने वाले कर्मचारियों को चिन्हित किया जा रहा है। ऐसे 145 संदिग्ध कर्मचारियों की जांच कराई जा रही है। अपर नगर आयुक्त अजय कुमार त्रिपाठी के अनुसार, जांच के दौरान 22 कर्मचारियों का वेतन रोक दिया गया है। उन्होंने बताया कि कुछ छोटे कर्मचारियों और पार्षदों के रिश्तेदारों के सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात होने की शिकायतें भी सामने आई हैं। इन सभी मामलों की जांच कराई जा रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जो काम करेगा, उसी को वेतन मिलेगा। नगर निगम में चल रहे निर्माण कार्यों की नगर आयुक्त और अपर नगर आयुक्त लगातार निगरानी कर रहे हैं। दोनों अधिकारी मौके पर पहुंचकर कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की जांच करने के बाद ही भुगतान की अनुमति दे रहे हैं। अधिकारियों की सख्ती के चलते ठेकेदारों में भी हड़कंप मचा हुआ है। नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी ने कहा कि नगर निगम में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गलत कार्य का किसी भी हालत में भुगतान नहीं किया जाएगा। सरकारी धन के इस्तेमाल में अनियमितता या निर्माण कार्य की गुणवत्ता से समझौता मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों की इस सख्ती से नगर निगम में इन दिनों कार्रवाई का माहौल है।

# नाला सफाई में लापरवाही पर ठेकेदारों के भुगतान से की जाएगी कटौती

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** शहर में नाला सफाई के काम में लापरवाही मिलने पर नगर निगम ने सख्ती शुरू कर दी है। नगर निगम क्षेत्र के 28 नालों की सफाई व्यवस्था की निगरानी के लिए 14 नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है। सभी अधिकारी हर सप्ताह नालों का निरीक्षण कर सफाई कार्य की गुणवत्ता जांचेंगे। मानक के अनुरूप काम नहीं मिलने पर संबंधित ठेकेदारों के भुगतान से कटौती की जाएगी। अपर नगर आयुक्त अजय कुमार त्रिपाठी ने नालों का निरीक्षण कर सफाई कार्य की स्थिति देखी। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर नाला सिल्ट सफाई का काम संतोषजनक नहीं पाया गया। संबंधित ठेकेदारों को नोटिस देकर चेतावनी दी गई है।

### पांच फर्मों के जिम्मे 28 नालों की सफाई

नगर निगम ने 28 नालों की सफाई का ठेका माइफ्रा, निखिल अनाया, अमन, प्रिंस और वहीद अहमद खान की फर्मों को दिया है। इनमें सबसे अधिक नौ नालों की सफाई का जिम्मा बाबी फर्म को मिला है।निरीक्षण में उनके द्वारा कराए गए कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं मिलने पर नगर निगम ने सख्ती दिखाई है। अपर नगर आयुक्त अजय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि नाला सफाई के काम में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण में काम संतोषजनक नहीं मिलने पर संबंधित ठेकेदार के भुगतान से नियमानुसार कटौती की जाएगी। उन्होंने नोडल अधिकारियों को हर सप्ताह निरीक्षण कर सफाई कार्य की गुणवत्ता पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं।

अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि सफाई कार्य की नियमित निगरानी की जाए। बाबी फर्म को नौ नालों की सफाई का ठेका मिला है। इनमें तारीन टिकली में सागर स्वीट्स से हद्दफ चौकी होते हुए भुइयां बाबा स्थान तक नाला सिल्ट सफाई का काम कराया गया था। निरीक्षण में सफाई कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया। अधिकारियों को निरीक्षण में 9 नालों में कहीं भी कार्य संतोषजनक नहीं मिला, इस पर संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया है। अमन इंटरप्राइजेज को तीन नालों की सफाई का ठेका मिला है। फर्म की ओर से अजीजगंज में माया के मकान से कांशी राम कॉलोनी पुलिया तक नाला सिल्ट सफाई का काम कराया गया था। निरीक्षण के दौरान यह कार्य भी संतोषजनक नहीं मिला। संबंधित फर्म को काम में सुधार के निर्देश दिए गए हैं।

**आयोजन** | सीबीएसई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, प्रयागराज के तत्वावधान में सक्रिय शिक्षण विषय पर एक दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम

# सक्रिय शिक्षण से शिक्षकों को कराया रूबरू

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** अहमदपुर रती स्थित ग्रीन वैली कॉन्वेंट स्कूल में सीबीएसई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, प्रयागराज के तत्वावधान में सक्रिय शिक्षण विषय पर एक दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। करीब छह से आठ घंटे चले प्रशिक्षण में विद्यालय के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक खावर खान, प्रधानाचार्या शशि गुप्ता, सना सज्जाद तथा प्रशिक्षक अर्पणा अवस्थी और रहनुमा शम्सी ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने शिक्षकों को गतिविधि आधारित और अनुभवात्मक शिक्षण की


संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान शिक्षक शिक्षिकाएं। –जागरण मोर्चा

विभिन्न विधियों की जानकारी दी। रचनात्मकता, सहयोग, संवाद, तार्किक चिंतन, समस्या समाधान और 21वीं सदी के आवश्यक कौशलों पर विशेष जोर दिया गया। विभिन्न रोचक एवं व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से कक्षा-कक्ष में सक्रिय और प्रभावी शिक्षण के तरीके बताए गए। विद्यालय की प्रधानाचार्या शशि गुप्ता के मार्गदर्शन में शिक्षकगण और विद्यालय की टीम ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। समापन पर उप-प्रधानाचार्य यासिर अली ने सीबीएसई, प्रशिक्षकों, विद्यालय प्रबंधन और सभी शिक्षकगण का आभार व्यक्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि शिक्षकों का निरंतर प्रशिक्षण विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य की मजबूत नींव है। ऐसे कार्यक्रम शिक्षकों को नई शिक्षण विधियों से जोड़ने के साथ ही सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, रोचक और विद्यार्थी-केंद्रित बनाने में सहायक हैं।

# किसानों के लिए सुनहरा मौका, 50 में मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण : पुनीत पाठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** जनपद के किसानों के लिए मशरूम उत्पादन और प्रसंस्करण का प्रशिक्षण लेने का सुनहरा अवसर है। राज्य मशरूम प्रयोगशाला, राजकीय शीतगृह परिसर सेक्टर-जी, अलीगंज, लखनऊ में वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान छह दिवसीय मशरूम उत्पादन एवं प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला उद्यान अधिकारी पुनीत कुमार पाठक ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए शुल्क मात्र 50 रुपये निर्धारित किया गया है। कुल 50 सीटें उपलब्ध हैं और अभ्यर्थियों को पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। प्रशिक्षण अवधि में प्रतिभागियों को ठहरने और भोजन की व्यवस्था स्वयं करनी होगी तथा किसी प्रकार का मानदेय नहीं दिया जाएगा।

प्रशिक्षण के लिए सात चरण निर्धारित किए गए हैं। पहला प्रशिक्षण 7 से 12 सितंबर 2026, दूसरा 5 से 10 अक्टूबर, तीसरा 2 से 7 नवंबर, चौथा 14 से 19 दिसंबर, पांचवां 4 से 9 जनवरी 2027, छठा 1 से 6 फरवरी और सातवां 15 से 20 मार्च 2027 तक होगा। इच्छुक किसान एवं अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए प्रभारी, राज्य मशरूम प्रयोगशाला, अलीगंज के मोबाइल नंबर 9451142235 पर संपर्क कर सकते हैं।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorcha.com





लखनऊ, सोमवार, 24 अगस्त 2026

## एक नजर

### दो लोगों को सांप ने डसा

**चंदौसी।** थाना कुढ़ फतेहगढ़ के गांव नगला पुरवा निवासी नसीमुद्दीन (50) पुत्र अली शेर रविवार की सुबह 9 :00 बजे अपने खेत पर फसल देख रहा था। तभी अचानक खेत पर कहीं से सांप आ गया और नसीमुद्दीन के सीधे पैर के पंजे के पास सांप ने डस लिया। चीख-पुकार सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने इसकी जानकारी उसके परिजनों को दी। परिजन बाइक से सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने इलाज के लिए उसे भर्ती कर लिया। वहीं कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला वैशाली नगर फेस दो निवासी नेम सिंह(33) पुत्र बादाम से सुबह 6 :00 बजे अपने कमरे में सो रहा था की तभी उसके बाएं पैर में सांप ने डस लिया। परिजन अपने निजी वाहन से उसे सीएचसी लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया।

# गणेश मेला कमेटी की हुई बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय



चंदौसी के गणेश चौथ मेले की बैठक में बोलते पालिकाध्यक्ष के प्रतिनिधि अखिलेश खिलाड़ी। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध मेला गणेश चौथ को सफल भव्य एवं सुव्यवस्थित आयोजन की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर रविवार शाम गणेश मन्दिर परिसर में नगर पालिका चन्दौसी के सम्मानित जनप्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन श्री गणेश मेला परिषद द्वारा पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि एवं समाजसेवी अखिलेश खिलाड़ी के नेतृत्व में किया गया।

बैठक में मेले के दौरान श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों की सुविधाओं को लेकर सड़कों की मरम्मत, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, यातायात एवं पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था, मेला परिसर की व्यवस्थाओं सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जनप्रतिनिधियों ने मेले को भव्य एवं आकर्षक बनाने के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि एवं समाजसेवी अखिलेश खिलाड़ी ने कहा कि गणेश चौथ मेला चन्दौसी की ऐतिहासिक एवं धार्मिक पहचान से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है। नगर पालिका की ओर से मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों, मेला परिषद एवं संबंधित विभागों के समन्वय से मेले की व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण कराया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।श्री गणेश मेला परिषद के मेला इंचार्ज रविन्द्र कुमार रूपी ने कहा कि मेला गणेश चौथ हमारी धार्मिक आस्था,परंपरा और की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। इस वर्ष मेले को और अधिक भव्य, आकर्षक एवं व्यवस्थित स्वरूप देने के लिए परिषद द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, नगर पालिका प्रशासन एवं संबंधित विभागों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से मेले को ऐतिहासिक एवं यादगार बनाया जाएगा। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं मेला परिषद के पदाधिकारियों ने मेले की व्यवस्थाओं को लेकर अपने-अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए तथा आयोजन को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक के अंत में श्री गणेश मेला परिषद द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि अखिलेश खिलाड़ी सभासद अमन कोरी,दयाराम कन्नौजिया,बाबूलाल,नवकांत देव शर्मा,सचिन्द्र यादव,लोकेश मौर्य, शिवकुमार सैनी,अमित दिवाकर, संजय बंसल,रोहित दिवाकर,अन्ना खान,विक्की प्रजापति,सचिन रस्तोगी,कपिल कुमार,मनोज गुप्ता,मोहित दिवाकर एवं किशन प्रजापति उपस्थित रहे। श्री गणेश मेला परिषद की ओर से ललित किशोर गुप्ता, रविन्द्र कुमार रूपी, मनोज गुप्ता मीनू, एडवोकेट लोकेंद्र शर्मा, मुकेश ब्रेड, मेजर शशिकांत गुप्ता, सतेंद्र मामा, प्रजीत लालू, अजय आर्य एवं शुभम अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।



चंदौसी के रोडवेज बस स्टैंड पर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करतें श्रद्धालु।

## कांवड मेला : रोडवेज बस स्टैंड पर हुआ भंडारे का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** रविवार को सावन माह के उपलक्ष्य में समस्त पीतल नगरी डिपो स्टाफ द्वारा रोडवेज बस स्टैंड के परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे से पहले रोडवेज बस स्टैंड प्रभारी राजीव यादव समेत रोडवेज स्टाफ चालक और परिचालकों ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाए। और भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने के बाद आरती कर भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया। भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।पूरे परिसर में मौहल भक्तिमय बना रहा। बस स्टैंड प्रभारी राजीव यादव ने कहा कि सावन का महीना भगवान शिव की आराधना का पवित्र महीना है। इसी के चलते पीतल नगरी डिपो स्टाफ की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों से लोगों में सेवा और आपसी भाईचारे की भावना बढ़ती है।

# शिक्षकों ने शिक्षा राज्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय



चंदौसी मे माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। -जागरण मोर्चा

**चंदौसी।** राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने रविवार को माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी के आवास पर पहुंचे और स्थानांतरण को लेकर प्रदर्शन किया शाम को राज्यमंत्री गुलाब देवी को ज्ञापन सौंपकर कोटे से 4 प्रतिशत ऑफलाइन स्थानांतरण की मांग की।

ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने अवगत कराया कि माता-पिता की गंभीर बीमारी और पति-पत्नी की अलग-अलग जिलों में तैनाती के कारण काफी परेशानी हो रही है। वार्षिक स्थानांतरण नीति सत्र 2026-27 के कॉलम 04 का संदर्भ का हवाला भी शिक्षकों द्वारा दिया गया । बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के पत्रांक संख्या स्थानान्तरण नीति-928/पंद्रह-2-2026 के अनुसार, विभागीय मंत्री को कार्यरत कैडर के अधिकतम 4 प्रतिशत तक स्थानांतरण आदेश देने का अधिकार है।यह व्यवस्था पुरुष और महिला दोनों प्रवक्ताओं और सहायक अध्यापकों के आवेदनों पर लागू होती है। नीति स्पष्ट होने और माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में आवेदकों की फाइलें जमा होने के बावजूद, इस वर्ष अभी तक स्थानांतरण की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी है। प्रक्रिया में प्रगति न होने के कारण शिक्षकों में काफी निराशा है। कई शिक्षक असाध्य बीमारियों से पीड़ित हैं या उनके माता-पिता गंभीर रोगों से ग्रसित हैं। कई पति-पत्नी अलग-अलग और बहुत दूर के जिलों में काम कर रहे हैं। शिक्षकों ने अनुरोध किया है कि इन कठिन परिस्थितियों का समाधान निकाला जाए ताकि वे पूरी ऊर्जा से काम कर सकें। प्रदर्शन में रेखा, वंदना, प्रियंका, अनुष्का, रूबी, रानी प्रिया, नीतू कुमारी, अंजू, साक्षी, अंकुर, संदीप कुमार, अमरेश कुमार, राजेंद्र कुमार, सियाराम और रतन प्रकाश त्रिपाठी आदि समेत काफी संख्या में शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# गणेश मेला : कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने की बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय



चंदौसी कोतवाली में मेला कमेटी के साथ बैठक करते प्रभारी निरीक्षक।

**चंदौसी।** इस वर्ष 66वाँ श्री गणेश जन्मोत्सव एवं मेला गणेश चौथ 12 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होगा, जबकि 14 सितम्बर को भगवान श्री गणेश की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर रविवार को कोतवाली चंदौसी में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन प्रभारी निरीक्षक सन्त कुमार द्वारा किया गया, जिसमें श्री गणेश मेला परिषद के प्रमुख पदाधिकारियों ने सहभागिता की। बैठक में आगामी मेले के दौरान सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, रथयात्रा सहित मेला आयोजन से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। प्रभारी निरीक्षक ने मेला आयोजन से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए मेला परिषद के पदाधिकारियों से पुलिस प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करने पर जोर दिया। गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर आयोजित होने वाली भव्य रथयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने, यातायात को सुचारु रखने तथा श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए आवश्यक तैयारियों एवं व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। बैठक में मेला परिषद के पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन को मेला गणेश चौथ के सफल एवं भव्य आयोजन के लिए पूर्ण सहयोग प्रदान करने तथा आवश्यक समन्वय बनाए रखने का आश्वासन दिया। साथ ही मेले को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन एवं मेला परिषद के बीच निरंतर समन्वय बनाए रखने पर सहमति बनी। इस दौरान मेला परिषद से कार्यवाहक मुख्य सचिव ललित किशोर गुप्ता, रविंद्र कुमार रूपी, मनोज गुप्ता मीनू, एडवोकेट लोकेंद्र शर्मा, मुकेश वार्ष्णेय ब्रेड, सत्येंद्र मामा, प्रजीत लालू, मेजर शशिकांत गुप्ता, प्रभात कृष्णा, शुभम अग्रवाल आदि प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।

# वैश्य एकता समिति की कार्यकारिणी गठित

जागरण मोर्चा कार्यालय




चंदौसी मे वैश्य एकता समिति की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारी।

**चंदौसी।** रविवार को बैठक में समिति के विभिन्न पदों पर नवनियुक्त पदाधिकारियों की सर्वसम्मति से नियुक्ति की गई।

समिति में वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर अभिषेक गुप्ता बरनवाल, डॉक्टर दिशांत गुप्ता एवं आशीष गुप्ता को नियुक्त किया गया। संगठन मंत्री के पद पर अंकित वार्ष्णेय, हेमंत वार्ष्णेय एवं सुमित वार्ष्णेय को जिम्मेदारी सौंपी गई। उपाध्यक्ष पद पर मयंक वार्ष्णेय, सीए पीयूष बंसल, प्रखर गर्ग एवं विकास वार्ष्णेय को नियुक्त किया गया। इसके अलावा विधिक सलाहकार के रूप में एडवोकेट रजत गुप्ता, मीडिया प्रभारी के रूप में प्रथम वार्ष्णेय, एवं नवीन अग्रवाल तथा प्रचार मंत्री के रूप में मयूर वार्ष्णेय एवं राजा गुप्ता को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि सभी पदाधिकारी वैश्य समाज की एकता, अखंडता, सामाजिक उत्थान एवं संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। समिति की ओर से समाज के सभी लोगों से अपील की गई कि वे आपसी भाईचारे एवं एकता को मजबूत करने के लिए समिति के कार्यों में अपना सहयोग प्रदान करें। समिति के अध्यक्ष लवित वार्ष्णेय,आकाश वार्ष्णेय,दीपेश वार्ष्णेय,आदि मौजूद रहे।

# कला में प्रतिभागियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** श्री नारायण सेवा समिति द्वारा कला प्रतियोगिता नगर के तीन केंद्रों पर हुई जिसमें जगदीश शरण सर्राफ, सरस्वती शिशु मंदिर हनुमानगढ़ी,द ट्यूलिप्स स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस, बहजोई रोड और सेंट थॉमस पब्लिक स्कूल प्रगति विहार में संपन्न हुई जिसमें एक दर्जन से अधिक विद्यालय के बच्चों ने कला प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। 333 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया जबकि उनमें से 317 उपस्थित तथा 26 अनुपस्थित रहे। प्रतियोगिता के प्रथम वर्ग में रंगीन पतंग आकाश में बादल व इंद्रधनुष, द्वितीय वर्ग में श्रीकृष्ण और गाय, तृतीय वर्ग में वन महोत्सव या एक कदम स्वच्छता की ओर तथा अंतिम और चतुर्थ वर्ग में बेटी, बचाओ बेटी पढ़ाओ या फॉलो द ट्रैफिक रूल्स का रेखांकन करके मनभावन रंग भरने थे । प्रतिभागियों ने एक से एक सुंदर आकृतियां उकेरी और अत्यंत चटख व सुंदर रंग भरे ।

समिति की ओर से सुभाष वार्ष्णेय भोलेनाथ,हरीश कठेरिया एडवोकेट, दृगपाल सिंह, बृज गोपाल गुप्ता, डॉ. राजकुमार गोयल, कृष्ण गोपाल गुप्ता, डॉ.जयशंकर दुबे, डॉ.डीके अग्निहोत्री, डॉ.आशीष यादव, आशा गोस्वामी, वंदना गर्ग, नितेश उपाध्याय 'ब्रह्मास्त्र', मुकुंद अग्रवाल ने व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त रखीं तथा जगदीश चंद्र चौधरी, नरेश पाल यादव, योगेश कुमारी,खुशबू, विनेश कुमार, अंकुर बाबू, विशाल शर्मा अक्षय कुमार शिल्पा भटनागर और पूनम शर्मा कक्ष निरीक्षकों में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर तमाम शिक्षक - शिक्षिकाए एवं अभिभावक गण उपस्थित रहे ।

# बारहसैनी शिशु स्वास्थ्य सदन के प्रधान विपिन कुमार मंत्री विमल ने ली शपथ

जागरण मोर्चा कार्यालय




चंदौसी बारहसैनी शिशु स्वास्थ्य सदन के शपथग्रहण समारोह में शामिल पदाधिकारी।

**चंदौसी।** रविवार को बारहसैनी नारी शिशु स्वास्थ्य सेवा सदन की शपथ ग्रहण समारोह रामबाग रोड स्थित श्री बारहसैनी सेवा सदन में संपन्न हुआ।कार्यक्रम में नगर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय व अखिलेश खिलाड़ी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व सदस्यों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार ने दिलाई। उक्त कार्यक्रम में वार्ष्णेय समाज के वृद्धजनों का एवं समाज के चिकित्सकों का सम्मान व स्वागत भी किया गया।उक्त कार्यक्रम में बारहसैनी नारी शिशु स्वास्थ्य सेवा सदन के नवनिर्वाचित प्रधान विपिन कुमार,मंत्री विमल चौधरी पप्पू, उपप्रधान गोपाल कुमार,मोहित कुमार,उपमंत्री धीरज नंदन, रजनीश गुप्ता,कोषाध्यक्ष राजन वार्ष्णेय, आय-व्यय निरीक्षक सुरेश वार्ष्णेय के साथ कार्यकारिणी सदस्य नेत्रपाल गुप्ता,गिरीश गुप्ता,गौरव वार्ष्णेय, प्रिंस चौधरी,चमन गुप्ता, प्रदीप कुमार, विकास मैंथा, दीपक वार्ष्णेय, पंकज वार्ष्णेय,लोकेश गुप्ता व प्रदीप ठेकेदार ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

# चीनी की उपलब्धता एवं स्टॉक की निगरानी के लिए जिला प्रशासन अलर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

- डीलरों के लिए 4,000 क्विंटल की स्टॉक सीमा निर्धारित, पोर्टल पर स्टॉक घोषित करना अनिवार्य
- प्रदेश में भी चीनी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध, अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील

**चंदौसी।** जनपद में चीनी की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने तथा चीनी के अनावश्यक भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। शासन के निर्देशों के क्रम में चीनी के डीलरों के लिए 01 अगस्त 2026 से 30 नवंबर 2026 तक स्टॉक लिमिट लागू की गई है।

शासन स्तर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार प्रदेश में चीनी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और आपूर्ति व्यवस्था सामान्य है। ऐसे में आमजन को चीनी की उपलब्धता को लेकर किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। सोशल मीडिया अथवा अन्य माध्यमों से प्रसारित होने वाली अफवाहों पर ध्यान न दें तथा अनावश्यक रूप से अधिक मात्रा में चीनी का भंडारण न करें। निर्धारित व्यवस्था के अनुसार कोई भी चीनी डीलर किसी एक स्थान पर एक समय में 4,000 क्विंटल से अधिक चीनी का स्टॉक नहीं रख सकेगा। हालांकि, यह सीमा सरकारी खातों तथा राज्य सरकार द्वारा नामित डीलरों अथवा अधिकृत अधिकारियों के माध्यम से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत उचित मूल्य की दुकानों को आपूर्ति किए जाने वाले चीनी स्टॉक पर लागू नहीं होगी।

सभी चीनी डीलरों के लिए खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के स्टॉक मॉनिटरिंग पोर्टल foodstock.dfpd.gov.in पर पंजीकरण कर अपने चीनी स्टॉक की स्थिति घोषित करना अनिवार्य किया गया है। डीलरों को पोर्टल पर स्टॉक की जानकारी नियमित रूप से प्रत्येक शुक्रवार को अद्यतन करना अनिवार्य होगा। स्टॉक लिमिट की अवधि की गणना के लिए डीलर द्वारा स्टॉक घोषित करने की तिथि को भी शामिल किया जाएगा।

### तीनों तहसीलों में गठित की गई निरीक्षण टीमें

जिलाधिकारी के निर्देश पर चन्दौसी, सम्भल एवं गुन्नौर तहसीलों में चीनी डीलरों, स्टॉकिस्टों, थोक एवं खुदरा विक्रेताओं की दुकानों तथा गोदामों का निरीक्षण एवं स्टॉक का सत्यापन करने के लिए संयुक्त टीमें गठित की गई हैं। चन्दौसी तहसील में उपजिलाधिकारी चन्दौसी, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी चन्दौसी, मंडी सचिव चन्दौसी, पूर्ति निरीक्षक चन्दौसी तथा विपणन निरीक्षक बहजोई को टीम में नामित किया गया है। सम्भल तहसील में उपजिलाधिकारी सम्भल, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी सम्भल, मंडी सचिव सम्भल, पूर्ति निरीक्षक सम्भल तथा विपणन निरीक्षक पवांसा/सम्भल को नामित किया गया है। गुन्नौर तहसील में उपजिलाधिकारी गुन्नौर, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी गुन्नौर, मंडी सचिव बबराला, पूर्ति निरीक्षक गुन्नौर तथा विपणन निरीक्षक रजपुरा/गुन्नौर को टीम में शामिल किया गया है।

### पोर्टल पर स्टॉक घोषणा एवं वास्तविक स्टॉक का होगा सत्यापन

गठित टीमें संबंधित तहसीलों में चीनी डीलरों, स्टॉकिस्टों तथा थोक एवं खुदरा विक्रेताओं की दुकानों एवं गोदामों का निरीक्षण करेंगी और मौके पर उपलब्ध वास्तविक स्टॉक का सत्यापन करेंगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि संबंधित प्रतिष्ठानों द्वारा foodstock.dfpd.gov.in पोर्टल पर पंजीकरण एवं स्टॉक की ऑनलाइन घोषणा की गई है अथवा नहीं। उक्त टीमें प्रत्येक शुक्रवार को घोषित स्टॉक का सत्यापन करते हुए किसी भी प्रकार अनियमितता की दशा में कार्यवाही प्रस्तावित करेंगे।

### अनियमितता मिलने पर होगी कार्रवाई

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि निरीक्षण के दौरान स्टॉक लिमिट के उल्लंघन, पोर्टल पर स्टॉक घोषित न करने अथवा अन्य किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई प्रस्तावित की जाए। चीनी की उपलब्धता एवं स्टॉक की स्थिति पर जिला पूर्ति अधिकारी एवं जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा नियमित निगरानी रखी जाएगी, ताकि जनपद में चीनी की आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित न हो और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने आमजन से अपील की है कि चीनी की उपलब्धता को लेकर किसी भी प्रकार की अफवाह पर विश्वास न करें। आवश्यकता के अनुसार खुले बाजार से चीनी खरीदें और अनावश्यक रूप से अधिक मात्रा में चीनी का भंडारण न करें।

# एसपी ने गुन्नौर की गंगा बैराज पुलिस चौकी का किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय



**चंदौसी।** रविवार को पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी द्वारा नरौरा बॉर्डर पर चैकिंग, आवागमन एवं यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत संबंधित पुलिस अधिकारियों से यातायात की स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती,बैरियर चेकिंग व्यवस्था, संवेदनशील स्थानों पर सतर्कता तथा आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पुलिसकर्मियों को वाहन चालकों एवं आमजन के साथ समुचित व्यवहार करते हुए यातायात व्यवस्था को प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही थाना गुन्नौर की गंगा बैराज पुलिस चौकी का आकस्मिक निरीक्षण कर चौकी परिसर,कार्यालय,बैरक एवं साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की उपस्थिति एवं सतर्कता की जानकारी ली गई तथा चौकी पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, लंबित प्रकरणों की समीक्षा तथा अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## संपादकीय

# राजनीति में छाया 'युवा एजेंडा'

जंतर-मंतर आंदोलन के बाद युवा राजनीति के केंद्र में आ गए हैं। भारतीय जनता पार्टी ने जेनजी को अपने साथ जोड़ने के लिए एक अभियान शुरू किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के नेतृत्व में बनी स्पेशल टीम में महासचिव स्मृति ईरानी और विनोद तावड़े, गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी और छत्तीसगढ़ के मंत्री ओपी चौधरी सहित कई नेताओं को शामिल किया गया है। यह टीम युवाओं को भाजपा के साथ जोड़ेगी। जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित करेगी और उनसे सीधे संवाद करेगी। इस अभियान में विशेष रूप से 14 से 25 साल तक के युवाओं को शामिल किया गया है। यानी फोकस नये वोटर पर है। इसी तरह कांग्रेस भी युवाओं को रिझाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है। राहुल गांधी के तमाम कार्यक्रम युवाओं के बीच ही हो रहे हैं। सपा, आसपा, बसपा, रालोद आदि दलों का फोकस भी युवा वोटर है। माना जा सकता है कि आसन्न विधानसभा चुनाव और 2029 की स्क्रिप्ट अभी से लिखी जाने लगी है। जेनजी हो या जेन अल्फा दोनों ही श्रेणी के केंद्र में राजनीति आ गई है। सवाल उठता है कि क्या अब राजनीति को युवाओं की भाषा, उनकी चिंताओं और उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप बदलने का समय आ गया है? जिस तरह से राजनीतिक दल युवा एजेंडा तय कर रहे हैं, उससे भी यही लगता है। नितिन नबीन के रूप में भाजपा ने युवा अध्यक्ष चुना है। उन्होंने अपनी टीम में ज्यादातर युवा रखे हैं। 12 महिलाएं भी हैं। यानी अनुशासन और अनुभव का तालमेल है। जाहिर है, समयानुकूल युवा राजनीति की बात हो रही है। भारतीय राजनीति में युवा मतदाता की ताकत पहले से ही बहुत बड़ी है। निर्वाचन आयोग के 2024 के आंकड़ों के अनुसार देश के कुल मतदाताओं में 18 से 29 वर्ष आयु वर्ग की हिस्सेदारी 22.78 प्रतिशत थी। उत्तर प्रदेश में यह हिस्सेदारी 21.19 प्रतिशत रही। इतना ही नहीं, 2024 के चुनाव से पहले 18-29 आयु वर्ग के दो करोड़ से अधिक नए मतदाता मतदाता सूची में जोड़े गए थे। यानी राजनीति के सामने एक विशाल और लगातार बढ़ता हुआ युवा मतदाता वर्ग मौजूद है। 2026 की जनसांख्यिकीय तस्वीर इस महत्व को और बढ़ाती है। एक अनुमान के अनुसार 18 से 29 वर्ष के लोग देश की 18 वर्ष से अधिक आयु वाली आबादी का करीब 29 प्रतिशत हो सकते हैं। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में यह अनुपात लगभग 34 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। यह संख्या बताती है कि आने वाले चुनावों में युवा मतदाता किसी भी राजनीतिक दल के लिए निर्णायक हो सकता है। सबसे बड़ी चुनौती देश के सबसे बड़े राज्य यूपी का चुनाव ही है। सोशल मीडिया के इस दौर में प्राथमिकताएं हर स्तर पर बदल रही हैं। युवा मन को टटोलने के लिए, उनसे संवाद करने के लिए और युवा राजनीति का ट्रेंड देखने के लिए दिग्गज नेताओं का इंस्टाग्राम और फेसबुक पर पदार्पण हो रहा है। यूं इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मंत्रियों से कहीं आगे हैं। वह अपने ऊपर उम्र हावी नहीं होने दे रहे हैं। नितिन नबीन की 'ड्रीम टीम' भी पीएम के मार्गदर्शन में ही बनी होगी, ऐसा विश्वास है। एक दिन पहले ही मोदी ने अंतरिक्ष क्षेत्र की निजी कंपनियों के संस्थापकों और मुख्य कार्यपालक अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें भी युवाओं की आकांक्षाओं, उनकी तकनीक और रोजदार पर ही चर्चा हुई है। यानी हर जगह इस वक्त युवा फोकस में हैं। केंद्र में हैं । कुल मिलाकर यह स्थिति 1975-80 के दशक की ओर ले जाती है। जब इमरजेंसी के बाद युवा राजनीति संजय गांधी के नेतृत्व में फोकस में आ गई थी। इसी दौरान यूथ कांग्रेस को फिर से सक्रिय किया गया। उसके बाद के सालों में भाजपा ने भारतीय जनता युवा मोर्चा और समाजवादी पार्टी ने सपा युवजन सभा का गठन किया। राष्ट्रीय लोकदल ने भी युवा लोकदल की नींव रखी। पिछले कुछ समय से सभी दलों के युवा संगठन निष्क्रिय पड़े थे। अब वे सभी सक्रिय हो गए हैं। यहां आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की बात विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि आज का युवा वर्ग सवाल पूछता है और उत्तर तलाश करता है। उसको कमतर नहीं समझना चाहिए। यह पीढ़ी पिछली पीढ़ियों से अलग है। यह सोशल मीडिया वाली पीढ़ी है। भारत दुनिया की सबसे युवा बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में है। यदि उसकी युवा शक्ति को शिक्षा, कौशल, रोजगार और उद्यम के अवसर मिलते हैं तो यही पीढ़ी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की सबसे बड़ी शक्ति बन सकती है। आजादी के आंदोलन को याद कीजिए, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु आदि तमाम युवा ही तो थे। इन सभी की उम्र 20 से 24 वर्ष के बीच थी, लेकिन राष्ट्रधर्म के प्रति वह शहीद हो गए । युवा राजनीति की दरकार का मतलब केवल वोट बैंक नहीं होना चाहिए। बल्कि युवाओं को लगना चाहिए कि देश की राजनीति उनकी सुन रही है।

## आपका मत

### "वंदेमातरम पर राजनीति ठीक नहीं"

कभी राजनेता तो कभी अभिनेत्री और कभी छुटभैय्ये नेता राष्ट्रीय गीत "वन्देमातरम" पर बेवजह की राजनीति कर रहे हैं. कोई गीत के दो अन्तरे की बात कर रहा है तो कोई गीत की रेकार्डिंग को बीच में ही बंद करने की बात कर रहा है और कोई गीत का ही विरोध कर रहा है. जब कि वन्देमातरम गीत राष्ट्रीय गीत है. इस पर व्यर्थ की बहस की बजाय आखिर विरोध करने वाले इसे स्वीकार करने में क्यों कतरा रहे हैं ? आजादी के ८० साल बाद आखिर क्यों राष्ट्रीय गीत पर बेवजह की बहस हो रही है ? आजादी से पूर्व देश को आजाद करने हेतु "आजादी का परवानों" ने इसे एक ही राष्ट्रीय झंडे के तले महात्मागांधी के नेतृत्व में "वन्देमातरम" गीत गुंजाया था. और अंततोगत्वा आजादी पायी थी. राष्ट्रीय एकता के प्रतीक इस गीत पर किसी को भी किसी तरह की राजनीति नहीं करनी चाहिए। जब ये राष्ट्रीय गीत माना गया है तब इसे सहर्ष स्वीकार करते हुए पूर्ण रूप से अपनाना चाहिए। क्योंकि वन्देमातरम "देशभक्ति" व "राष्ट्रीय भाव" से ओतप्रोत है. अतः एकता के प्रतीक वन्देमातरम पर चल रही बेवजह की बहस बंद होनी चाहिए और देशप्रेम के माध्यम वन्देमातरम को सहर्ष अपनाने में किसी तरह की राजनीति करने से बचना चाहिए राष्ट्रहित में... -शकुंतला महेश नेनावा

# भविष्य के युद्धक्षेत्र के लिए भारत की तैयारी


डॉ. प्रियंका सौरभ

भारत ने ड्रोन युद्धक क्षमता विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। दिव्यास्त्र एमके३ स्वदेशी सटीक हमले की क्षमता को बढ़ाता है और घरेलू मानवरहित प्रणालियों पर बढ़ते ध्यान का परिणाम है। स्वदेशी प्रणोदन के लिए यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि आयातित इंजनों और प्रमुख पुर्जों पर निर्भरता संघर्ष के समय रणनीतिक कमजोरियों का कारण बन सकती है। इसलिए, विदेशी प्रौद्योगिकियों पर निर्भरता कम करने और तकनीकी आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए डीजी प्रोपल्शन द्वारा जेट इंजन का विकास महत्वपूर्ण है।

भारतीय सेना के पुनर्गठन से यह भी संकेत मिलता है कि सेना भविष्य के युद्धों में ड्रोन की अहमियत को समझने लगी है। अश्विनी ड्रोन प्लाटून और दिव्यास्त्र बैटरी मानवरहित प्रणालियों को युद्ध संरचनाओं के साथ बेहतर ढंग से एकीकृत करने के उद्देश्य से उठाए गए कदम हैं।

स्वदेशी रूप से विकसित दिव्यास्त्र एमके3 की पहली उड़ान एक सकारात्मक कदम है, क्योंकि भारतीय सेना युद्ध में यूएएस तकनीक पर तेजी से निर्भर हो रही है। आज के युद्ध में एक मौलिक बदलाव आने वाला है: युद्ध का आकलन अब केवल टैंकों, लड़ाकू विमानों, मिसाइलों और सैनिकों की संख्या से नहीं किया जाता। निगरानी, लक्ष्यीकरण, सटीक हमले और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध के लिए यूएएस तेजी से पसंदीदा उपकरण बनते जा रहे हैं। इसलिए, अगस्त 2026 में स्वदेशी दिव्यास्त्र एमके3 जेट की सफलता न केवल एक तकनीकी सफलता है, बल्कि एक अधिक नेटवर्कयुक्त, प्रौद्योगिकी-संचालित और स्वतंत्र युद्धक्षेत्र के अनुकूल होने के भारत के प्रयासों का संकेत भी है।

ड्रोन युद्ध में मानवरहित हवाई प्रणालियों का उपयोग खुफिया जानकारी, निगरानी और टोही (आईएसआर) जुटाने, लक्ष्यों का पता लगाने, सटीक हमले करने, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और संचार सहायता प्रदान करने के लिए किया जाता है। हाल के युद्धों ने दिखाया है कि ड्रोनों का उपयोग युद्ध लड़ने के तरीके और आर्थिक संचालन में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है। ड्रोनों में सैन्य अभियानों की प्रकृति और अर्थव्यवस्था को बदलने की क्षमता भी है, जैसा कि हाल के युद्धों से स्पष्ट है। रूस-यूक्रेन युद्ध में अपेक्षाकृत सस्ते ड्रोनों से महंगे टैंकों, तोपखाने, युद्धपोतों और अन्य पारंपरिक सैन्य उपकरणों को होने वाले खतरे का प्रदर्शन किया गया है। सैन्य श्रेष्ठता की बात करें तो, यह अब केवल महंगे प्लेटफॉर्म रखने के बारे में नहीं है, बल्कि बड़ी संख्या में सस्ते, लचीले और बुद्धिमान सिस्टम तैनात करने की क्षमता के बारे में है।

ड्रोन के उपयोग के लाभ व्यापक हैं और सबसे महत्वपूर्ण लाभों में से एक यह है कि ये खतरनाक अभियानों में मानव जीवन बचाते



हैं। आईएसआर ड्रोन का उपयोग दुश्मन के क्षेत्र की जासूसी करने के लिए किया जा सकता है, जिससे पायलट और सैनिक खतरे से सुरक्षित रहते हैं। ये कमांडरों को दुश्मन के स्थान, सैनिकों की संख्या और युद्धक्षेत्र की स्थिति के बारे में पल-पल की जानकारी प्रदान कर सकते हैं। इससे स्थिति की बेहतर समझ विकसित होती है और अधिक जानकारी के साथ त्वरित निर्णय लेने में मदद मिलती है। भारत जैसे देश के लिए यह एक अत्यंत मूल्यवान रणनीतिक क्षमता है, जहाँ सीमाएँ जटिल हैं, पर्वतीय भूभाग मौजूद है और परिचालन परिस्थितियाँ भिन्न-भिन्न हैं।

लोइटर मुनिशन्स (लाइवेटरी मुनिशन्स) सेंसर-टू-शूटर पद्धति की आवश्यकता को समाप्त करके युद्ध में क्रांतिकारी बदलाव ला रहे हैं। पारंपरिक हथियारों का उपयोग करते समय, लक्ष्य का पता लगाने, उसके बारे में जानकारी भेजने, उपयुक्त हथियार चुनने और हमला शुरू करने में काफी समय लग सकता है। लोइटरी मुनिशन्स लक्ष्य की खोज, पहचान और हमले को बहुत कम समय में अंजाम दे सकते हैं। यह विशेष रूप से उन लक्ष्यों के लिए उपयोगी है जिन पर समय का प्रभाव रहता है और जो दुश्मन की गतिशील टुकड़ियों के लिए भी। इस प्रकार, दिव्यास्त्र एमके3 भारत की स्वदेशी सटीक-स्ट्राइक क्षमता के निर्माण और लक्ष्य का पता लगाने से लेकर हमले तक के समय को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण विकास है।

ड्रोन युद्ध की अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित कर रहे हैं। कम लागत वाला मानवरहित प्लेटफॉर्म कई गुना अधिक लागत वाली संपत्ति को नुकसान पहुंचा सकता है या नष्ट कर सकता है। यह पारंपरिक सेनाओं के लिए एक गंभीर चुनौती है। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान व्यावसायिक रूप से उपलब्ध तकनीकों को तेजी से सैन्य उपयोग में लाया गया, जैसा कि फर्स्ट-पर्सन व्यू (एफपीवी) ड्रोन के उपयोग से देखा जा सकता है। लेकिन कैमरे और विस्फोटक ले जाने वाले छोटे ड्रोन सटीक निर्देशित हथियारों की तुलना में बहुत कम लागत पर टैंकों और अन्य बख्तरबंद वाहनों के कमजोर बिंदुओं को निशाना बना सकते हैं। इसलिए, युद्ध के संदर्भ में भविष्य में नागरिक प्रौद्योगिकी को सैन्य आवश्यकताओं के अनुरूप ढालने और नए विचारों को तेजी से विकसित करने की क्षमता और भी महत्वपूर्ण हो जाएगी।

दूसरा बड़ा बदलाव ड्रोन झुंडों के रूप में सामने आया है। बड़ी संख्या में समन्वित ड्रोन पारंपरिक वायु रक्षा प्रणालियों को ओवरलोड या ₹अतिभारित₹ कर सकते हैं। पारंपरिक वायु रक्षा मिसाइलें एक विमान या मिसाइल को मार गिराने में बहुत कारगर होती हैं, लेकिन महंगी मिसाइलों से सौ या उससे अधिक सस्ते ड्रोनों को मार गिराना आर्थिक रूप से व्यवहार्य नहीं है। बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले होने पर रक्षा करने वालों को लागत के लिहाज से काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। इसका मतलब यह है कि भविष्य का युद्धक्षेत्र ड्रोन बेड़ों और बहुस्तरीय ड्रोन-रोधी (सीडी) क्षमताओं के बीच संघर्ष बन सकता है, जो एक साथ कई खतरों का पता लगाने, उनका पीछा करने और उन्हें निष्क्रिय करने में सक्षम हैं। एक और महत्वपूर्ण आवश्यकता ड्रोन रोधी क्षमता है। इसका मतलब यह नहीं है कि आप किसी महंगे मिसाइल से सस्ते ड्रोन को मार गिराने का तरीका नहीं खोज सकते, लेकिन हर बार ऐसा संभव नहीं है। भारत में किफायती और बहुस्तरीय समाधानों की आवश्यकता है जिनमें ड्रोन रोधी निर्देशित ऊर्जा हथियार, उभरती प्रौद्योगिकियां, इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग, पहचान नेटवर्क, गतिज अवरोधन और अन्य समाधान शामिल हों। स्वदेशी सेंसर, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर और सुरक्षित प्रोसेसर विकसित करना उतना ही महत्वपूर्ण है। विदेशी प्रमुख प्रौद्योगिकियों पर निर्भरता लंबी लड़ाई की स्थिति में गंभीर समस्या पैदा कर सकती है।

ड्रोन अपनी अनुकूलनीय, स्वायत्त और किफायती हथियारों से सटीक युद्ध में क्रांति ला रहे हैं। ये शत्रुता और रक्षात्मक रणनीतियों के स्वरूप को बदल रहे हैं और सैन्य शक्ति के पारंपरिक अर्थशास्त्र को भी परिवर्तित कर रहे हैं। दिव्यास्त्र एमके3 इन बदलते समय के अनुरूप ढलने के भारत के प्रयासों का एक महत्वपूर्ण प्रतीक है।

# चीनी की बढ़ती कीमतों में एथेनॉल का कितना हाथ?


महेन्द्र तिवारी

अंतरराष्ट्रीय बाजार की स्थिति भी भारत से अलग नहीं है। वैश्विक चीनी कीमतों में भी हाल के महीनों में वृद्धि हुई है। भारत एक बड़ा उत्पादक होने के साथ-साथ वैश्विक चीनी बाजार का महत्वपूर्ण भागीदार है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय कीमतों में होने वाले बदलाव घरेलू बाजार को प्रभावित कर सकते हैं। जब देश के भीतर उत्पादन कम हो और बाहर भी कीमतें बढ़ रही हों तो घरेलू बाजार पर दोहरा दबाव पड़ता है। ऐसी परिस्थिति में सरकार के सामने उपभोक्ताओं को राहत देने और किसानों तथा चीनी उद्योग के हितों को सुरक्षित रखने के बीच संतुलन बनाना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। इसी चुनौती को देखते हुए केंद्र सरकार ने २० अगस्त २०२६ को 10 लाख टन कच्ची चीनी के शुल्क-मुक्त आयात की अनुमति दी है।

चीनी की बढ़ती कीमतों ने इन दिनों आम उपभोक्ता से लेकर किसान, चीनी मिलों और नीति निर्धारकों तक सभी का ध्यान खींचा है। जुलाई और अगस्त 2026 के दौरान चीनी के दाम में जिस तेजी से वृद्धि हुई, उसने यह सवाल खड़ा कर दिया कि आखिर इसके पीछे वास्तविक कारण क्या है। इसी बीच यह चर्चा भी तेज हुई कि क्या पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने की बढ़ती आवश्यकता के कारण गन्ने का अधिक हिस्सा एथेनॉल बनाने में चला गया और इसका सीधा असर चीनी के उत्पादन तथा कीमतों पर पड़ा। अलबत्ता, सरकार इस बात का खंडन कर चुकी है।

सवाल महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत में गन्ना केवल एक कृषि उपज नहीं है, बल्कि इससे चीनी, एथेनॉल और कई अन्य उत्पादों का पूरा आर्थिक तंत्र जुड़ा हुआ है।

गन्ने से चीनी और एथेनॉल का संबंध समझे बिना इस विवाद को समझना कठिन है। गन्ने को मिल में पेरने पर उससे रस प्राप्त होता है। इस रस को विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजारकर चीनी के कण तैयार किए जाते हैं। चीनी निकालने के बाद बचने वाला गाढ़ा पदार्थ शीरा कहलाता है। इसी शीरे का उपयोग एथेनॉल बनाने में बड़े पैमाने पर किया जाता है। कुछ परिस्थितियों में गन्ने के रस या गाढ़े सिरप से भी सीधे एथेनॉल तैयार किया जा सकता है। इस प्रकार गन्ने का उपयोग दो अलग-अलग आर्थिक जरूरतों के लिए हो सकता है। एक ओर वह भोजन के लिए चीनी उपलब्ध कराता है और दूसरी ओर परिवहन ईंधन के लिए एथेनॉल। इसलिए दोनों के बीच संबंध को नकारा नहीं जा सकता।

यहीं से यह धारणा पैदा होती है कि यदि गन्ने का अधिक हिस्सा एथेनॉल उत्पादन में चला जाए तो चीनी की उपलब्धता घट सकती है और उसके दाम बढ़ सकते हैं। सामान्य परिस्थितियों में यह तर्क आर्थिक रूप से असंगत नहीं है। यदि किसी सीमित संसाधन का एक बड़ा हिस्सा एक वस्तु के उत्पादन में इस्तेमाल होगा तो दूसरी वस्तु के लिए उपलब्ध मात्रा प्रभावित हो सकती है। लेकिन किसी एक सामान्य आर्थिक संबंध को देखकर यह निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा कि वर्तमान चीनी मूल्य वृद्धि का मुख्य कारण भी एथेनॉल ही है।

अगस्त 2026 में केंद्र सरकार ने इसी धारणा को स्पष्ट रूप से खारिज किया है। सरकार के अनुसार चीनी की कीमतों में हाल की वृद्धि को एथेनॉल के लिए गन्ने या चीनी के कथित अधिक उपयोग से जोड़ना सही नहीं है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार एथेनॉल उत्पादन के लिए चीनी के उपयोग का हिस्सा 2022-23 में लगभग 12 प्रतिशत था, जो 2025-26 में घटकर लगभग 9 प्रतिशत रह गया है। इससे यह संकेत मिलता है कि हाल के वर्षों में एथेनॉल के लिए चीनी के उपयोग का अनुपात बढ़ने के बजाय घटा है।

इस स्थिति को और स्पष्ट करने वाली बात यह है कि भारत में एथेनॉल बनाने के लिए अब अनाज का उपयोग भी काफी बढ़ गया है। विशेष रूप से मक्का एथेनॉल उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण कच्चा माल बनकर उभरा है। इसलिए पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण बढ़ाने की नीति का पूरा भार गन्ने और चीनी उद्योग पर नहीं है। सरकार का कहना है कि देश में बनने वाले एथेनॉल का बड़ा हिस्सा अब अनाज से प्राप्त हो रहा है। ऐसे में केवल एथेनॉल नीति को चीनी की मौजूदा महंगाई का जिम्मेदार ठहराना तथ्यों को अधूरा देखने जैसा होगा।

वास्तविक समस्या इस समय घरेलू चीनी उत्पादन में आई कमी से अधिक जुड़ी दिखाई देती है। सरकार के ताजा अनुमान के अनुसार वर्तमान सत्र में चीनी का उत्पादन लगभग 306 लाख टन रहने का अनुमान है, जबकि आरंभिक अनुमान लगभग 343 लाख टन का था। अर्थात उत्पादन अनुमान में लगभग 11 प्रतिशत की कमी आई है। इतनी बड़ी

## कविता

### अपनी ही परछाई से भागते लोग

अब सच का साथ नहीं देते लोग,
झूठ फरेब के पीछे भागते लोग।
ईमान का पानी भी सा सूख गया
फरेब की फसल लहलहाते लोग।
पेड़ की शाखों पर सूखे पत्ते ठहरे,
मजहबी मंसूबों से घर बाँटते लोग।
शोहरत,दौलत के दीवाने अहमक
अपनों को ही आंखें तरेरते लोग।
भीड़ में रहकर भी अब तन्हा सब
अपनी गुम आवाज़ खोजते लोग।
सच की राहों पर काँटे बिखरे आज
झूठ के मेले में फरेब बाँटते लोग।
सच तलाशने की फुर्सत कहां अब
मखमली भाषा से स्वार्थ साधते लोग।
संजीव अब किससे गिला-शिकवा
यहाँ अपनी परछाई से भागते लोग।


संजीव ठाकुर




# गंगा संरक्षण का भविष्य और स्थानीय संस्थागत क्षमता की आवश्यकता

**शक्ति सिंह चंदेल**

गंगा और उसकी सहायक नदियों से जुड़े अनेक विषय ऐसे हैं जिन पर लगातार ध्यान देने की आवश्यकता होती है। जल गुणवत्ता की निगरानी, नदियों में गिरने वाले अपशिष्टों का प्रबंधन, वेटलैंड्स का संरक्षण, नदी तटीय क्षेत्रों की सुरक्षा, स्थानीय जल निकायों का पुनर्जीवन तथा जनसहभागिता को बढ़ावा देना ऐसे कार्य हैं जिनकी प्रासंगिकता समय के साथ और अधिक बढ़ती जाती है। इसके अतिरिक्त बढ़ता शहरीकरण, औद्योगिक विस्तार, जनसंख्या वृद्धि और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियां नदी संरक्षण के महत्व को और अधिक रेखांकित करती हैं।

भारत की सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक परंपरा और पर्यावरणीय विरासत में गंगा का स्थान अद्वितीय है। यह नदी केवल एक जलधारा नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों के जीवन, आजीविका, कृषि व्यवस्था, पर्यटन और सामाजिक विकास की आधारशिला है। सदियों से गंगा भारतीय सभ्यता की वाहक रही है और आज भी देश के विशाल भूभाग के लिए जीवन का महत्वपूर्ण स्रोत बनी हुई है। यही कारण है कि गंगा संरक्षण का विषय केवल पर्यावरणीय चिंता तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय विकास, जल सुरक्षा और भावी पीढ़ियों के हितों से भी गहराई से जुड़ा हुआ है।

पिछले वर्षों में नमामि गंगे अभियान ने गंगा संरक्षण के क्षेत्र में एक व्यापक और संगठित दृष्टिकोण प्रस्तुत किया है। इस पहल के अंतर्गत प्रदूषण नियंत्रण, सीवेज प्रबंधन, घाटों के विकास, जैव विविधता संरक्षण, ग्रामीण स्वच्छता तथा जनजागरूकता जैसे अनेक क्षेत्रों में कार्य किए गए हैं। इन प्रयासों ने गंगा संरक्षण को एक राष्ट्रीय आंदोलन का स्वरूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साथ ही समाज में नदी संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और विभिन्न संस्थाओं को इस दिशा में सक्रिय करने का कार्य भी किया है।

किसी भी बड़े पर्यावरणीय अभियान की सफलता केवल उसके लिए आवंटित संसाधनों या पूर्ण की गई परियोजनाओं की संख्या से निर्धारित नहीं होती। उसकी वास्तविक प्रभावशीलता इस बात पर निर्भर करती है कि उसके लिए विकसित की गई व्यवस्थाएं कितनी सक्षम, उत्तरदायी और दीर्घकाल तक कार्य करने में समर्थ हैं। गंगा संरक्षण के संदर्भ में यह पहलू विशेष महत्व रखता है क्योंकि नदी संरक्षण एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जिसे किसी निश्चित समय सीमा में पूर्ण नहीं किया जा सकता।

विशेषज्ञों का मानना है कि गंगा संरक्षण को केवल एक परियोजना के रूप में नहीं, बल्कि दीर्घकालिक प्रशासनिक और सामाजिक दायित्व के रूप में देखा जाना चाहिए। किसी भी संरक्षण कार्यक्रम की स्थिरता इस बात पर निर्भर करती है कि स्थानीय स्तर पर उसके लिए कितनी प्रभावी संस्थागत व्यवस्था उपलब्ध है। यही कारण है कि जिला स्तर की भूमिका इस पूरे अभियान में अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है।

प्रत्येक जिले की भौगोलिक, सामाजिक और पर्यावरणीय परिस्थितियां अलग होती हैं। कहीं प्रदूषण के स्रोत अलग हैं, कहीं सहायक नदियों के संरक्षण की आवश्यकता अधिक है, तो कहीं जल निकायों और नदी तटीय क्षेत्रों के प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है। ऐसे में स्थानीय प्रशासन, क्षेत्रीय अनुभव और उपलब्ध सूचनाएं संरक्षण संबंधी निर्णयों को अधिक प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होती हैं। गंगा संरक्षण की दीर्घकालिक सफलता के लिए स्थानीय स्तर पर समन्वित और सक्षम व्यवस्थाओं का होना आवश्यक माना जाता है।

वर्तमान समय में पर्यावरणीय प्रबंधन का स्वरूप भी तेजी से बदल रहा है। अब नीतिगत निर्णयों में वैज्ञानिक अध्ययनों, डिजिटल निगरानी प्रणालियों, डेटा विश्लेषण और स्थानीय स्तर पर एकत्रित सूचनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। यदि इन जानकारियों का व्यवस्थित संकलन और संरक्षण किया जाए तो योजनाओं को अधिक सटीक और प्रभावी बनाया जा सकता है। इससे न केवल संसाधनों का बेहतर उपयोग संभव होगा बल्कि संरक्षण संबंधी प्रयासों की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा।

गंगा संरक्षण के लिए जनभागीदारी का महत्व भी किसी संस्थागत व्यवस्था से कम नहीं है। स्थानीय समुदाय, शैक्षणिक संस्थान, सामाजिक संगठन और जागरूक नागरिक इस प्रक्रिया के महत्वपूर्ण साझेदार हैं। जब समाज स्वयं नदी संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार करता है, तब संरक्षण संबंधी प्रयासों को स्थायित्व और व्यापक समर्थन प्राप्त होता है। यही कारण है कि जनजागरूकता और सामुदायिक सहभागिता को गंगा संरक्षण की आधारभूत आवश्यकता माना जाता है।

भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए यह आवश्यक है कि गंगा संरक्षण के प्रयासों को निरंतर सुदृढ़ किया जाए और स्थानीय स्तर पर संस्थागत क्षमता को और अधिक विकसित किया जाए। इससे न केवल वर्तमान योजनाओं की प्रभावशीलता बढ़ेगी बल्कि आने वाले वर्षों में उत्पन्न होने वाली नई चुनौतियों का सामना करने में भी सहायता मिलेगी। गंगा भारत की अमूल्य धरोहर है और इसका संरक्षण एक सतत राष्ट्रीय दायित्व है। इस दिशा में मजबूत स्थानीय व्यवस्थाएं, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सक्रिय जनभागीदारी मिलकर एक ऐसे भविष्य की नींव रख सकती हैं जिसमें गंगा की अविरलता, निर्मलता और पर्यावरणीय महत्ता लंबे समय तक सुरक्षित बनी रहे।

## एक नजर

### रसोइयों को बड़ी सौगात

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में मिड-डे मील बनाने वाली रसोइयों के लिए यह सप्ताह बड़ी सौगात लेकर आया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रसोइयों के मानदेय में प्रति माह एक हजार रुपये की बढ़ोतरी और परिवार सहित पांच लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज की ऐतिहासिक घोषणा की है। इस फैसले से प्रदेशभर की रसोइया बहनों में खुशी की लहर दौड़ गई है। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में सीएम योगी ने इस योजना का औपचारिक शुभारंभ किया। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली रसोइयों को सम्मानित भी किया गया, जिसका जिलों में सजीव प्रसारण हुआ। सहारनपुर की रसोइया रीता देवी सहित अन्य ने इसे अपने श्रम का सम्मान बताते हुए कहा कि इस निर्णय से उनका मनोबल और आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।

### बारिश से निर्माण सामग्री की मांग घटी

**लखनऊ (एजेंसी)।** बारिश के कारण बंद हो गईं खदानों का प्रभाव अब बालू पर अधिक दिख रहा है। प्रति फीट छह रुपये बालू महंगी हो गई है। मौरंग के दाम पिछले एक माह की तुलना में गिरे हैं। इसके पीछे तर्क दिया जा रहा है कि निर्माण सामग्री की डिमांड बरसात में बीस प्रतिशत के आसपास कम हो गई है। कुछ लोगों ने मौरंग का पहले से ही भंडार कर लिया है। फुटकर दुकानदारों के पास बहुत मांग नहीं आ रही है। व्यापारियों का कहना है कि नवरात्रि से बाजार में चढ़ाव दिखाई देगा। अभी सितंबर भर बाजार में बहुत ज्यादा तेजी नहीं रहने वाली। नवंबर माह में दीपावली है। ऐसे में मरम्मत से लेकर रंग रोगन का काम लोग दीपावली से पहले कराते हैं। फिलहाल जुलाई माह में जो मौरंग 68 से 70 रुपये प्रति फीट, पूरी ट्रक लेने पर मिल रही थी, वहीं मौरंग 63 से 65 रुपये के बीच आ गई है। पौना इंची गिट्टी जो स्लैब में काम आती है। उसके दाम भी गिरे हैं। अब यही गिट्टी 62 से गिरकर 58 रुपये प्रति फीट में बिक रही है। हालांकि थोक के दाम यह है। फुटकर में यह गिट्टी 62 रुपये प्रति फीट में बेच रहे हैं। निर्माण सामग्री विक्रेता आलोक बताते हैं कि बाजार में तेजी नहीं है।

# आरक्षण पर मायावती का कड़ा विरोध



**लखनऊ (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने जाति-आधारित आरक्षण को खत्म कर इसे केवल आर्थिक आधार पर लागू करने की मांग का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ऐसा कोई भी कदम देश हित में नहीं होगा। रविवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण का प्रावधान सदियों से चले आ रहे सामाजिक भेदभाव और वंचना को दूर करने के लिए किया गया था।

मायावती ने आरक्षण का विरोध करने वाले लोगों से अपील की कि वे ऐसा कोई कदम न उठाएं जिससे एक समतामूलक समाज और स्वाभिमानी राष्ट्र के निर्माण के संवैधानिक उद्देश्य को नुकसान पहुंचे। उन्होंने डॉ. बी.आर. अंबेडकर के विचारों का हवाला देते हुए कहा कि जातिवाद का त्याग करना ही सबसे बड़ी देशभक्ति है।

दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए आरक्षण-विरोधी प्रदर्शनों का जिक्र करते हुए बसपा प्रमुख ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी या कांग्रेस का कोई भी अन्य नेता प्रदर्शनकारियों को अपना रुख समझाने तक नहीं गया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह घटनाक्रम दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों के प्रति कांग्रेस की आरक्षण-विरोधी मानसिकता को उजागर करता है।

मायावती ने दावा किया कि देश में आर्थिक आधार पर आरक्षण व्यवस्था पहले से ही लागू है, लेकिन सामान्य वर्ग के गरीब परिवारों को भी इसका पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है और यह व्यवस्था काफी हद तक अपर्याप्त साबित हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक भ्रष्ट और जातिवादी सरकारी व्यवस्था के कारण आरक्षण से जुड़े संवैधानिक प्रावधानों को जमीन पर ठीक से लागू नहीं होने दिया गया, जिसके चलते आजादी के दशकों बाद भी ये वर्ग गरीबी, उत्पीड़न और सामाजिक पूर्वाग्रह का सामना कर रहे हैं।

बसपा प्रमुख ने केंद्र और राज्य सरकारों से आग्रह किया कि वे आरक्षण का विरोध करने वाले तत्वों को किसी भी तरह का आश्रय या संरक्षण न दें। इसके साथ ही उन्होंने सभी राजनीतिक दलों और आम जनता से अपील की कि इस बेहद संवेदनशील मुद्दे पर सस्ती राजनीति करने से बचें।

## पुलिस ने कार से जब्त किया 15 करोड़ रुपये का सोना

**लखनऊ (एजेंसी)।** कन्नौज जिले के तालग्राम क्षेत्र में पुलिस ने एक दुर्घटनाग्रस्त कार की तलाशी के दौरान 10.026 किलोग्राम सोना बरामद किया है जिसकी अनुमानित कीमत करीब 15 करोड़ 39 लाख रुपये है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। इस मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख एवं कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव ने पुलिस पर बरामद सोने की कुछ ईंटें ''गायब'' करने का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि शनिवार को सकरावा के थाना प्रभारी भागमल सिंह की सरकारी गाड़ी को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर संख्या 171.200 के पास एक कार ने टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो दुर्घटनाग्रस्त सरकारी वाहन के करीब 100 मीटर आगे टक्कर मारने वाली कार खड़ी मिली जिसमें दो लोग सवार थे। पुलिस अधीक्षक के बताया कि पूछताछ में उन्होंने अपनी पहचान महराजगंज निवासी संदीप जायसवाल और नेपाल निवासी सरोज पंत के रूप में बताई। संदेह होने पर कार की तलाशी ली गई, जिसमें एक बैग से सोने की 10 ईंटें मिलीं। दोनों कोई वैध दस्तावेज या लाइसेंस नहीं दिखा सके। पुलिस ने भारतीय स्टेट बैंक के अधिकृत स्वर्ण मूल्यांकनकर्ता से जांच कराई, जिसमें इसके 24 कैरेट सोना होने की पुष्टि हुई। बरामद सोना 10.026 किलोग्राम था। पुलिस ने जीएसटी विभाग की टीम को भी बुलाया। टीम ने प्रथम दृष्टया अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने की तस्करी की आशंका जताई और मामले की विस्तृत जांच सीमा शुल्क विभाग से कराने की बात कही। अधिकारी ने बताया कि बरामद सोना सीमा शुल्क विभाग को सौंप दिया गया है।

## सिख समाज ने फूंका राहुल का पुतला

जागरण मोर्चा कार्यालय



**खटीमा।** वर्ष 1984 के सिख विरोधी नरसंहार के आरोपी सज्जन कुमार को रोल मॉडल बताए जाने संबंधी कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा के कथित बयान के विरोध में सिख समाज के लोगों ने खटीमा चौक पर प्रदर्शन किया। आक्रोशित लोगों ने कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राहुल गांधी का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान सिख समाज के लोगों ने कथित बयान पर कड़ा आक्रोश जताते हुए कहा कि वर्ष 1984 के नरसंहार की पीड़ा आज भी पीड़ित परिवारों के मन में है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में बयान देने से पहले पीड़ित परिवारों की भावनाओं और उनके दर्द का सम्मान किया जाना चाहिए। समाज के लोगों ने कांग्रेस से कथित बयान पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग भी की। इस अवसर पर राज्य मंत्री सरदार रंजीत सिंह नामधारी, गुरुद्वारा सिंह सभा खटीमा के प्रधान सरदार हरभजन सिंह, बाबा तरसेम सिंह, परमजीत सिंह, रंजीत सिंह (मांगा), जसविंदर सिंह, सतनाम सिंह मल्ली, गुरप्रीत सिंह, कुलतार सिंह नामधारी, सुखदेव सिंह सुक्खा, अमरजीत सिंह, दिलबाग सिंह, टहल सिंह, चरण सिंह, जगजीत सिंह, मनवीर सिंह, जसवीर सिंह सोहल, जितिन ग्रोवर, जगदीश सिंह, गोल्डी सहित सिख समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।

## सपा को साफ करेगी जनता: सीएम योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्य स्तरीय रसोइया सम्मान समारोह में सरकार रसोइया को बड़े उपहार की सुविधा दी। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने वर्ष 2017 के पहले के उत्तर प्रदेश की भी चर्चा की और समाजवादी पार्टी को लेकर भविष्यवाणी भी कर दी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर बड़ा हमला किया। योगी आदित्यनाथ ने दावा किया कि अगले विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता सपा को हमेशा के लिए 'साफ' कर देगी। उन्होंने कहा कि बबुआ(अखिलेश यादव) ने एक बयान दिया है कि हमारे परिवार के सभी लोग सांसद हैं, इसी कारण तो समाजवादी पार्टी बनी हुई है।

## आबकारी विभाग की दबिश, शराब बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय


आबकारी की टीम ने देशी भुड़िया में 19 लीटर कच्ची शराब बरामद की।

**खटीमा।** आबकारी विभाग की टीम ने अवैध मादक द्रव्यों के निर्माण, बिक्री और भंडारण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत देशी भुड़िया क्षेत्र में दबिश देकर एक व्यक्ति को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। आबकारी विभाग के अनुसार, 22 अगस्त को क्षेत्र-2 खटीमा की टीम ने आबकारी निरीक्षक बृजेश जोशी के नेतृत्व में देशी भुड़िया में दबिश दी। इस दौरान बलवीर सिंह पुत्र मेहर सिंह, निवासी देशी भुड़िया, खटीमा को 46 पाउचों में करीब 19 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा गया। बरामद शराब में 30 पाउच 500 मिलीलीटर तथा 16 पाउच 250 मिलीलीटर के बताए गए हैं। आबकारी विभाग ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। आबकारी निरीक्षक बृजेश जोशी ने बताया कि अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। आबकारी निरीक्षक बृजेश जोशी के साथ दबिश टीम में खटीमा क्षेत्र का आबकारी स्टाफ शामिल रहा।


अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस के नवनियुक्त जिला महासचिव मिथुन राणा का स्वागत करते विधायक गोपाल सिंह राणा व पार्टी कार्यकर्ता।

## अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस के मिथुन राणा बने जिला महासचिव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष जीत सिंह द्वारा ग्राम चांदा (खटीमा) निवासी मिथुन सिंह राणा को नानकमत्ता विधानसभा क्षेत्र का जिला महासचिव मनोनीत किया है। जिला अध्यक्ष जीत सिंह राणा ने मिथुन राणा की अपेक्षा की है कि वह अपने राजनैतिक अनुभव एवं युवा का मार्गदर्शन कर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी तथा सोनिया गांधी के साथ मजबूती से खड़े होकर राष्ट्रीय हित में कार्य करें। मिथुन के मनोनयन पर नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा, रमेश रौतेला, दीपक बिष्ट, गौरव राणा, नरेंद्र आर्य, लक्ष्मण सिंह राणा, मोहित, तौकीर, इमरान, मनीष, जुब्बैर, समीर, विकास, कुलदीप, अनुज, सूरज आदि मौजूद थे।

## सीएम योगी ने गुलाब सिंह को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों की स्मृतियों को जिंदा रखने के लिए प्रतिबद्ध है। आदित्यनाथ ने स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी को उनकी 91वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी और भारत की आज़ादी की लड़ाई में उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया। उन्होंने लोधी द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान तिरंगा फहराये जाने के स्थान अमीनाबाद के झंडेवाला पार्क में आयोजित एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों की यादों को जिंदा रखने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य ने सम्मान के तौर पर उन्नाव में एक पार्क, स्वास्थ्य केंद्र और पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज का नाम गुलाब सिंह लोधी के नाम पर रखा है। आदित्यनाथ ने अन्य स्वतंत्रता सेनानियों और समाज सुधारकों को सम्मानित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अलीगढ़ में एक स्टेडियम और बदायूं में एक नई पीएसी वाहिनी का नाम वीरांगना अवंती बाई लोधी के नाम पर रखा गया है, जबकि लखनऊ में एक महिला पीएसी वाहिनी का नाम भी उनके नाम पर रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार स्मारक बनाने और स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों की यादों को संजोने का अपना कार्यक्रम जारी रखेगी।

## हल्दी घेरा: गुरुद्वारा रोड निर्माण शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय


हल्दी घेरा में गुरुद्वारा रोड़ के निर्माण कार्य सुभारम्भ में मोजूद जिपंअ अजय मौर्य एवं ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** हल्दी घेरा क्षेत्र में ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने गुरुद्वारा रोड़ के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। सड़क का निर्माण लगभग 15 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा। जिसके तहत करीब 250 मीटर इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण होना है। सड़क खराब होने के कारण स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सड़क निर्माण पूरा होने के बाद क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ ही लंबे समय से चली आ रही समस्या से निजात मिलने की उम्मीद है। निर्माण कार्य शुरू होने पर ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने कहा कि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास उनकी प्राथमिकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान जसवंत सिंह, उपप्रधान कुलदीप सिंह, प्रमोद मौर्या, अखिल भारत सिंह, अभिषेक, भारत सिंह, लक्की सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# खटारा बसों से कैसे उबरेगा परिवहन निगम

जागरण मोर्चा कार्यालय

- करोड़ों की लागत से बने हाईटेक बस स्टेशन लेकिन निगम के पास पर्याप्त बसों का टोटा
- टनकपुर क्षेत्र की 87 बसों में से अधिकांश बसें 2020 से पूर्व की खटारा
- समय पर वेतन नहीं मिलने से परिवहन निगम के कर्मचारी परेशान

**खटीमा।** उत्तराखंड परिवहन निगम अपनी आर्थिक तंगी से कब और कैसे उबरेगा। इसका समाधान वर्तमान आवश्यकता के अनुसार जरूरी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयास से टनकपुर के साथ ही खटीमा में करोड़ों की लागत से हाईटेक बस स्टेशन का निर्माण किया गया है। लेकिन विभाग मौजूदा खटारा बसों से आर्थिक तंगी से उबर नहीं सकेगा। उत्तराखंड परिवहन निगम के कर्मचारी तीन-चार महीना के वेतन से वंचित चल रहे हैं। इन कर्मचारियों की गृहस्थी चलना तो दूर कुछेक कर्मचारी दो जून की रोटी के लिए भी परेशान चल रहे हैं।

उत्तराखंड प्रदेश का टनकपुर क्षेत्र पर्वतीय एवं मैदानी क्षेत्र का प्रमुख द्वारा है। जहां से देश के कई प्रदेशों के विभिन्न नगरों में महानगरों के अलावा पर्वतीय अंचलों तथा नेपाल को लोग आते जाते हैं। टनकपुर से सुप्रसिद्ध पूर्णागिरी मंदिर को लाखों श्रद्धालु कई प्रदेशों से पूर्णागिरि मैय्या के दर्शन के लिए आते जाते हैं। टनकपुर में उत्तराखंड परिवहन निगम का क्षेत्रीय कार्यालय है। यहां लगभग साढ़े चार सौ कर्मचारी कार्यरत हैं। जिसमें नियमित, आउटसोर्स, एजेंसी आदि के कर्मचारी काम करते हैं। परिवहन निगम के कर्मचारी तीन व चार माह से वेतन से वंचित चल रहे हैं। क्षेत्रीय प्रबंधक टनकपुर के रिकॉर्ड की मानें तो यहां रोड़वेज बसों की स्थिति बेहद चिंता जनक है। उत्तराखंड परिवहन निगम के क्षेत्रीय कार्यालय टनकपुर डिपो में कुल 87 बसे हैं। जिसमें 23 बसें सरकार से अनुबंध वाली हैं। प्रदेश सरकार द्वारा इस वर्ष 4 बसें तथा 2019 में 30 बसें दी गई थी। शेष तीस बसें वर्ष 2016 व उससे पूर्व की हैं। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेश पांडे ने बताया कि वर्तमान में इन बसों की मरम्मत कर कार्य लिया जा रहा है। उत्तराखंड परिवहन निगम टनकपुर क्षेत्र के चालक एवं परिचालक बताते हैं कि उन्हें प्रतिदिन 250 किमी तक बस से सवारियां ढोनी पड़ती हैं। यदि उनकी बस टनकपुर बस स्टेशन से छुटती है और वह 100 किमी जाने से पहले ही रोड़ में खराब होकर खड़ी करनी पड़ती है तो उनकी ड्यूटी नहीं लगेगी। यदि 100 किमी से अधिक चलकर बस खराब होकर खड़ी होती है तो उन्हें डेढ़ सौ किमी का लाभ मिल जाता है। ऐसी स्थिति में उन्हें निर्धारित वेतन भी पूरा नहीं मिल पाता है।

**विभाग कुछ कर्मचारियों को वेतन दे चुका है शेष का वेतन निर्गत किया जा रहा है- पवन मेहरा एमडी तकनीकी देहरादून**

**खटीमा।** उत्तराखंड परिवहन निगम देहरादून के महाप्रबंधक तकनीकी/कार्मिक पवन मेहरा ने बताया कि प्रदेश में परिवहन निगम के कर्मचारियों का वेतन रुका था। लेकिन अब वेतन दिया जा रहा है। इनमें से कुछ कर्मचारियों को वेतन दिया जा चुका है। लेकिन शेष कर्मचारियों के वेतन को शीघ्र निर्गत करने की व्यवस्था की जा रही है।

**सीएम घोषणा के तहत प्रतिवर्ष 100 बसें निगम को मिलती हैं- आरएम आलोक बनवाल**

**खटीमा।** सीएम की घोषणा के अनुसार उत्तराखंड परिवहन निगम को प्रतिवर्ष मिलने वाली 100 बसों में टनकपुर डिपो को चार-पांच ही बसे मिल सकेंगी। विभाग निष्ठा पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहा है। यात्रियों को सहूलियत दिलाना परिवहन निगम का दायित्व है। समस्याएं आती जाती रहती हैं।

## जबरन जमीन रजिस्ट्री नहीं करा सकता प्रशासन : हाई कोर्ट

**लखनऊ (एजेंसी)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने सड़क चौड़ीकरण के लिए निजी भूमि लेने के मामले में कहा है कि प्रशासन जमीन मालिक की सहमति के बिना जबरन बिक्री विलेख नहीं करा सकता। अदालत ने शुक्रवार को दिए आदेश में कहा कि यदि जमीन मालिक स्वेच्छा से जमीन बेचने को तैयार है और दोनों पक्ष कीमत पर सहमत हो जाते हैं तो ही बिक्री विलेख के जरिये जमीन ली जा सकती है। अन्यथा, राज्य सरकार को भूमि अधिग्रहण की निर्धारित कानूनी प्रक्रिया अपनानी होगी। अदालत ने अधिकारियों को याचियों को परेशान नहीं करने और बिक्री के लिए उनकी सहमति जबरन हासिल नहीं करने का निर्देश दिया है। उच्च न्यायालय ने कहा कि जमीन विक्रय विलेख के माध्यम से तभी खरीदी जा सकती है जब मालिक स्वेच्छा से बेचने के लिए सहमत हो और दोनों पक्ष बिक्री मूल्य पर पारस्परिक रूप से सहमत हों और यदि ऐसी कोई सहमति नहीं है, तो राज्य सरकार को वैधानिक भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया का पालन करना होगा। इसके साथ ही अदालत ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे याचिकाकर्ताओं को परेशान न करें या बिक्री कार्यों को निष्पादित करने के लिए जबरन उनकी सहमति न लें। अदालत ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि स्वैच्छिक बिक्री और अनिवार्य अधिग्रहण दो अलग-अलग कानूनी प्रक्रियाएं हैं।

## एक नजर

### मारपीट कर कब्जा करने का प्रयास, केस दर्ज

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के हरिपुर ता. जटपुरा निवासी राजवीर सिंह ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर गांव रामनगर जटपुरा निवासी इकबाल सिंह और हरमन सिंह पर मारपीट, गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, पीड़ित के पिता के नाम कृषि भूमि है, जिस पर आरोपी कथित रूप से जबरन कब्जा करने का प्रयास करते हैं और आए दिन विवाद करते हैं। पीड़ित ने बताया कि 21 अगस्त की शाम वह बातचीत के लिए आरोपियों के घर गया था। आरोप है कि वहां दोनों ने उसके साथ धक्का-मुक्की करते हुए मारपीट और गाली-गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि घटना की वीडियो फुटेज उसके पास मौजूद है। उसने पुलिस से कृषि भूमि में हस्तक्षेप रोकने और आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की पुलिस ने मामले में इकबाल सिंह और हरमन सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# बरखेड़ा में मामूली विवाद पर खूनी संघर्ष, बुजुर्ग के पेट में घोंपा सरिया

## लाठी-डंडों और लोहे के सरियों से हुआ हमला, बीच-बचाव करने पहुंचे गंगाराम गंभीर घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर पट्टी में शनिवार दोपहर मामूली विवाद ने देखते ही देखते खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के दौरान लाठी-डंडों और लोहे के सरियों का जमकर इस्तेमाल हुआ। बीच-बचाव करने पहुंचे बुजुर्ग के पेट में लोहे का सरिया घोंप दिए जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की पूरी वारदात घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका फुटेज अब सोशल मीडिया पर भी प्रसारित हो रहा है।

पीड़ित अमित कुमार के अनुसार शनिवार दोपहर करीब 2:35 बजे उनके घर के सामने रहने वाला रामऔतार घर के बाहर खड़े होकर गाली-गलौज कर रहा था। अमित ने इसका विरोध किया तो आरोप है कि रामऔतार आगबबूला हो गया और घर के भीतर से लोहे का लंबा सरिया लेकर अमित की ओर दौड़ पड़ा। शोर-शराबा सुनकर अमित के वृद्ध पिता गंगाराम घर से बाहर आए और विवाद शांत कराने के लिए दोनों के बीच पहुंच गए। आरोप है कि इसी दौरान रामऔतार ने गंगाराम के पेट में सरिया घोंप दिया। सरिया लगने से गंगाराम गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।



बरखेड़ा के दौलतपुर पट्टी में मारपीट की घटना का सीसीटीवी फुटेज। -जागरण मोर्चा

आरोप है कि गंगाराम को बचाने के लिए उनकी पत्नी सोमवती और परिवार के अन्य सदस्य तथा महिलाएं मौके पर पहुंचीं तो दूसरे पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों से उन पर भी हमला कर दिया। मारपीट में सोमवती समेत परिवार के कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचने लगे। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि इसके बाद आरोपी पक्ष जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। अचानक हुए इस खूनी संघर्ष से गांव में तनाव का माहौल बन गया।ग्रामीणों और परिजनों ने सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। पेट में सरिया लगने से घायल गंगाराम की हालत गंभीर बताई जा रही है और चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार चल रहा है। वहीं थाना अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# ग्राम उमरसड़ में भाजपा की संगठनात्मक बैठक 'मन की बात' को लेकर ग्रामीणों से किया संवाद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** 128-बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम उमरसड़ स्थित शक्ति केंद्र पर रविवार को महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक में महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कार्यकर्ताओं और ग्रामवासियों के साथ आत्मीय संवाद करते हुए संगठन को मजबूत बनाने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने पर चर्चा की।

बैठक के दौरान स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि अपनों के बीच बैठकर संवाद करने से हमेशा नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच मिलती है। उन्होंने ग्रामवासियों की समस्याओं, सुझावों और क्षेत्रीय विषयों पर भी चर्चा की तथा सभी से निरंतर संपर्क बनाए रखने का आह्वान किया।



ग्राम उमरसड़ के शक्ति केंद्र पर आयोजित संगठनात्मक बैठक में ग्रामवासियों से संवाद करते महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज।

इस दौरान आगामी रविवार को प्रसारित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' को लेकर भी ग्रामीणों से चर्चा की गई। विधायक ने सभी से कार्यक्रम को अधिक से अधिक संख्या में सुनने का आग्रह किया और कहा कि प्रधानमंत्री के विचार देशवासियों को समाज और राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं।

बैठक में केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों के साथ साझा की गई। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार प्रदेश में विकास और जनकल्याण को नई गति दे रही है। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में संगठन के मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में सम्मानित ग्रामवासी और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एलएच मिल में चीनी के भंडार की हुई गहन जांच, सभी गोदामों में पर्याप्त स्टॉक मिला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** चीनी के भंडारण और उपलब्धता की वास्तविक स्थिति जानने के लिए जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने शनिवार को एलएच चीनी मिल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मिल परिसर में बने विभिन्न गोदामों का जायजा लेते हुए वहां रखे चीनी के स्टॉक का मौके पर सत्यापन किया। जांच के दौरान सभी गोदामों में चीनी की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध पाई गई।

निरीक्षण के दौरान जिला गन्ना अधिकारी ने केवल कागजी रिकॉर्ड पर भरोसा करने के बजाय मौके पर मौजूद स्टॉक की स्थिति को परखा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से गोदामों में रखी चीनी, स्टॉक रजिस्टर और भंडारण व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उपलब्ध चीनी और अभिलेखों में दर्ज विवरण की स्थिति भी देखी गई।

जिला गन्ना अधिकारी ने चीनी के सुरक्षित रखरखाव और स्टॉक संबंधी अभिलेखों को व्यवस्थित रखने पर जोर दिया। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों से स्टॉक की नियमित निगरानी करने को कहा, जिससे रिकॉर्ड और वास्तविक भंडार में किसी तरह का अंतर न रहे। निरीक्षण के दौरान गोदामों में पर्याप्त स्टॉक मिलने पर स्थिति संतोषजनक रही।

इस अवसर पर चीनी मिल के सीनियर सेल्स मैनेजर, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पीलीभीत, सहकारी गन्ना विकास समिति पीलीभीत के सचिव समेत अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# रसोइयों का मानदेय बढ़ा, पांच लाख तक कैशलेस चिकित्सा सुविधा की सौगात

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** पीएम पोषण योजना के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों के सम्मान, सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधा को लेकर रविवार को गांधी स्टेडियम स्थित प्रेक्षागृह में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से आए रसोइयों को बढ़े हुए मानदेय के प्रतीकात्मक डेमो चेक और कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान लखनऊ के गोमतीनगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का एलईडी के माध्यम से सजीव प्रसारण भी कराया गया।

प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पिछली सरकारों ने रसोइयों की ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया, जबकि परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को भोजन उपलब्ध कराने से लेकर उसकी गुणवत्ता, स्वच्छता और व्यवस्था बनाए रखने में रसोइयों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराने में रसोइयों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है।




गांधी स्टेडियम प्रेक्षागृह में रसोइयों को बढ़े हुए मानदेय का डेमो चेक एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड प्रदान करते अतिथि। -जागरण मोर्चा

जिला मुख्यालय पर सजीव प्रसारण कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार, विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक विजय सिंह यादव और बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

पीलीभीत जनपद के 1545 परिषदीय विद्यालयों में कुल 4193 रसोइयां कार्यरत हैं। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जिले की सभी तहसीलों में भी एलईडी के माध्यम से रसोइयों को दिखाया और सुनवाया गया, जिससे अधिक से अधिक रसोइयां मुख्यमंत्री के संदेश और सरकार की ओर से की गई घोषणाओं से सीधे जुड़ सकीं।

गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने रसोइयों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2017 से पहले रसोइयों की समस्याओं और उनके हितों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। भाजपा सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न केवल रसोइयों के मानदेय में बढ़ोतरी की, बल्कि उन्हें सम्मान देने का भी काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार अब रसोइयों को कैशलेस चिकित्सा योजना का लाभ भी देने जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने केवल शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि हर क्षेत्र में लगातार विकास किया है। प्रदेश में कानून व्यवस्था को भी चुस्त-दुरुस्त बनाने का काम किया गया है, जिससे आमजन को सुरक्षित और बेहतर वातावरण मिल सके।

## संक्षेप समाचार

### श्रद्धा, सेवा और संस्कार का संगम बना श्री अलखेश्वर महादेव मंदिर, स्वामी प्रवक्तानंद ने किया जलाभिषेक




**पीलीभीत।** श्रावण मास के पावन अवसर पर खमरियापुल स्थित श्री परम अक्रियधाम आश्रम का श्री अलखेश्वर महादेव मंदिर शनिवार को आस्था, भक्ति और सेवा की त्रिवेणी का साक्षी बना। महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने हर सप्ताह की भांति इस बार भी मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की और शिवभक्तों तथा कांवड़ियों के साथ मिलकर महादेव का जलाभिषेक किया। महाराज के मंदिर पहुंचते ही श्रद्धालुओं में उत्साह का संचार हुआ और पूरा परिसर 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा। श्रावण मास में भगवान शिव की आराधना का विशेष महत्व माना जाता है। इसी आस्था और धार्मिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने श्रद्धालुओं के साथ सामूहिक रूप से भगवान शिव की आराधना की। उन्होंने महादेव से क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में पहुंचे शिवभक्तों और कांवड़ियों ने भी श्रद्धा के साथ भगवान अलखेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूजा-अर्चना के बाद स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने आश्रम में पहुंचे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और शिवभक्तों से आत्मीयता के साथ मुलाकात की। उन्होंने सभी को श्रावण मास की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान शिव की भक्ति मनुष्य को सेवा, संयम और सद्भाव की प्रेरणा देती है। महाराज ने श्रद्धालुओं के बीच फल एवं कॉफी का वितरण कर स्वयं सेवा कार्य में सहभागिता की। महाराज का यह सहज और आत्मीय व्यवहार श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। धार्मिक आयोजनों में स्वयं आगे बढ़कर सेवा करना और श्रद्धालुओं के सुख-दुख में सहभागी बनना उनके व्यक्तित्व की विशेष पहचान बन चुका है। यही कारण है कि क्षेत्र के लोगों में उनके प्रति विशेष श्रद्धा और आत्मीयता देखने को मिलती है। इसी दौरान जनपद के सम्मानित व्यापारी पंकज अग्रवाल की ओर से शिवभक्तों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने क्षेत्र के श्रेष्ठजनों और श्रद्धालुओं के साथ भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में बड़ी संख्या में पहुंचे शिवभक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। महाराज ने भंडारा आयोजक पंकज अग्रवाल सहित आयोजन से जुड़े सभी लोगों की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजनों के माध्यम से समाज में सेवा, सहयोग और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। भगवान शिव की भक्ति तभी सार्थक है, जब उसके साथ मानव सेवा और जरूरतमंदों की सहायता का भाव भी जुड़ा हो। धार्मिक आयोजन में जहानाबाद के थाना प्रभारी सहित पुलिस विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों, महाराज के कर्मठ कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के अनेक सम्मानित नागरिकों ने भी सहभागिता की। सभी ने भगवान अलखेश्वर महादेव के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और आयोजन में अपना सहयोग दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्री परम अक्रियधाम आश्रम परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। शिवभक्तों के जयकारों, भजनों और धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण पूरी तरह शिवमय नजर आया। महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज की विशेषता यह है कि वे धार्मिक आस्था को केवल पूजा-पाठ तक सीमित न रखते हुए उसे सेवा और जनकल्याण से जोड़ने पर जोर देते हैं। श्रावण मास में प्रत्येक सप्ताह शिवभक्तों के बीच पहुंचना, उनके साथ पूजा-अर्चना करना, श्रद्धालुओं का सम्मान करना और सेवा कार्यों में स्वयं सहभागी बनना उनके इसी सेवा भाव को दर्शाता है।

# महारानी थीम पर सजा हरियाली तीज का उत्सव इनर व्हील क्लब की सखियों ने जमकर मचाई धूम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** इनर व्हील क्लब पीलीभीत की ओर से हरियाली तीज का उत्सव स्थानीय सॉलिटेयर होटल में महारानी थीम पर हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में क्लब की सखियां हरे एवं रंग-बिरंगे परिधानों में राजसी अंदाज में सजीं। सुंदर श्रृंगार, बिंदी, चूड़ियां, कंगन, पायल और झुमकों से सजी महिलाओं ने महारानी थीम को जीवंत कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल के बीच हुआ। क्लब की अध्यक्ष डॉ. अनुरिता सक्सेना के विदेश से लौटने के बाद आयोजित इस कार्यक्रम में सदस्यों ने जमकर मस्ती की। डॉ. अनुरिता सक्सेना, कोमल, पारुल,



हरियाली तीज कार्यक्रम में महारानी थीम पर सजीं इनर व्हील क्लब की सदस्याएं।

सुमन, इंदु, उर्मिला, महिमा, डॉ. शिल्पी सेठ और शालिनी गुप्ता समेत अन्य सदस्यों ने शानदार नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

महारानी थीम पर आयोजित हाउजी सहित विभिन्न रोचक एवं मनोरंजक प्रतियोगिताओं ने सभी का खूब मनोरंजन किया। गीत-संगीत, नृत्य और अन्य गतिविधियों के बीच पूरे कार्यक्रम में हंसी-खुशी और उत्साह का माहौल बना रहा।

कार्यक्रम को आकर्षक एवं यादगार बनाने में सुमन अग्रवाल, इंदु अग्रवाल, उर्मिला अग्रवाल, कोमल, पारुल और क्लब सचिव महिमा अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में नीता मोदी, पदमा चंद्र, कैलाश रानी छावड़ा, मनीष अग्रवाल, कविता सिंह, मनीष खंडेलवाल, मोनिका अग्रवाल, पूनम चंद्र, मंजू

# महिला के हाई-वोल्टेज ड्रामे से हाईवे पर मचा हड़कंप, 20 मिनट तक थमे वाहनों के पहिए

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** पीलीभीत-टनकपुर हाईवे पर नेहरू पार्क के समीप रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक पीड़ित महिला अचानक उत्तराखंड रोडवेज की सरकारी बस के सामने जाकर खड़ी हो गई। महिला के इस कदम से बस चालक ने वाहन रोक दिया और मौके पर लोगों की भीड़ जुटने लगी।

इसी बीच महिला कलेक्ट्रेट की ओर से आ रही मजिस्ट्रेट की गाड़ी के सामने भी जाकर खड़ी हो गई। महिला के अचानक सड़क पर खड़े हो जाने से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगने से जाम की स्थिति बन गई।

करीब 20 मिनट तक चले इस हाई-वोल्टेज घटनाक्रम से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। स्थिति को देखते हुए मजिस्ट्रेट की गाड़ी के चालक ने तत्काल पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। इसके बाद चालक ने महिला को समझाकर अपने साथ बैठाया और उसे सुनगढ़ी थाने ले गया।




पीलीभीत-टनकपुर हाईवे पर बस व मजिस्ट्रेट की गाड़ी के सामने खड़ी महिला।

थाने पहुंचने पर महिला ने पुलिस को बताया कि उसके पति ने उसके साथ मारपीट की है। महिला का आरोप है कि घरेलू विवाद के चलते वह परेशान है और इसी कारण उसने हाईवे पर पहुंचकर अपनी बात रखने का प्रयास किया। फिलहाल पुलिस महिला की शिकायत और पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है। घटना के चलते हाईवे पर कुछ समय तक यातायात व्यवस्था प्रभावित रही।

**सतर्कता** शाही चौकी, टाइगर तिराहा समेत प्रमुख कांवड़ मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था परखी

# चतुर्थ सोमवार को लेकर एसपी ने कांवड़ मार्गों का किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार और कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में रविवार को पुलिस अधीक्षक ने थाना जहानाबाद की शाही चौकी क्षेत्र में शाही चौकी, टाइगर तिराहा सहित प्रमुख कांवड़ मार्गों और संवेदनशील स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कांवड़ मार्गों पर की गई बैरिकेडिंग, पार्किंग स्थल, कंट्रोल प्वाइंट, सीसीटीवी कैमरों, यातायात व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा सहायता और आपातकालीन सेवाओं की स्थिति को परखा।




कांवड़ यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक।

इसके साथ ही कांवड़ सहायता एवं मिशन शक्ति केंद्र की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया। ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल और अन्य विभागों के कर्मचारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं के साथ विनम्र, संवेदनशील और सहयोगात्मक व्यवहार किया जाए। भीड़ बढ़ने की स्थिति में प्रभावी भीड़ प्रबंधन और यातायात संचालन सुनिश्चित करने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जाए। उन्होंने कांवड़ मार्गों पर लगातार पैदल गश्त करने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वस्तुओं पर विशेष निगरानी रखने तथा प्रत्येक ड्यूटी प्वाइंट पर पुलिसकर्मियों को पूरी तरह सक्रिय रहने के निर्देश दिए। किसी भी आपात स्थिति की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कांवड़ियों और श्रद्धालुओं से भी संवाद किया तथा मार्ग में उपलब्ध सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्थाओं के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने श्रद्धालुओं से सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से जलाभिषेक करने तथा पुलिस-प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की अपील की।

# जनता की समस्याओं का समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता : स्वामी प्रवक्तानंद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** क्षेत्रवासियों की समस्याओं के समाधान और जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने खमरियापुल स्थित श्री परम अक्रियधाम आश्रम में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में 128-बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने एक-एक कर लोगों की समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना तथा उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जनता दर्शन में विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग गांवों और क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे।



जनता दर्शन कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनते महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज। -जागरण मोर्चा

किसी ने व्यक्तिगत समस्या रखी तो किसी ने गांव से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं, विकास कार्यों और प्रशासनिक स्तर पर लंबित मामलों की जानकारी दी। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने सभी लोगों की बात धैर्यपूर्वक सुनी और अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं का निस्तारण केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि उसका स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। महाराज ने कहा कि क्षेत्र की जनता उनके लिए सर्वोपरि है और प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का समाधान कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समयसीमा में उनका निस्तारण किया जाए। किसी भी पात्र व्यक्ति को अपनी समस्या के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, यह सुनिश्चित किया जाए।

स्वामी प्रवक्तानंद महाराज द्वारा आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम को क्षेत्रवासियों से सीधे संवाद का प्रभावी माध्यम माना जा रहा है। कार्यक्रम में आने वाले लोगों को अपनी बात सीधे जनप्रतिनिधि के सामने रखने का अवसर मिलता है। महाराज भी लोगों के बीच सहजता से बैठकर उनकी समस्याओं को सुनते हैं और संबंधित विभागीय अधिकारियों से तत्काल कार्रवाई के लिए संवाद करते हैं।

इस दौरान उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि का दायित्व केवल विकास कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि जनता के सुख-दुख में सहभागी बनना और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाया कि जनहित से जुड़े मामलों में वह लगातार प्रयास करते रहेंगे।

**एक नजर**

### जमीनी विवाद को लेकर गाली-गलौच मारपीट, मुकदमा दर्ज

**बीसलपुर।** जमीनी विवाद को लेकर गाली-गलौच मारपीट करने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दियोरिया कला कोतवाली क्षेत्र के गांव नौगवां नवीनगर निवासी जगपाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसके गांव निवासी छोटेलाल से जमीन के संबंध में पुरानी रंजिश चल रही है जिसको लेकर छोटेलाल, उमेश, फूलमती, नन्ही देवी ने लाठी डंडे लेकर गाली-गलौच करने लगे विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया है शोर शराबा सुनकर पड़ोसी लोगों ने आकर बीच-बचाव किया तभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने छोटेलाल, उमेश, फूलमती, नन्ही देवी निवासी नौगवां नवीनगर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# तहसील सभागार में रसोइयों का सम्मान समारोह संपन्न मानदेय में 1000 की वृद्धि और 5 लाख तक का कैशलेस इलाज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** बीआरसी बीसलपुर के तत्वाधान में तहसील सभागार में रसोइयों के सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा ने माँ शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया। समारोह में बीसलपुर, बिलसंडा एवं बरखेड़ा ब्लॉक के 100 अध्यापक एवं रसोइयां शामिल हुए। इस दौरान सभी उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उद्बोधन का प्रसारण देखा।

मुख्यमंत्री ने रसोइयों के मानदेय में 1000 प्रति माह की बढ़ोतरी और 5 लाख तक की कैशलेस चिकित्सा योजना की घोषणा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विवेक वर्मा ने कहा कि


रसोइया को डेमो चेक देते विधायक-एसडीएम व ब्लाक प्रमुख। -जागरण मोर्चा

राज्य सरकार की इस योजना से रसोइयों का मुफ्त इलाज संभव हो सकेगा और मानदेय वृद्धि से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी नागेंद्र पांडे, ब्लॉक प्रमुख अशोक कुमार सह विभाग कार्यवाह बरेली-पीलीभीत भद्रपाल, डीडीओ संजय कुमार, एसडीएम नागेंद्र पांडे, बीडीओ सर्वेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. हर्षित शर्मा शामिल रहे। सम्मान समारोह के दौरान बीसलपुर की 4 तथा बिलसंडा और बरखेड़ा की 3-3 रसोइयों को सांकेतिक चेक और कैशलेस स्वास्थ्य कार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एआरपी बिलसंडा सोमपाल उर्फ सूरज राठौर ने किया तथा अंत में खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. हर्षित शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## रसोइयों को वितरित किए गए कैशलेश चिकित्सा कार्ड

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर के ब्लॉक सभागार में रविवार को पीएम पोषण योजना के तहत परिषदीय स्कूलों में तैनात रसोईयों के लिए सम्मान समारोह और कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजित किया गया। भाजपा विधायक बाबूराम पासवान कार्यक्रम में पहुंचे और समारोह का शुभारंभ किया। जिसमे पूरनपुर क्षेत्र की रसोईयां शामिल हुईं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा किए गए कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण एवं सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण देखा गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित रसोइया माताओं-बहनों को डेमो चेक एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित कर उनका मानदेय


रसोईयों को कार्ड वितरण करते विधायक। -जागरण मोर्चा

दो हजार रुपये से बढ़ाकर तीन हजार रुपये कर दिया गया। इस पर शुभकामनाएं दीं। भाजपा विधायक बाबूराम पासवान ने कहा कि विद्यालयों में पढ़ने वाले नौनिहालों के लिए, प्रतिदिन प्रेम, ममता और आत्मीयता के साथ भोजन तैयार करने वाली हमारी रसोइया माताएं-बहनें प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था और बच्चों के पोषण अभियान की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। कड़ाके की ठंड हो, भीषण गर्मी हो या बारिश का मौसम वे अपनी जिम्मेदारी का निरंतर निर्वहन करते हुए विद्यालय आने वाले बच्चों के लिए भोजन तैयार करती हैं। उनका कार्य केवल भोजन बनाने तक सीमित नहीं है। वे विद्यालय आने वाले बच्चों के साथ एक मातृत्वपूर्ण रिश्ता बनाकर उनके स्वास्थ्य, पोषण और बेहतर भविष्य में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। रसोइयों के हित में लिया गया यह निर्णय उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला है। इसके साथ ही कैशलेस चिकित्सा कार्ड उपलब्ध कराए जाने का निर्णय स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। बीमारी या आकस्मिक स्वास्थ्य संबंधी परिस्थितियों में उपचार के लिए आर्थिक चिंता कम होना किसी भी परिवार के लिए बड़ी राहत है। सरकार का यह प्रयास रसोइया माताओं-बहनों के स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है। इस दौरान उपजिलाधिकारी मयंक गोस्वामी, खंड विकास अधिकारी हेमंत यादव, खंड शिक्षाधिकारी विजय वीरेंद्र, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, तहसीलदार आशीष गुप्ता सहित कई मौजूद रहे।

## खेत में स्प्रे कर रहे किसान को सांप ने डसा, हालत गंभीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव बिहारीपुर कुमिरखा में रविवार दोपहर खेत में धान की फसल पर कीटनाशक का छिड़काव कर रहे एक किसान को जहरीले सांप ने काट लिया। सर्पदंश से किसान की हालत बिगड़ गई, जिसके बाद परिजनों ने उन्हें आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीसलपुर में भर्ती कराया। क्षेत्र के ग्राम बिहारीपुर कुमिरखा निवासी हेमराज (40) पुत्र जमुना प्रसाद रविवार दोपहर करीब 12 बजे गांव स्थित अपने खेत में धान की फसल पर स्प्रे कर रहे थे। इसी दौरान खेत में छिपे एक विषैले सांप ने उनके पैर में डस लिया। जहर का असर शुरू होते ही हेमराज की तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी और वह खेत में ही गश खाकर गिर पड़े।


अस्पताल में भर्ती किसान हेमराज।

आसपास मौजूद अन्य किसानों और परिजनों को जब घटना की जानकारी हुई, तो वे तत्काल मौके पर पहुंचे। परिजन एम्बुलेंस की मदद से अचेत अवस्था में हेमराज को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीसलपुर पहुंचे। अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों की टीम ने तुरंत किसान का प्राथमिक उपचार शुरू किया। डॉक्टरों के मुताबिक किसान की हालत चिंताजनक बनी हुई है और उन पर एंटी-स्नेक वेनम देकर इलाज किया जा रहा है।

## महाविद्यालय में वितरण किए गए कृत्रिम उपकरण

### भाजपा विधायक सहित कई लोग कार्यक्रम में रहे मौजूद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर के बंडा-घुंघचाई रोड पर स्थित गन्ना कृषक महाविद्यालय में रविवार को आयोजित 'सामाजिक अधिकारिता शिविर में विधायक पूरनपुर बाबूराम पासवान पहुंचे, उन्होंने क्षेत्र के 192 दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क सहायक एवं कृत्रिम उपकरण वितरित किए। उन्होंने कहा कि यह केवल उपकरणों का वितरण नहीं, बल्कि जरूरतमंद लोगों के जीवन में सुविधा, सम्मान, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का नया संबल प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन सहायक उपकरणों के माध्यम से दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिक अपने दैनिक जीवन के कार्यों को


कृत्रिम उपकरण वितरण के दौरान मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

अधिक सहजता एवं स्वाभिमान के साथ कर सकेंगे।

समाज के कमजोर, वंचित और जरूरतमंद वर्गों के चेहरे पर मुस्कान लाना तथा उनके जीवन को सुगम बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य भी यही है कि विकास का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग और विशेष रूप से उन लोगों तक पहुंचे, जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। हमारा निरंतर प्रयास है कि सरकार की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति जानकारी या संसाधनों के अभाव में अपने अधिकारों और सुविधाओं से वंचित न रहे, इसके लिए हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं।

दिव्यांगजन हमारे समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उन्हें सहानुभूति नहीं, बल्कि समान अवसर, सम्मान और आत्मनिर्भर बनने के लिए आवश्यक सहयोग मिलना चाहिए। इस दौरान उपजिलाधिकारी मयंक गोस्वामी, खंड विकास अधिकारी हेमंत यादव सहित कई मौजूद रहे।

**संक्षेप समाचार**

### समूह गायन में विद्या मंदिर के छात्रों ने मारी बाजी


गायन प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते परिषद के पदाधिकारी।

**पूरनपुर।** भारत विकास परिषद की गोमती शाखा की ओर से मोहन सरस्वती शिशु मंदिर में विभिन्न स्कूलों के छात्रों की समूह गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम अब प्रांत स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में नगर के आठ स्कूलों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। बच्चों ने हिंदी और संस्कृत के गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। निर्णायक मंडल के प्रभात सक्सेना और अर्चना सिंघल ने मूल्यांकन किया। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज प्रथम, आरएसआरडी विद्या मंदिर और मोहन सरस्वती शिशु मंदिर संयुक्त रूप से द्वितीय तथा पंचम दास इंटर कॉलेज तृतीय रहा। विजेता छात्रों को मेडल, प्रमाण पत्र और ट्रॉफी प्रदान की गई। विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और मेधावी छात्रों को भी सम्मानित किया गया। परिषद अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। सचिव अनिल शुक्ला ने परिषद के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। महिला सहभागिता प्रमुख संगीता सिंघल ने संचालन किया। कार्यक्रम में रवि गुप्ता, आलोक गुप्ता, सौरभ वार्ष्णेय, अनीता वाजपेई, नीरज दीक्षित, राजकुमार शर्मा, हर्ष गुप्ता, मधु खंडेलवाल, डॉ. यूआर मीत, योगराज सिंह और राजकिशोर सहित कई लोग मौजूद रहे।

### जमीन बेचने के नाम पर ठेकेदार से 30 लाख रुपये की धोखाधड़ी, जान से मारने की धमकी

**बीसलपुर।** जमीन के सौदे में फर्जीवाड़ा और लाखों रुपये हड़पने का एक गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित ठेकेदार हर्षवर्धन पांडेय की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और जान से मारने की धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई गई है। जिला मैनपुरी के मूल निवासी और हाल में पीलीभीत में रह रहे ठेकेदार हर्षवर्धन पांडेय के अनुसार, दिसंबर 2025 में उनकी मुलाकात बिलसंडा के बाबू अंसारी से हुई थी। बाबू अंसारी ने अपनी पत्नी नसीम के नाम की ग्राम घनश्यामपुर स्थित जमीन को 32 लाख रुपये में बेचने का सौदा तय किया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसने किस्तों में 8 लाख रुपये नकद बाबू अंसारी की पत्नी को दिए। इसके बाद बैनामा कराने और अन्य जरूरतों के नाम पर अलग-अलग बैंक खातों व चेक के माध्यम से कुल 30 लाख रुपये से अधिक की राशि ट्रांसफर कर दी गई। आरोपी ने जून 2026 में 100 रुपये के नोटरी स्टाम्प पर लिखकर समय मांगा और रकम स्वीकार करने की बात कही, लेकिन बाद में बैनामा करने से मुकर गया। आरोप है कि जब उसने चेक बैंक में लगाए और अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपी और उसके साथियों ने फोन पर भद्दी गालियां दीं तथा जान से मारने की धमकियां देना शुरू कर दिया। पीड़ित ने शिकायत पत्र में बिलसंडा निवासी बाबू अंसारी उसकी पत्नी नसीम, मुजाहिद हसन खान निवासी बमनपुरी, पूरनपुर, अजीजुल हसन खान और कमल हसन निवासी शेरपुर, पूरनपुर को नामजद किया गया है। पीड़ित का आरोप है कि ये सभी संगठित होकर धोखाधड़ी करते हैं। बीसलपुर कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार शुक्ला ने बताया है कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## दो माह की तैयारी में राज्य स्तरीय सफलता, प्री-नेशनल के लिए चयनित हुई आराध्या भाव्या गुप्ता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** खेल प्रतिभाओं को निखारने की दिशा में कार्य कर रही अस्त्रविद् शूटिंग अकादमी ने स्थापना के महज दो माह में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। 18 जून 2026 को शुरू हुई अकादमी के तीन निशानेबाजों ने 20 से 23 अगस्त तक रामागया एकेडमी, सेक्टर-51, नोएडा में आयोजित 26वीं यूपी स्कूल स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में प्रतिभाग किया। अकादमी की निशानेबाज आराध्या भाव्या गुप्ता ने अंडर-16 वर्ग की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय पात्रता हासिल की। आराध्या की उपलब्धि से उनके परिवार, अकादमी और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता में


अकादमी संचालक आयुष भारद्वाज के साथ आराध्या। -जागरण मोर्चा

अकादमी के दो अन्य निशानेबाज अनव सक्सेना और अभिज्ञान चौहान ने भी 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में प्रतिभाग कर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। अकादमी के संचालक आयुष भारद्वाज ने खिलाड़ियों की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए कहा कि अकादमी का उद्देश्य क्षेत्र की प्रतिभाओं को बेहतर प्रशिक्षण, अनुशासन और प्रतियोगितात्मक मंच उपलब्ध कराना है, ताकि वे जिला, राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकें। अकादमी की ओर से आराध्या भाव्या गुप्ता को प्री-नेशनल प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी गईं। अकादमी ने उम्मीद जताई कि वह आगामी प्रतियोगिता में भी शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगी।

## शराब के नशे में गाली-गलौच और मारपीट, मुकदमा दर्ज

**बीसलपुर।** शराब के नशे में गाली गलौज मारपीट करने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दियोरिया कला कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलड़िया राधे निवासी गंगादीन ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसके गांव निवासी बड़े पुत्र दीनदयाल ने शराब के नशे में गाली गलौज करने लगा विरोध करने पर उठा कर पटक दिया तथा जान से मारने की धमकी देकर चला गया पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने बड़े पुत्र दीनदयाल निवासी गुलड़िया राधे के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## दो छात्रों के बीच शुरु हुए विवाद ने पकडा तूल

**पुलिस कार्रवाई को लेकर एक समुदाय ने जताया रोष**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** सीएन स्कूल में दो छात्रों के बीच शुरू हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया है। मामला दो गांवों के छात्रों के बीच का बताया जा रहा है। लेकिन हिंदू संगठन के हस्तक्षेप के बाद इसे सांप्रदायिक रंग देने के प्रयास के आरोप लग रहे हैं। माधोटांडा थाने में दिए प्रार्थना पत्र में दीपक बाथम उर्फ कैलाश चंद्र ने आरोप लगाया कि 20 अगस्त को पिपरिया संतोष निवासी समीर ने स्कूल में पढ़ने वाले अमित के साथ गाली गलौज और मारपीट की थी। इसी मामले में जानकारी लेने वे लोग अमित के गांव पिपरिया संतोष पहुंचे थे। आरोप है कि वहां समीर, उसके भाई, पिता इकरार शाह और अन्य लोगों ने उन्हें घेरकर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थना पत्र में पथराव किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। जबकि दूसरे पक्ष के लोगों का कहना है कि उक्त लोग हिन्दू संगठन के साथ मिलकर घर पर चढ़ाई करने आए थे। घटना के बाद पुलिस को शिकायत दी गई। वहीं, पुलिस की कार्रवाई को लेकर एक समुदाय विशेष में नाराजगी बताई जा रही है। लोगों का कहना है कि छात्रों के बीच हुए विवाद को आपसी स्तर पर सुलझाने के बजाय उसे सांप्रदायिक रूप देने से क्षेत्र का माहौल प्रभावित हो सकता है। मामले में पुलिस की निष्पक्ष कार्रवाई को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

**आयोजन** बिलसंडा ब्लॉक परिसर में आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

## भाजपा विधायक ने बिलसंडा में 566 दिव्यांगजनों को बांटे उपकरण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** बिलसंडा ब्लॉक परिसर में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान भाजपा विधायक विवेक वर्मा ने सैकड़ों दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए। एलिम्को कंपनी कानपुर के सहयोग से आयोजित इस शिविर में बीसलपुर और बिलसंडा ब्लॉक क्षेत्र के दूर-दराज गांवों से बड़ी संख्या में दिव्यांगजन पहुंचे। कार्यक्रम में विधायक विवेक वर्मा ने बताया कि एलिम्को द्वारा कुल 566 दिव्यांगजनों का पंजीकरण किया गया था। शिविर में दिव्यांगों की जरूरत के अनुसार बैटरी चालित रिक्शा, ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी और अन्य सहायक सामग्री प्रदान की गई। उपकरण पाकर दिव्यांगजनों के


दिव्यांगजनों को उपकरण बांटते विधायक विवेक कुमार वर्मा व अन्य। -जागरण मोर्चा

चेहरे खुशी से खिल उठे।

मीडिया से बातचीत करते हुए विधायक विवेक वर्मा ने कहा कि जो दिव्यांगजन किसी कारणवश इस शिविर में पंजीकरण कराने से छूट गए हैं, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। वे पीलीभीत के जिला अस्पताल में स्थित 'प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्र' पर जाकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं, ताकि उन्हें भी शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। इस दौरान जिला विकास अधिकारी संजय कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुमित यादव, बीसलपुर के एसडीएम नागेंद्र पाण्डेय, एलिम्को के उप प्रबंधक ऋषि राज, बीसलपुर बीडीओ सर्वेश कुमार और बिलसंडा बीडीओ अमित शुक्ला प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा बीसलपुर व बिलसंडा ब्लॉक प्रमुख, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि महीप सिंह चंदेल, ग्राम पंचायत अधिकारी पंकज शर्मा सहित दोनों ब्लॉकों के ग्राम प्रधान और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, मुकदमा दर्ज

**बीसलपुर।** पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दियोरिया कला कोतवाली क्षेत्र के गांव पकड़िया ता दियोरिया निवासी ओमप्रकाश ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसका बेटा सर्वेश घर के सामने खड़ा था तभी गांव निवासी अमित कुमार गाली गलौज करने लगा जिसे समझा बुझाकर शांत कर दिया गया बाद में अमित कुमार, अजीत, वेदप्रकाश, गोमती देवी लाठी डंडे लेकर दरवाजे पर गाली-गलौच करने लगे विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अमित कुमार, अजीत, वेदप्रकाश गोमती देवी पत्नी वेदप्रकाश निवासी पकड़िया ता दियोरिया के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## आखिरी सोमवार के लिए सज गए शिवालय

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** श्रावण मास के आखिरी सोमवार के लिए जलाभिषेक करने को शिव भक्तों में विशेष उत्साह बना हुआ है। शिवालय सज गए। गुलेश्वर नाथ मंदिर में शिवलिंग का गुलाब के फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया है। मठिया नाथ मंदिर में आखिरी सोमवार के लिए विशेष सजावट की गई है। कछला से गंगाजल लेने के लिए ग्राम जल्लापुर के कांवड़ियों का जत्था कछला के लिए रवाना हो गया। सपा महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव दिव्या गंगवार ने कावड़ियों स्वागत कर फल वितरित किए उन्होंने गांव में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में पूजन भी किया। ग्राम खाकूमा के ग्रामीणों का जत्था भी कछला से गंगाजल लेने के लिए गुलेश्वर


बाबा गुलेश्वर नाथ मंदिर के शिव लिंग को गुलाब के फूलों से सजाता भक्त।

नाथ मंदिर परिसर से रवाना हुआ। महंत धर्मेंद्र पुरी नबताया कि आखिरी सोमवार के लिए पूजन की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई। भगवान भोलेनाथ की आराधना को लेकर क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। इसी क्रम में ग्राम, पिपरिया संजरपुर से 50 श्रद्धालु कांवड़ियों का जत्था कछला गंगा घाट से जल लेकर वापस लौटा। श्रद्धालु सोमवार को खोला गोकर्णनाथ पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। जत्थे के व्यवस्थापक गौरी शंकर गंगवार ने बताया कि यह यात्रा पूरी तरह श्रद्धा, आस्था और भगवान भोलेनाथ के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सभी कांवड़िया अनुशासन एवं धार्मिक मर्यादाओं का पालन करते हुए पदयात्रा कर रहे हैं। यात्रा मार्ग में श्रद्धालु हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से वातावरण को शिवमय बनाए रखेंगे। उन्होंने बताया कि जत्थे में कपूरी, महंत नोखेलाल, धीरेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल रहेंगे।

# पहले दिन भारत ने पांच विकेट पर 300 रन बनाए, पडिक्कल का शतक; गिल का अर्धशतक

**एजेंसी न्यूज**

**कोलंबो।** देवदत्त पडिक्कल के लगातार दूसरे टेस्ट शतक की बदौलत भारत ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन का खेल खत्म होने तक 85 ओवर में 5 विकेट पर 300 रन बना लिए। पडिक्कल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 193 गेंदों पर 117 रन बनाए, जिसमें 12 चौके शामिल रहे। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने भी अर्धशतक जमाया। उन्होंने 108 गेंदों पर 50 रन की पारी खेली, जिसमें छह चौके शामिल थे। गिल और पडिक्कल के बीच तीसरे विकेट के लिए 120 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई।

पडिक्कल ने धैर्य और संयम के साथ बल्लेबाजी करते हुए अपने टेस्ट करियर का शानदार शतक पूरा किया। यह उनका लगातार दूसरा टेस्ट शतक है। उनकी 117 रन की पारी ने भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

कप्तान शुभमन गिल ने भी अच्छी पारी खेली और 50 रन बनाए। हालांकि अर्धशतक पूरा करने के तुरंत बाद वह आउट हो गए। उन्हें श्रीलंका के तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो ने विकेट के पीछे कैच कराया। गिल के आउट होने के समय भारत का स्कोर 187 रन था।

भारत की ओर से यशस्वी जायसवाल ने 45 रन, जबकि रवींद्र जडेजा ने 43 रन की उपयोगी पारियां खेलीं। दोनों की पारियों ने भारतीय पारी को मजबूती दी। दिन का खेल खत्म होने तक ध्रुव जुरेल सात रन और सारांश जैन चार रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। श्रीलंका की ओर से असिथा फर्नांडो सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 46 रन देकर तीन विकेट हासिल किए।

भारत को पांचवां झटका फर्नांडो ने दिया। उन्होंने रवींद्र जडेजा को बोल्ड किया। वह 83 गेंदों में 43 रन बनाकर पवेलियन लौटे। अब ध्रुव जुरेल का साथ देने सारांश जैन आए हैं।



भारत को 281 के स्कोर पर चौथा झटका लगा। केशारा नुवांथा ने देवदत्त पडिक्कल को बोल्ड किया। वह 193 गेंद में 12 चौके की मदद से 117 रन बनाए। यह उनके टेस्ट करियर का दूसरा शतक रहा। फिलहाल ध्रुव जुरेल और रवींद्र जडेजा क्रीज पर हैं। ऋषभ पंत तीन रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुए थे।

भारत के युवा स्टार देवदत्त पडिक्कल ने श्रीलंका के खिलाफ लगातार दूसरे टेस्ट में दूसरा शतक जड़ दिया। यह उनके करियर का भी दूसरा शतक है। उन्होंने 168 गेंद में शतक पूरा किया। गॉल टेस्ट की पहली पारी में पडिक्कल ने 167 रन बनाए थे। वह शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। गॉल टेस्ट की दूसरी पारी में उन्होंने 44 रन बनाए थे। अब कोलंबो में पहली पारी में एक और शतक जड़ दिया। धीरे धीरे वह नंबर तीन पर अपना दावा मजबूत करते जा रहे हैं और साई सुदर्शन की वापसी मुश्किल कर दी है। पडिक्कल ने रवींद्र जडेजा के साथ 50 से ज्यादा रन की साझेदारी भी कर ली है। इससे पहले ऋषभ पंत रिटायर्ड होकर पवेलियन लौट गए थे। उनकी कलाई पर चोट लगी है।

वहीं, शुभमन गिल 50 रन बनाकर आउट हुए थे। केएल राहुल 18 रन और यशस्वी जायसवाल 45 रन बनाकर पवेलियन लौटे। भारत ने तीन विकेट पर 270 से ज्यादा रन बना लिए हैं।

भारत ने तीन विकेट पर 249 रन बना लिए हैं। फिलहाल रवींद्र जडेजा 29 रन और देवदत्त पडिक्कल 91 रन बनाकर क्रीज पर हैं। दोनों के बीच अब तक 42 रन की साझेदारी हो चुकी है। इससे पहले ऋषभ पंत तीन रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुए थे। उन्हें कलाई पर चोट लगी। श्रीलंका के लिए असिथा फर्नांडो ने दो विकेट और लाहिरू कुमारा ने एक विकेट लिया है।

भारत को 207 के स्कोर पर नुकसान पहुंचा। भारत की पारी के 58वें ओवर में पहली गेंद पर लाहिरू कुमारा की शॉर्ट ऑफ लेंथ गेंद को पंत ने पुल करने की कोशिश की। पर गेंद उनके हाथ पर जा लगी। इसके बाद वह काफी दर्द में दिखे। उनकी कलाई की हड्डी पर गेंद लगी। फीजियो दौड़ते हुए आए। उन्होंने पंत की कलाई पर आइसिंग भी की। उनकी कलाई पर टेप भी बांधी गई, फिर हटा लिया गया। इसके बाद पंत ने वापस पवेलियन जाने का फैसला किया। वह रिटायर्ड हर्ट हुए और रवींद्र जडेजा बल्लेबाजी के लिए आए।

भारत ने तीन विकेट पर 200 से ज्यादा रन बना लिए हैं। फिलहाल देवदत्त पडिक्कल 78 रन और ऋषभ पंत तीन रन बनाकर क्रीज पर हैं।

# आउट होने के बाद यशस्वी जायसवाल ने खोया आपा

## असिथा फर्नांडो से हुई बहस; आईसीसी लगा सकता है जुर्माना

**एजेंसी न्यूज**

**कोलंबो।** भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दौरान एक विवाद में फंस गए हैं। आउट होने के बाद श्रीलंकाई तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो के साथ हुई तीखी बहस के दौरान जायसवाल का हेलमेट फर्नांडो के माथे से टकरा गया। इस घटना के चलते उन पर आईसीसी की आचार संहिता के तहत कार्रवाई हो सकती है।

यह घटना दूसरे टेस्ट के पहले दिन के पहले सत्र में हुई। असिथा फर्नांडो ने शानदार इनस्विंग गेंद पर जायसवाल को 45 रन के स्कोर पर आउट किया। इसके बाद फर्नांडो ने उन्हें विदाई दी, जिस पर जायसवाल नाराज हो गए। पवेलियन लौटते समय जायसवाल अचानक पीछे मुड़े और फर्नांडो से बहस करने लगे। दोनों खिलाड़ियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। इसी दौरान जायसवाल का हेलमेट फर्नांडो के माथे से संपर्क में आया। स्थिति बिगड़ती देख श्रीलंकाई कप्तान धनंजय डी सिल्वा ने बीच-बचाव कर दोनों खिलाड़ियों को अलग किया।

भारतीय बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने घटना पर कहा कि संभव है कि जायसवाल को कुछ कहा गया हो और यह सब 'हीट ऑफ द मोमेंट' में हुआ हो।



हालांकि, उन्होंने यह भी माना कि जायसवाल को विपक्षी खिलाड़ी के इतने करीब नहीं जाना चाहिए था। कोटक ने कहा कि मैदान पर भावनाएं हावी हो सकती हैं, लेकिन खिलाड़ियों के बीच शारीरिक संपर्क नहीं होना चाहिए।

श्रीलंका के तेज गेंदबाजी कोच रयान वान नीकेर्क ने भी इस मामले को मैच रेफरी के ऊपर छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के बीच हुई बहस भावनाओं का नतीजा हो सकती है और इस मामले को मैच रेफरी ही देखेंगे। इस मुकाबले के मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट हैं। वह आईसीसी की आचार संहिता के आर्टिकल 2.12 के तहत मामले की जांच कर सकते हैं। यह नियम अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी अन्य खिलाड़ी के साथ अनुचित शारीरिक संपर्क से संबंधित है।

अगर जांच में यशस्वी जायसवाल को लेवल-1 के उल्लंघन का दोषी पाया जाता है, तो उन्हें आधिकारिक चेतावनी दी जा सकती है। इसके अलावा उन

# बाजार में बिकवाली का असर: शीर्ष 10 में से चार कंपनियों का घटा मार्केट कैप

## भारती एयरटेल को सबसे ज्यादा नुकसान

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में गिरावट के बीच पिछले सप्ताह देश की सबसे मूल्यवान 10 कंपनियों में से चार का कुल मार्केट वैल्यूएशन 87,960.29 करोड़ रुपये घट गया। इनमें भारती एयरटेल को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स 468.42 अंक यानी 0.60 प्रतिशत गिरा, जबकि एनएसई का निफ्टी 114 अंक यानी 0.46 प्रतिशत नीचे रहा।

रिलायंस ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और शोध प्रमुख अजित मिश्रा ने कहा, "भारतीय शेयर बाजार ने सप्ताह का अंत सतर्क रुख के साथ किया। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, वैश्विक बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी और लगातार भू-राजनीतिक अनिश्चितता ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। इससे बाजार में हालिया गिरावट का दौर जारी रहा।"

शीर्ष 10 कंपनियों में भारती एयरटेल के मार्केट वैल्यू में सबसे ज्यादा गिरावट आई। उसका मार्केट कैप 28,052.96 करोड़ रुपये घटकर 12,14,963.15 करोड़ रुपये रह गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के मार्केट कैप में 22,070.34 करोड़ रुपये की कमी आई और यह 8,31,436.51 करोड़ रुपये रह गया।

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मार्केट कैप 20,861.20 करोड़ रुपये घटकर 9,64,968.76 करोड़ रुपये रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 16,975.79 करोड़ रुपये घटकर 4,73,912.56 करोड़ रुपये रह गया।

हालांकि, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मार्केट कैप में 12,650 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह 5,35,980.31 करोड़ रुपये पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 8,119.53 करोड़ रुपये बढ़कर 17,78,175.59 करोड़ रुपये हो गया। वहीं, लार्सन एंड टुब्रो का मार्केट कैप 3,487.83 करोड़ रुपये बढ़कर 5,62,460.94 करोड़ रुपये पहुंच गया।

बजाज फाइनेंस का मार्केट कैप 3,424.28 करोड़ रुपये बढ़कर 6,80,621.62 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 752.47 करोड़ रुपये बढ़कर 10,18,330.45 करोड़ रुपये हो गया। एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 356.95 करोड़ रुपये बढ़कर 11,21,159.05 करोड़ रुपये पहुंच गया।

मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है। इसके बाद भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

# विदेश जाने वाले यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी, जानें 1 सितंबर से एयरपोर्ट पर कौन सा झंझट हो जाएगा खत्म

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** देश के बाहर जाने वाले हवाई यात्रियों को सरकार ने एक बहुत बड़ी राहत दी है। अब विदेशों की यात्रा करने वाले यात्रियों को बोर्डिंग पास पर स्टैम्प (मुहर) लगवाने के झंझट से पूरी तरह मुक्ति मिलने जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले आव्रजन ब्यूरो (ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन-बीओआई) ने फैसला किया है कि आगामी 1 सितंबर से देश के सभी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर बोर्डिंग पास पर मुहर लगाने (फिजिकल स्टैम्पिंग) की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया जाएगा। इस ऐतिहासिक कदम से न केवल एयरपोर्ट पर यात्रियों का कीमती समय बचेगा, बल्कि आव्रजन (इमिग्रेशन) प्रक्रिया भी पहले से कहीं अधिक तेज और सुगम हो जाएगी।




आव्रजन ब्यूरो (बीओआई) ने हवाई अड्डा प्राधिकरणों को भेजे अपने आधिकारिक निर्देश में स्पष्ट किया है कि इमिग्रेशन काउंटर पर बोर्डिंग पास पर मुहर लगाने की यह प्रक्रिया यात्रियों के लिए बड़ी असुविधा का कारण बन रही थी। इसके अलावा, कई बार मुहर ठीक से न लगने (गलत या अधूरी स्टैम्पिंग) की वजह से बोर्डिंग पास को सिस्टम द्वारा री-स्कैन करने में तकनीकी त्रुटियां और गलतियां भी सामने आ रही थीं। इन व्यावहारिक समस्याओं और समय की बबार्दी को देखते हुए गृह मंत्रालय ने इस पारंपरिक और असुविधाजनक प्रक्रिया को पूरी तरह समाप्त करने का निर्णय लिया है।

1 सितंबर से लागू होने वाले नए नियम के अनुसार, विदेश यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को अब अपने स्मार्टफोन पर केवल ई-बोर्डिंग पास दिखाना होगा। इमिग्रेशन क्लियरेंस काउंटर पर तैनात अधिकारी आपके डिजिटल बोर्डिंग पास को सीधे स्कैन कर इमिग्रेशन मंजूरी दे देंगे। इसके साथ ही, जिन यात्रियों के पास प्रिंटेड या कागज वाले बोर्डिंग पास मौजूद होंगे, वे भी स्वीकार किए जाएंगे। हालांकि, अधिकारियों द्वारा उन फिजिकल बोर्डिंग पासों पर भी कोई स्टैम्प नहीं लगाया जाएगा।

कई यात्रियों को यह उलझन हो सकती है कि क्या सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ द्वारा बोर्डिंग पास पर मुहर लगाई जाएगी। सुरक्षा अधिकारियों ने साफ किया है कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) द्वारा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों श्रेणियों के यात्रियों के बोर्डिंग पास पर स्टैम्प लगाने की प्रक्रिया कई साल पहले ही बंद की जा चुकी है। सीआईएसएफ के जवान केवल सुरक्षा जांच के दौरान पहचान सुनिश्चित करने के लिए बोर्डिंग पास देखते हैं, इसलिए यात्रियों को सुरक्षा गेट पर किसी स्टैम्पिंग की चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है।

पासपोर्ट पर इमिग्रेशन एंट्री और एक्जिट स्टैम्पिंग को लेकर क्या है सरकार का अगला प्लान?

बोर्डिंग पास पर स्टैम्पिंग बंद करने के बाद सरकार हवाई यात्रा को पूरी तरह डिजिटल और संपर्क-रहित बनाने के लिए एक और बड़ा पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने की योजना बना रही है। इसके तहत भारतीय पासपोर्ट धारकों के पासपोर्ट पर लगने वाले आव्रजन प्रवेश और निकासके भौतिक थप्पों (स्टैम्प्स) को भी खत्म किया जाएगा। इस पायलट प्रोजेक्ट के सफल होते ही देश के सभी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर पासपोर्ट स्टैम्पिंग का नियम भी इतिहास बन जाएगा।

भारत सरकार का यह नीतिगत कदम नागरिक उड्डयन क्षेत्र को आधुनिक और वैश्विक मानकों के

# विश्व व्यापार में बड़ा भूचाल

## कनाडा-अमेरिका में ट्रेड वॉर भारत को मिलेगा लाभ, किन क्षेत्रों को लाभ के आसार?

**बिजनेस डेस्क, टोरंटो/नई दिल्ली/वाशिंगटन।** अमेरिका-कनाडा में व्यापार वार्ता बिना समझौता टूटने के बाद शनिवार से 20 अरब डॉलर के कनाडाई उत्पादों पर 50% अमेरिकी टैरिफ लागू हो गया है। इससे दोनों देशों में ट्रेड वॉर शुरू हो गया है और कनाडाई पीएम मार्क कार्नी ने अमेरिका को डॉलर के बदले डॉलर देने का एलान किया है।



कनाडा की जगह ले सकेंगे भारतीय उत्पाद

इस ट्रेड वॉर को अमेरिकी-कनाडाई मीडिया ने भारत के लिए मौका बताया है। भारत को इसका लाभ ट्रेड-डायवर्जन नीति के तहत मिल सकता है। वाशिंगटन पोस्ट ने लिखा है कि अमेरिका जब भी किसी एक देश पर भारी टैरिफ लगाता है, तो अमेरिकी आयातक अक्सर वैकल्पिक आपूर्तिकर्ता तलाशते हैं, जिससे भारत जैसे प्रतिस्पर्धी देशों को कुछ लाभ मिल सकता है।

बड़े भूचाल का सीधा व परोक्ष लाभ भारतीय उद्यमियों को

अमेरिकी बाजार में कनाडाई सामान की जगह भारतीय उत्पाद ले सकते हैं। इनमें ऑटो कंपोनेंट्स और आईटी सेक्टर प्रत्यक्ष लाभ में रहेंगे। विश्व व्यापार में आए इस बड़े भूचाल का सीधा व परोक्ष लाभ भारतीय अर्थव्यवस्था, निर्यातकों और आईटी सेक्टर को मिलने के पूरे आसार हैं। कनाडा के द ग्लोब एंड मेल ने कहा, जो सामान अमेरिका जाता था अब उसे सस्ते दामों पर भारत भेजने की अच्छी संभावनाएं हैं। कनाडा अब नए बाजार खोलेगा, जिसमें भारत प्रमुख होगा।

अमेरिका से टैरिफ के बावजूद लाभ

अमेरिकी टैरिफ-नीति से भारत भी अछूता नहीं है। 23 जुलाई को अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ने सेक्शन 301 के तहत भारत पर अतिरिक्त 10% टैरिफ लगाया, जो प्रभावी है। हालांकि यह कई प्रतिस्पर्धी देशों से कम है। भारतीय निर्यात संगठन ने इसे भारत सरकार के कदमों को अमेरिकी मान्यता के रूप में देखा है।










जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।